स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
5 जून, 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 284 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net





## देश में 1 मार्च, 2027 से शुरू होगी जनगणना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** देश में जनगणना 1 मार्च, 2027 से शुरू होगी। इस बार जनगणना में जाति का कॉलम भी होगा। हर घर पहुंचकर जनगणना में जुटे कर्मचारी सभी की जाति भी पूछेंगे। बर्फबारी वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना अगले साल अक्टूबर में ही शुरू हो जाएगी। इनमें लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल है।

बाकी राज्यों में एक मार्च, 2027 से इसकी शुरुआत होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार इस बार दो चरणों में जनगणना करवा रही है। इसमें सवालों की लंबी लिस्ट शामिल होगी, जिसमें जाति और उप-जातियों पर भी सवाल शामिल होंगे। 30 अप्रैल को मोदी सरकार ने

### दो चरणों में होगी गिनती

कैबिनेट बैठक में जाति जनगणना करवाने का फैसला लिया था। सरकार ने बताया था कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीतिक दबाव में न आए, यह निर्णय लिया गया है कि जाति गणना को एक अलग सर्वेक्षण के रूप में आयोजित करने के बजाय मुख्य जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था। आखिरी बार साल 2011 में जनगणना करवाई गई थी। इसके बाद 2021 में कोरोना महामारी की वजह से जनगणना को टाल दिया गया था। विपक्ष लगातार जाति जनगणना करवाने की मांग करता रहा है। कैबिनेट में मुहर लगने के बाद विपक्षी दलों ने भी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया था।

## आरसीबी : रोड शो के दौरान भगदड़, 11 की मौत 33 घायल

**बंगलूरू।** बेंगलुरु में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की विक्ट्री परेड में भगदड़ मच गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि भगदड़ के दौरान 11 लोग मारे गए हैं। 33 लोग घायल हुए हैं, जो खतरे से बाहर हैं। सिद्धारमैया ने कहा, 'विधानसभा में जब आरसीबी टीम पहुंची तो विधानसभा के बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया।'

सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी सुरक्षा मुहैया कराना थी। इसके बाद क्रिकेट एसोसिशन को संभालना चाहिए था। स्टेडियम में एक छोटा गेट था। वहां बहुत सारे लोग जमा थे। उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया, जिसकी वजह से भगदड़ मची। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु भगदड़ पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों की बेहतरी के लिए प्रार्थना करता हूं।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि यह एक युवा और उत्साही भीड़ थी, ऐसे में लाठीचार्ज नहीं किया जा सकता। डीके शिवकुमार ने आगे कहा, मैंने पुलिस कमिश्नर और सभी से बात की है, मैं बाद में अस्पताल भी जाऊंगा। मैं उन डॉक्टरों को परेशान नहीं करना चाहता जो मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। अभी सही संख्या नहीं बताई जा सकती, हम लोगों से शांत रहने की अपील करते हैं। हमने कार्यक्रम छोटा कर दिया, पूरा कार्यक्रम 10 मिनट में ही खत्म हो गया। हम सब कुछ सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं... यहां पर लाखों लोग आए थे। जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ पर चश्मदीद महेश ने बताया कि, विराट कोहली और आरसीबी टीम को देखने के लिए बहुत से लोग आए थे। बहुत सी लड़कियों ने गेट को धक्का देकर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने की कोशिश की। मैंने तीन लड़कियों को गिरते देखा, किसी ने उन्हें नहीं बचाया.. पुलिस भी असहाय थी क्योंकि बहुत सारे लोग आए थे। बंगलूरू पुलिस की ओर से पहले ही सलाह दी गई थी कि केवल वैध टिकट या पास रखने वालों को ही स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा।



### मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और इसे पूरा करने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि स्टेडियम में इतनी बड़ी भीड़ आ जाएगी। स्टेडियम की क्षमता सिर्फ 35 हजार लोगों की है, जबकि विक्ट्री सेलिब्रेशन कार्यक्रम में दो से तीन लाख लोग आ गए। सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, मैं इस घटना का बचाव नहीं करना चाहता। हमारी सरकार इस पर राजनीति नहीं करेगी। मैंने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और 15 दिन का समय दिया है। लोगों ने स्टेडियम के गेट भी तोड़ दिए। भगदड़ मच गई। किसी को इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। स्टेडियम की क्षमता केवल 35,000 लोगों की है, लेकिन 2-3 लाख लोग आए।

## कर राजस्व में हिस्सा बढ़ाना चाहते हैं राज्य : पनगढ़िया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सोलहवें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को कहा कि देश के 28 में से 20 से अधिक राज्यों ने आयोग से केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व वितरण को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का आग्रह किया है। देश के विभिन्न राज्यों में परामर्श यात्रा के तहत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे 16वें वित्त आयोग

### 16वें वित्त आयोग के साथ यूपी ने भी मांग उठाई

के चेयरमैन पनगढ़िया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान में राज्यों को कर राजस्व का 41 प्रतिशत मिलता है जबकि बाकी हिस्सा केंद्र के पास जाता है। इससे पहले लखनऊ के लोकभवन में आयोजित 16वें वित्त अयोग की बैठक में यूपी सरकार ने केंद्रीय करों में हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की। साथ ही यूपी ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड दिये जाने की मांग उठाई। अपनी मांगों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने आयोग को मांग पत्र भी सौंपा। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। पनगढ़िया ने संवाददाताओं से कहा, 'पिछले वित्त आयोग ने राज्यों के लिए कर राजस्व में 41 प्रतिशत हिस्सा और केंद्र के लिए 59 प्रतिशत भाग निर्धारित किया था।' उन्होंने कहा, अन्य राज्य सरकारों की तरह उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राजस्व में हिस्सेदारी को मौजूदा 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। देश के 28 में से 22 से अधिक राज्यों ने यही मांग की है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रपति को भेजी जाने वाली वित्त आयोग की सिफारिशों में इसे शामिल किया जाएगा या नहीं। इससे पहले, अपने संबोधन में पनगढ़िया ने कहा कि अभी तक यह परंपरा रही है कि वित्त आयोग की सिफारिशों को यथावत स्वीकार किया जाता था। 16वें वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। इसका प्राथमिक कार्य एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के साथ-साथ राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण की सिफारिश करना है। आयोग द्वारा 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट पेश किये जाने की संभावना है। इसकी सिफारिशें वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।



## देश में मानसून की चाल पड़ी धीमी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली। 16 साल बाद अपने तय समय से पहले दस्तक देने वाले मानसून की रफ्तार अब धीमी पड़ गई है। मानसून को वापस अपनी रफ्तार पकड़ने में थोड़ा वक्त लग सकता है। भारतीय मौसम

### अगले हफ्ते से फिर पकड़ेगा रफ्तार

विभाग का कहना है कि, बंगाल की खाड़ी में एक नया मौसम तंत्र बनने की संभावना है, जिससे मानसून दोबारा सक्रिय होगा। फिर देश के शेष हिस्सों में आगे बढ़ेगा। दरअसल, इस वर्ष मानसून ने 24 मई को केरल में समय से पहले दस्तक दी। यह पिछले 16 वर्षों में सबसे जल्द शुरुआत रही। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि, मानसून की चाल में उतार-चढ़ाव आना मौसम की सामान्य विशेषता है। करीब चार महीने तक चलने वाले इस मानसूनी सीजन में कभी जोरदार बारिश तो कभी सुस्ती का दौर चलता है। लेकिन इस बार चौंकाने वाली बात यह है कि सीजन की शुरुआत में ही यह ठहराव आ गया है, जो आमतौर पर देखने को नहीं मिलता। इससे देशभर में रोजाना की बारिश की मात्रा में भारी गिरावट आई है। हालांकि पूर्वोत्तर भारत में हो रही भारी बारिश के कारण देशभर की औसत वर्षा अभी तक सामान्य बनी हुई है। लेकिन दक्षिण और मध्य भारत, जहां से मानसून आमतौर पर रफ्तार पकड़ता है, वहां पिछले तीन दिनों में बहुत कम बारिश हुई है। कमजोर मानसूनी दौर अगले सप्ताह के मध्य तक जारी रह सकता है।

## रणनीतिक संबंधों को मजबूती देंगे भारत और ऑस्ट्रेलिया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने बुधवार को भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपने रणनीतिक

### राजनाथ से मिले रिचर्ड मार्लेस

संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के प्रति नई दिल्ली की दृढ़ प्रतिक्रिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के समर्थन की सराहना की। इससे पहले रिचर्ड मार्लेस ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पहुंचकर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस को दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत समेत चार देशों के दौरे पर हैं। मार्लेस भारत के अलावा मालदीव, श्रीलंका और इंडोनेशिया के दौरे पर हैं। रिचर्ड मार्लेस का दक्षिण एशिया दौरा 2 जून को शुरू हुआ था।



रिचर्ड मार्लेस के भारत दौरे को लेकर भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त ने कहा कि मार्लेस का यह भारत दौरा, दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर मार्लेस का भारत दौरा हो रहा है। जिसने दोनों पक्षों के बीच, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में, गहरे रक्षा संबंधों को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। बैठक के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर लिखा कि ऑस्ट्रेलियाई उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ बैठक में भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की समीक्षा की गई। इनके नेतृत्व में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग मजबूत हो रहा है और यह हमारी रणनीतिक साझेदारी का अहम स्तंभ बनकर उभरा है।

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के एकमत समर्थन के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया को धन्यवाद देता है।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री

### आपरेशन सिंदूर पर संग्राम के आसार

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव संभव

किरेन रिजिजू ने बुधवार को नई दिल्ली में इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि यह सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। रिजिजू ने कहा- सरकार नियमों के तहत सत्र में किसी भी विषय पर चर्चा को तैयार हैं। साथ ही बताया कि सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश हो सकता है। सरकार ने मानसूत्र सत्र का ऐलान विपक्ष के विशेष सत्र की मांग के बीच की है। विपक्ष पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सीडीएस अनिल चौहान के भारतीय जेट गिरने पर सिंगापुर में दिए बयान पर चर्चा की मांग कर रहा है। इंडिया गठबंधन के 17 दलों ने 3 जून को नई दिल्ली में बैठक की। इसमें स्पेशल सेशन बुलाने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा।

## पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की ताकत को बताया अहम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री परिषद की बैठक में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत में बने स्वदेशी हथियारों ने अपनी

### केन्द्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में मेक इन इंडिया पर जोर

ताकत दिखाई है और साबित कर दिया है कि वे किसी भी विदेशी हथियार से कम नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' के तहत बनाए गए रक्षा उपकरण और हथियार आने वाले समय में सरकार की प्राथमिकता रहेंगे। उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा कि वे बड़े लक्ष्य तय करें और तेजी से काम करें ताकि देश की तरक्की के लिए तय लक्ष्यों को जल्द हासिल किया जा सके। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें बताया गया कि इस कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है। यहां तक कि पाकिस्तान ने भी खुद इस नुकसान को स्वीकार किया है। इस बैठक में केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों की चुनिंदा और बड़ी उपलब्धियों की जानकारी भी दी गई। कहा गया कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर, जो कि 9 जून से शुरू होगी, ये सफलताएँ जनता तक पहुंचाई जाएंगी।

## 'लिविंग हेरिटेज साइट' बनेगी दिल्ली विधानसभा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विधानसभा अपने आप में एक विशाल इतिहास को समेटे हुए है। इसे देखते हुए इसे 'लिविंग हेरिटेज साइट' के रूप में तब्दील करने की कोशिश हो रही है जिससे दिल्ली आने वाले पर्यटक और दिल्लीवासी विधानसभा के गौरवशाली इतिहास के बारे में जान सकें, उसे देख सकें। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर इस योजना को आगे बढ़ने के लिए मंत्रालय का सहयोग और दिशा निर्देश मांगा। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विजेंद्र गुप्ता से अपनी मुलाकात में इस योजना में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

## 'अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब सेना को बदनाम करना नहीं'

**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर इलाहाबाद उच्च

### राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट की फटकार

न्यायालय की फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में लखनऊ की एक अदालत द्वारा जारी समन के खिलाफ गांधी द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें भारतीय सेना के लिए अपमानजनक बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है।



## पूर्वोत्तर में बाढ़ से और बिगड़े हालात, अब तक 43 मौतें, सात लाख लोग प्रभावित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** मानसूनी बारिश से पूर्वोत्तर में आई बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। असम में ब्रह्मपुत्र और बराक समेत

### असम के 11 जिलों के लिए यलो अलर्ट

15 से अधिक छोटी-बड़ी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कई राज्यों में बहुत बड़ा क्षेत्र बाढ़ की चपेट में है। लगभग 7 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, हजारों मकान ध्वस्त या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। हजारों लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अब तक 43 लोगों की जान भी जा चुकी है। असम और मेघालय में भारी तबाही देखने को मिल रही है। दोनों ही राज्यों में बाढ़ की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। असम में 21 जिले बाढ़ की चपेट में है और 6.32 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। स्थानीय मौसम केंद्र ने 11 जिलों में आंधी-तूफान और बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। सड़क, रेल और फेरी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।



## हज यात्रा के पहले दिन मक्का पहुंचे 10 लाख मुसलमान

**रियाद।** हर साल दुनियाभर के लाखों मुस्लिम तीर्थयात्री इस्लाम के पांच फर्ज़ में से एक 'हज' करने के लिए मक्का जाते हैं, जो इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने धू अल हिज्जा के आठवें और 12वें दिन के बीच होता है। इस साल यह 4 जून से 9 जून के बीच होगा। आज (बुधवार, 4 जून को) हज शुरू होते ही 10 लाख से भी ज्यादा मुस्लिम तीर्थयात्री मक्का पहुंचे और इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। बड़ी बात यह है कि यह धार्मिक आयोजन ऐसे वक्त में हो रहा है, जब पूरा सऊदी अरब प्रचंड गर्मी की मार झेल रहा है और मक्का का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फॉरेनहाइट) को पार कर चुका है। हज के पहले दिन सफेद लिबास में और नंगे पांव संगमरमर की फर्श पर लाखों मुस्लिम तीर्थयात्रियों को धीरे-धीरे काबा की परिक्रमा करते देखा गया। काबा इस्लाम का सबसे पवित्र स्थल माना गया है, जो मक्का की ग्रैंड मस्जिद (मस्जिद अल-हरम) के बीचों बीच काले रंग की एक घनाकार इमारत है। इसे पवित्र बैत अल्लाह (ईश्वर का घर) के रूप में जाना जाता है। सऊदी अरब की सरकारी मीडिया ने खबर दी है कि अन्य लोग मक्का के बाहरी इलाके में स्थित मीना के विशाल तंबू शहर में पहुंचने लगे हैं, जहां वे गुरुवार को हज के मुख्य पड़ाव - माउंट अराफात पर प्रार्थना से पहले रात बिताएंगे। ऐसा माना जाता है कि पैगंबर मोहम्मद ने यहीं अपना अंतिम उपदेश दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हज से पहले करीब 14 लाख तीर्थयात्री सऊदी अरब पहुंचे हैं।



## न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं : सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बी.आर. गवई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना हो सकती है, लेकिन किसी भी व्यवस्था में न्यायपालिका

### कहा जज किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहें

की स्वतंत्रता से समझौता नहीं होना चाहिए। न्यायाधीशों को किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहना चाहिए। सीजेआई ने कहा- 1993 से पहले भारत में जजों की नियुक्ति का अंतिम फैसला सरकार के पास होता था और इस दौरान दो बार ऐसा हुआ जब सरकार ने सीनियर जजों को नजरअंदाज कर किसी और को मुख्य न्यायाधीश बना दिया। वहीं, उन्होंने रिटायर जजों के चुनाव लड़ने पर भी सवाल किया।

सीजेआई गवई लंदन में यूके सुप्रीम कोर्ट की ओर से आयोजित राउंड-टेबल में बोल रहे थे। इस चर्चा में भारत से जस्टिस विक्रम नाथ और यूके की सुप्रीम कोर्ट की जज बैरोनेस कार और जज जॉर्ज लेगैट भी शामिल हुए।

गवई ने कहा कि 1964 में जस्टिस सैयद जाफर इमाम को खराब स्वास्थ्य के चलते मुख्य न्यायाधीश नहीं बनाया गया और उनकी जगह पी.बी. गजेन्द्र गडकर को नियुक्त किया गया। वहीं 1977 में जस्टिस एच.आर. खन्ना को इमरजेंसी के दौरान सरकार के खिलाफ फैसला देने पर नजरअंदाज कर दिया गया। जस्टिस खन्ना ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि आपातकाल के दौरान भी नागरिकों के मौलिक अधिकार खत्म नहीं होते, जिसे तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने पसंद नहीं किया। इसके बाद 1993 और 1998 में सुप्रीम कोर्ट ने यह तय किया कि मुख्य न्यायाधीश और चार सीनियर जज मिलकर कॉलेजियम बनाएंगे, जो जजों की नियुक्ति की सिफारिश करेगा। गवई ने बताया कि 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन (एनजेएसी) कानून को रद्द कर दिया क्योंकि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करता था। यह कानून केंद्र सरकार ने कॉलेजियम की जगह लागू करने की कोशिश की थी।

सीजेआई गवई ने यह भी कहा कि रिटायरमेंट के बाद जजों का सरकार से कोई पद लेना या चुनाव लड़ना गंभीर नैतिक चिंता का विषय है। इससे जनता में यह संदेश जा सकता है कि फैसले भविष्य की पद-लाभ की उम्मीद में दिए गए थे।





स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# केडी सिंह बाबू स्टेडियम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर मंडलायुक्त ने जताई नाराजगी

## स्मार्ट सिटी के तहत कराए गए कार्यों में कई खामियां, ठेकेदार को लगाई फटकार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जॉगिंग ट्रैक की खराब हालत और साफ-सफाई में लापरवाही को देखकर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि ट्रैक की मरम्मत तत्काल प्रभाव से कराई जाए और उसकी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि उस पर धूल और गंदगी न जमे। साथ ही उन्होंने क्रिकेट स्टेडियम की पुरानी व जर्जर सिटिंग कुर्सियों को हटाकर गुणवत्ता पूर्ण कुर्सियाँ लगाए जाने के भी निर्देश दिए। स्टेडियम की दीवारों की पेंटिंग और टूटी हुई टाइल्स को बदलने का




कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने मंडलायुक्त को बताया कि स्टेडियम परिसर स्थित हॉस्टल में चेंबर चोक होने के कारण सीवेज की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर मंडलायुक्त ने जीएम जलकल को फोन पर ही निर्देशित किया कि सीवेज की सफाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए और निकला मलबा तुरंत हटवाया जाए। उन्होंने स्टेडियम के बेहतर रख-रखाव के लिए तकनीकी मैनपावर की नियुक्ति सुनिश्चित करने का भी आदेश अधिकारियों को दिया। मंडलायुक्त ने बताया कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत स्टेडियम में सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक, वॉलीबॉल कोर्ट, टेनिस ग्राउंड, बहुउद्देशीय क्रीड़ा संकुल, क्रिकेट पिच, टॉयलेट, मीटिंग हॉल, ताईक्वांडो हॉल, हाई मास्क लाइट, बॉक्सिंग हॉल एवं पवेलियन का जीर्णोद्धार किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता पाया गया तो जिम्मेदार एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# एयरोस्पेस और डिफेन्स को मिलेगी ऊड़ान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने डिफेन्स एवं एयरोस्पेस सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 'एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया को नामित किया है। राज्य के 6 डिफेन्स नोड (अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट) विकास के केंद्र बनेंगे। इन क्षेत्रों में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए अपार संभावनाएं हैं। इसके माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, स्थानीय उत्पादन और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी नामित किया है। इसे लेकर एसओपी को लागू किया गया है, जिससे निवेश प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, अनुमोदन की तीव्रता और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके।

# 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति से प्रदेश बना निवेशकों की पहली पसंद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उद्योग विभाग ने बताया है कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ईज ऑफडूइंग बिजनेस नीति ने राज्य के

### रोजगार, निवेश और औद्योगिक विकास को नई रफ्तार

औद्योगिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। विदेशी और घरेलू निवेशकों के लिए कारोबारी माहौल को सरल, पारदर्शी और तकनीक-सम्मत बनाकर प्रदेश सरकार ने उद्योग स्थापना और रोजगार सृजन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रदेश सरकार के उद्योग विभाग के अनुसार, व्यापार करने में आसानी से जुड़े मानकों पर काम करते हुए 43 विभागों की 487 से अधिक सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन किया जा चुका है। इससे न केवल व्यापारियों और उद्यमियों को समयबद्ध स्वीकृतियाँ प्राप्त हो रही हैं, बल्कि श्रम कानूनों, भूमि आवंटन, निर्माण स्वीकृति, पर्यावरण मंजूरी और कर भुगतान जैसी जटिल प्रक्रियाएं भी सरल हुई हैं। एक छत के नीचे सभी आवश्यक अनुमतियों की सुविधा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में 'निवेशी सारथी पोर्टल' विकसित किया है, जिसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार डिज़ाइन किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से उद्योग लगाने की अनुमति से लेकर संचालन तक की समस्त प्रक्रियाएँ ऑनलाइन की जा चुकी हैं। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त 98 प्रतिशत से अधिक आवेदन निस्तारित हो चुके हैं, जिससे 12.5 लाख से अधिक कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हो पाए हैं। उद्योगपतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, निरीक्षण और अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसी प्रक्रियाओं को भी डिजिटल माध्यम से सरल किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा किए गए ढांचागत सुधारों और व्यावसायिक सुगमता के कारण सैमसंग जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों सहित देश की अनेक बड़ी औद्योगिक इकाइयाँ उत्तर प्रदेश में अपने कारखाने स्थापित कर रही हैं। इससे न केवल राज्य के कुशल और अकुशल श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं को भी स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) तथा विश्व बैंक द्वारा तैयार बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के तहत वर्ष 2019 की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ने देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। 4674 से अधिक रेगुलेटरी कम्प्लायंस को हटाकर व्यापारिक प्रक्रियाओं को सहज बनाया गया है। राज्य सरकार का मानना है कि औद्योगिक विकास ही समृद्ध प्रदेश की नींव है। इसी सोच के तहत प्रदेश में उद्योग स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, अवस्थापना सुविधाओं के विकास से लेकर उद्यमियों के लिए विनियामक बोझ कम करने तक अनेक निर्णायक कदम उठाए गए हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में की गई यह पहल प्रदेश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को बचाना सभी की जिम्मेदारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगे को लेकर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश) डॉ.अरुण कुमार सक्सेना, चेयरमैन रविंद्र प्रताप (प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड ) और मेंबर सेक्रेटरी संजीव कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके समारोह का शुभारम्भ किया। डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने लोगो से अपील करते हुए आवाहन किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक से बचना चाहिए क्योंकि यह हमारे पर्यावरण के लिए हानिकारक है। उत्तर प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन डॉ. रविंद्र प्रताप सिंह ने डा प्रतिभा सिंह द्वारा लिखी पुस्तक फ्रीडम फ्राम प्लास्टिक पैलूशन विथ वन थौट सलूशन का विमोचन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना के साथ किया। इस अवसर पर रवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्लास्टिक हमारी प्रकृति के लिए अभिशाप है, इससे धरती बंजर हो सकती है, हजारों जानवर हर साल इसको खाकर अपनी जान गवां देते हैं। प्लास्टिक के स्थान पर कागज़ और बांस से बनी चीजों का प्रयोग करना चाहिए। पर्यावरण अभियंता प्रवीण कुमार ने मंत्री अरुण कुमार सक्सेना का आभार जताते हुए कहा कि हम सभी को मंत्री जी द्वारा बताये गये सुझावों का अनुसरण करना चाहिए ताकि हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बना सके। सदस्य सचिव संजीव कुमार सिंह, मुख्य पर्यावरण अधिकारी राजेन्द्र सिंह, सी आर्या पर्यावरण इंजीनियर, रितेश तिवारी पर्यावरण अभियंता, रितेश कुमार मौर्या सहायक पर्यावरण अभियंता डॉ. अलका सिंह सहायक वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता उपस्थित रहे।

# असहायों के लिए शहर में चलाया गया रेस्क्यू अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी में जिला प्रशासन व निजी संस्था के आपसी सहयोग से सार्वजनिक स्थलों पर आश्रयहीन व असहाय व्यक्तियों का पुनर्वासन कर इनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अभियान 4 जून से 8 जून तक चलेगा। पहले दिन के अभियान में राजधानी में दो रूटों पर असहायों का रेस्क्यू किया गया। पहले रूट के अन्तर्गत स्वास्थ्य भवन से इमामबाड़ा, केजीएमयू, दुबग्गा तक तथा दूसरे रूट में बसंतकुंज, नाका से आलमबाग तक क्षेत्रों में अभियान का संचालन हुआ। पहले दिन के अभियान में जिलाधिकारी विशाख जी. व संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था बब्लू कुमार द्वारा इमामबाड़ा क्षेत्र के आसपास स्वयं उपस्थित होकर रेस्क्यू अभियान का भौतिक रूप से निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी व अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध द्वारा रूट संख्या दो के अन्तर्गत बसंतकुंज से आलमबाग तक के क्षेत्रों में रेस्क्यू अभियान का पर्यवेक्षण किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अभियान के दौरान सम्बधित क्षेत्र के अपर पुलिस उपायुक्त, अपर नगर मजिस्ट्रेट, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त क्षेत्र के थाना प्रभारी, स्वैच्छिक संस्था अपना घर आश्रम, उम्मीद संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें। पहले दिन के अभियान में कुल 34 व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया जिसमें 2 बच्चे, 4 महिलाएं और 28 पुरुष/वृद्धजन है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि पहले दिन के अभियान में जिनको रेस्क्यू किया गया है उन सभी को जियामऊ रैनबसेरे में रखा गया है। रेस्क्यू किये गये व्यक्तियों की साफ-सफाई कराते हुए उन्हें नए वस्त्र, परिधान व भोजन भी उपलब्ध कराया गया। रेस्क्यू किये गये व्यक्तियों की निर्धारित प्रारूप पर सूचना संकलित करायी जा रही है। रेस्क्यू किये गये व्यक्तियों की काउन्सलिंग की जा रही है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों का स्थाई निवास की जानकारी प्राप्त हो जायेगी, उन व्यक्तियों को उनके मूल स्थाई पते पर पुनर्वासन की कार्यवाही पूर्ण की जाए एवं ऐसे व्यक्ति जिनको स्थाई पते की जानकारी नहीं है, उन व्यक्तियों को स्वैच्छिक संस्था अपना घर आश्रम के शेल्टर होम में आश्रय प्रदान करते हुए पुनर्वासित कराया जाए। जिलाधिकारी ने भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अपर नगर आयुक्त ने बताया कि अभियान के दौरान सुबह-शाम के समय विभिन्न चौराहों पर सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। जैसे ही कोई भी संदिग्ध गतिविधि या बच्चे की भिक्षावृत्ति करते हुए फुटेज प्राप्त होती है, तत्काल उस क्षेत्र की टीम को सूचना देगी हुए कार्यवाही की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों की फुटेज को सेफसिटी भेजा गया है जहां से इसे व्यक्तियों को ट्रेस करने की कार्यवाही की जाएगी।

# मई में आबकारी विभाग ने कमाया रिकॉर्ड 5451 करोड़

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष

### अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई

2025-26 के माह मई में आबकारी विभाग ने 5451.22 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है। यह आंकड़ा निर्धारित लक्ष्य 4900 करोड़ रुपये की तुलना में 111.25 प्रतिशत की प्राप्ति को दर्शाता है। मंत्री के अनुसार, यह उपलब्धि पिछले वर्ष की तुलना में भी बेहतर रही है। मई 2024 में विभाग ने इसी लक्ष्य के सापेक्ष 4593.44 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था। मौजूदा वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 9770.68 करोड़ रुपये की प्राप्ति हो चुकी है। राजस्व वृद्धि के साथ-साथ अवैध मदिरा के खिलाफ कार्रवाई में भी विभाग सक्रिय रहा। मई 2025 तक प्रदेश भर में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी से जुड़े कुल 19,800 अभियोग दर्ज किए गए। इस दौरान 5.47 लाख लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 18.53 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के तहत 3,681 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 716 को जेल भेजा गया। साथ ही, तस्करी में प्रयुक्त 27 वाहनों को भी जब्त किया गया। मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि मई 2024 की तुलना में इस वर्ष सभी प्रमुख सूचकों में वृद्धि दर्ज हुई है। पिछले साल मई तक 18,026 मामले दर्ज हुए थे और 5.03 लाख लीटर अवैध शराब पकड़ी गई थी। उस समय 4,330 गिरफ्तारियां हुई थीं, जिनमें से 1,466 को जेल भेजा गया था और 37 वाहन जब्त किए गए थे। बरामद शराब की कीमत तब 13.48 करोड़ रुपये थी। प्रदेश सरकार का दावा है कि यह डबल इंजन की सरकार की ईमानदार, पारदर्शी और सख्त कार्यप्रणाली का परिणाम है, जिससे राजस्व वृद्धि के साथ-साथ कानून व्यवस्था पर भी सख्त नियंत्रण बना हुआ है।

# कांग्रेस ने बनाये विधानसभा प्रभारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** शहर कांग्रेस कमेटी दक्षिणी के अध्यक्ष डॉक्टर शहजाद आलम के नेतृत्व एवं लखनऊ कोऑर्डिनेटर संजीव पांडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मनीष जायसवाल को लखनऊ पश्चिम विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया। साथ ही माया सिंह, बाकर मेहंदी को बीकेटी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीति किया गया। इस अवसर पर दिनेश पांडे , मोहम्मद फैसल ,गुड्डू राजपूत, मोहम्मद उबेद ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अजय वर्मा, नीलम दीक्षित, मेहंदी हसन , तनवीर फातिमा , जमाल खान , शिवम पांडे सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। डॉक्टर शहजाद आलम ने वार्डो की कमेटी गठित करने के लिए दावेदारों से चर्चा करते हुए उन्हें टास्क भी दिया।

# सामूहिक विवाह में आवेदकों की संख्या बढ़ी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर प्रदेश सरकार हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। अब इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों की संख्या बढ़ गयी है। क्योकि सरकार ने इस योजना के लिए आय की सीमा भी बढ़ाकर

### हर जोड़े पर खर्च हो रहे एक लाख रुपए

3 लाख रुपए कर दिए हैं। बीते माह एक सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 1200 जोड़ों का विवाह संपन्न किया जा चुका है। सहायता राशि में बढ़ोतरी के बाद समाज कल्याण विभाग और जिला स्तरीय अधिकारी आवेदकों के सत्यापन में जुट गए हैं। समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश है कि जल्द से जल्द पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए। जिससे हर वास्तविक पात्र को योजना का लाभ मिल सके। सभी जिलों में पारदर्शी और सटीक तरीके से आवेदन की जांच की जाए, साथ ही स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत और आंगनबाड़ी केंद्रों के सहयोग से पात्र जोड़ों की पहचान की जा रही है। सरकार ने अब आय सीमा को बढ़ाकर 3 लाख रुपये वार्षिक कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के अधिक से अधिक परिवार इस योजना के दायरे में आ सकें। आवेदन की जांच में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को वरियता दी जा रही है। लखनऊ, प्रयागराज, मेरठ, आगरा, झांसी समेत सभी मंडलों में समाज कल्याण अधिकारियों की टीमों ने वार्ड और ग्राम स्तर पर संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। अब प्रति नवविवाहित जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। इसमें 60,000 रुपये कन्या के बैंक खाते में जमा होंगे। 25,000 रुपये की उपहार सामग्री तथा 15,000 रुपये विवाह समारोह के आयोजन में खर्च हो रहे हैं। यह योजना उन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से नहीं कर पाते थे। बीते आठ वर्ष में इस योजना के तहत 4,76,207 गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न हो चुके हैं। इसमें 2.20 लाख से दलित परिवारों की बेटियों की शादी कराई गई है। वहीं पिछड़े वर्ग के 1.30 लाख परिवार और अल्पसंख्यक वर्ग के 40 हजार से अधिक परिवार इसके लाभार्थी बने हैं।

# स्कूल चलो अभियान और आरटीई दाखिलों की स्थिति पर विशेष निगरानी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की एक

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा की व्यापक समीक्षा बैठक सम्पन्न

महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त के.के. सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, अपर शिक्षा निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आरटीई सत्र 2025-26 के अंतर्गत लखनऊ में 18093 बच्चों को स्कूलों में आवंटन किया गया था, जिनमें से अब तक 12125 बच्चों ने दाखिला लिया है। 3627 बच्चों के अभिभावकों ने पसंदीदा स्कूल न मिलने के कारण दाखिला लेने से इनकार कर दिया, जबकि शेष 2341 दाखिलों की प्रक्रिया जारी है। मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मामलों में दाखिला न लेने का कारण स्कूल पसंद न आना बताया गया है, उनके अभिभावकों की सूची बनाकर क्रॉस चेकिंग कराई जाए ताकि किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी का खुलासा किया जा सके। प्रथम चरण के स्कूल चलो अभियान के तहत लखनऊ में कक्षा 1 से 8 तक कुल 1,35,902 विद्यार्थियों का नामांकन दर्ज किया गया है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि बच्चों के आधार कार्ड बनवाना प्राथमिकता में रखा जाए जिससे दाखिला प्रक्रिया सहज हो सके। साथ ही, शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर सर्वे कर बच्चों को स्कूल लाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि ÷एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाए, यह हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में माध्यमिक शिक्षा की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लखनऊ के 27 माध्यमिक विद्यालयों में यूपी नेडा द्वारा सोलर पैनल लगाए गए हैं जो शत-प्रतिशत संचालन में हैं। मंडलायुक्त ने विद्यालयों में करियर गाइडलाइंस कार्यक्रम के तहत करियर मेलों के आयोजन और बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि ऐडेड स्कूलों का भी सरकार की योजनाओं से समन्वय स्थापित कर जीर्णोद्धार कराया जाए। बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया गया। हर विद्यालय में 'शक्ति मंच' के गठन के साथ-साथ विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका हेल्थ कार्ड तैयार करने और पोषण व कुपोषण से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई।

# कुकरैल नदी के पुनर्जीवन के प्रयास तेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी. द्वारा कुकरैल नदी के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर नदी पुनर्जीवन हेतु किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

### डीएम ने अपने निरीक्षण में कई अहम निर्देश दिए

किया गया। जिलाधिकारी ने सौमित्र वन पहुंच कर किए जा रहे कार्यों का जायज़ा लिया। नगर निगम के उद्यान अधिकारी ने बताया कि सौमित्र वन का निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है और जबकि इसी के सामने शक्ति वन का निर्माण नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के चीफइंजीनियर महेश वर्मा ने बताया कि शक्ति वन के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के सौमित्र वन की भांति शक्ति वन की भी सुरक्षात्मक बाउंड्री/फेंसिंग कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वृक्षारोपण भी समय से पूरा करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने आरआर बंधे व खुर्रम नगर बंधे के पास सिंचाई विभाग द्वारा कुकरैल नदी में डिसिल्टिंग के कार्य का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता सिंचाई द्वारा बताया गया कि दोनों ही बंधों के स्लज निकलने का कार्य एवं डिसिल्टिंग का कार्य प्रगति पर हैं। निकाले गए स्लज का निस्तारण नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। डीएम ने डिसिल्टिंग कार्य को बारिश के मौसम से पहले पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया कि डीपीआर में कुकरैल नदी में जल की वार्षिक उपलब्धता सुनिश्चित करने की रूपरेखा समाहित हो। इसके लिए उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया। जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों के सम्बन्ध में डीपीआर को जिला गंगा समिति से अनुमोदित कराकर आगे की कार्यवाही के लिए संबंधित को भेजा जाए।

## खबर एक नज़र

### पूजन-अर्चन कर बांटा प्रसाद




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** हनुमंत की पूजन-अर्चन कर सुख- समृद्धि का आशीर्वाद लिया। रामनगर में बद्री सराफा ने साथ ही ठंडा प्याऊ की मशीन का उद्घाटन कर आलू पूरी छोले चावल बूंदी का प्रसाद वितरित किया। पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया,पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी गुड्डू रहे। मौके पर बद्री नारायण गुप्ता, यश गुप्ता, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा शामिल रहे।

### भंडारे का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बजरंग बली के विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ ही संजीव एंड एसोसिएट्स साइबर टावर विभूति खंड गोमती नगर द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। प्रसाद में बूंदी, पूड़ी सब्जी , छोले चावल, कढ़ी चावल, आम का पना, शरबत आदि चीज़ें वितरित की गई। भक्तों ने हनुमंत की पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

# किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम व गोष्ठियां आयोजित करें : धर्मपाल सिंह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंश के नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत देशी नस्ल की गायों के संरक्षण एवं संवर्धन को प्राथमिकता दी जाए। देशी

### पशुओं को संक्रामक रोगां से बचाव हेतु टीकाकरण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए

गाय के दूध की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए गिर, साहीवाल, थारपारकर, गंगातीरी एवं हरियाणवी जैसी देशी नस्ल की गायों के पालन हेतु किसानों और पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जाए। कृत्रिम गर्भाधान योजना के अंतर्गत सेक्सड सार्टेड सीमन पर बल दिया जाए, इसके लिए कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम से जुड़े लोगों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाए। श्री सिंह ने बुघवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास की बैठक करते हुए पशुधन क्षेत्र एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्षाऋतु के दृष्टिगत 15 जुलाई तक गोचर भूमियों पर हरा चारा बोया जाए। संक्रामक रोगों को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण कार्य हेतु लक्ष्य बनाकर आवश्यक तैयारियां पूरी की जाए और गलाघोटू, खुरपका, मुंहपका एवं अन्य रोगों से पशुओं का बचाव व सुरक्षा की जाए। गोकाष्ठ की मशीने हर गोशाला में उपलब्ध कराई जाए। श्री सिंह ने दुग्ध विकास के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नई दुग्ध समितियों के गठन का कार्य निरन्तर संचालित किया जाए। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम व किसान गोष्ठियां आयोजित की जाए। किसानों से संवाद और समन्वय स्थापित किये जाए। पराग के उत्पादों की मार्केटिंग पर विशेष बल दिया जाए और उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि गोसंरक्षण एवं गोआधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु गौ दुग्ध, गोबर, गोमूत्र के उपयोग के माध्यम से ग्रामीण आर्थिक स्वावलम्बन एवं दुग्ध विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जायेगा। उन्हांने आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पशुधन विभाग एवं दुग्ध विकास विभाग द्वारा किसानों एवं पशुपालकों के हित में जो भी लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, उनको ससमय पूर्ण कर लिया जाए।

# प्रदेश बौद्ध धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध : जयवीर

## कम्बोडिया, लाओस पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड एवं वियतनाम की फैम ट्रिप करा रहा प्रदेश का पर्यटन विभाग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश पर्यटन विभाग और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) कार्य योजना के अंतर्गत पांच आसियान देशों के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के प्रमुख स्थलों की यात्रा कर रहे हैं। यह यात्रा 'फैम ट्रिप' (फैमिलियराइजेशन ट्रिप) के तहत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य बौद्ध सर्किट में आने वाले बौद्ध विरासतों को विश्व मानचित्र पर प्रदर्शित करना है। यह प्रयास भारत व दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग को सुदृढ़ करेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुये बताया कि राजधानी लखनऊ स्थित एक होटल में पर्यटन विभाग द्वारा आसियान देशों से आए प्रतिनिधियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रतिनिधियों को बौद्ध सर्किट से जुड़े स्थलों और प्रदेश की समृद्ध बौद्ध विरासत की विस्तृत जानकारी एक विशेष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की बौद्ध धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत करना है। उन्होंने बताया कि यात्रा के तीसरे दिन, कम्बोडिया, लाओस पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम से आए प्रतिनिधियों ने राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक स्थलों-बड़ा इमामबाड़ा, रूमी दरवाजा, भूलभुलैया सहित अन्य जगहों का भ्रमण किया। इस दौरान आगंतुकों ने स्थापत्य कला, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय व्यंजन को सराहा। तत्पश्चात, 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्रावस्ती के लिए रवाना हो गया। एक दिन पहले प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया कि बोधि यात्रा के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश के समृद्ध बौद्ध स्थलों और संस्कृति से परिचित कराया जा रहा है। यह पहल वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को विश्व मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे प्रयासों से राज्य को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।



स्वतंत्र भारत

# बिजली निजीकरण के विरोध में सड़क पर उतरे किसान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि इस भीषण गर्मी में प्रबंधन अनावश्यक

**अभियंताओं के उत्पीड़न से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा**

**पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति फैलाने का आरोप**

तौर पर बड़े पैमाने पर अभियंताओं का उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति फैला रहा है जिससे बिजली कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। बाइस किसान संगठनों ने बुधवार को प्रदेश के समस्त जनपदों में जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर पूर्वांचल विद्युत निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय रद्द करने की मांग की। संघर्ष समिति के आह्वान पर बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन प्रांत भर में जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि जब बिजली कर्मचारी और अभियंता शांतिपूर्वक आंदोलन के साथ-साथ भीषण गर्मी में उपभोक्ता सेवाओं को प्राथमिकता पर अटेंड कर रहे है तब पावर कारपोरेशन प्रबंधन अनावश्यक तौर पर वी सी के नाम पर 87 अभियंताओं पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करने में लगा है। इसके चलते ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण बन गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी और अभियंताओं की इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता सेवाओं की प्राथमिकता सबसे ऊपर है। तब पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष घंटों वीडियो कांफ्रेंसिंग करके अभियंताओं को डांटने फटकारने में लगे हैं। उपभोक्ता सेवाओं की दृष्टि से ही संघर्ष समिति ने वीडियो कांफ्रेंसिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था और पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को सूचित कर दिया था। इसके बावजूद पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं को चार्ज शीट दी है और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने कई अभियंताओं को दंडित करने की दृष्टि से उनका स्थानांतरण कर दिया है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के उतावलेपन में प्रबंधन औद्योगिक अशांति फैला रहा है, जिससे बिजली कर्मियों का गुस्सा और बढ़ रहा है। इधर निजीकरण के विरोध में बुधवार को प्रदेश के 22 किसान संगठनों ने साझा मंच बना कर समस्त जनपदों में जिलाधिकारी कार्यालयों और छोटे स्थान पर उप जिला अधिकारी कार्यालयों पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मुख्य मांग है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाए। उधर संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 189वें दिन बिजली कर्मियों ने समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

# विद्यार्थियों को मिले पुलिस व्यवस्था को समझने का अवसर : आनंदीबेन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने दो दिवसीय पीलीभीत भ्रमण के दौरान बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण

**कारागार में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, सेनेटरी डिस्ट्रॉयर मशीन, एलईडी टीवी एवं वाटर कूलर का फीता काटकर किया उद्घाटन**

किया। इस अवसर पर उन्होंने कारागार परिसर में स्थापित सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, सेनेटरी डिस्ट्रॉयर मशीन, एलईडी टीवी तथा वाटर कूलर का उद्घाटन किया और कहा कि ठंडा पानी पियें लेकिन पानी की बर्बादी हर हाल में रोकें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बंदियों को साड़ी एवं फल की टोकरी भेंट की। महिला बंदियों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि बच्चों को अनुशासन के साथ जीवन जीना सीखना चाहिए। विद्यार्थियों से कारागार भ्रमण के दौरान देखी गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और जेल भ्रमण के अनुभवों के आधार पर निबंध लिखकर राजभवन भेजने को कहा। उन्होंने बच्चों को उपहार भी भेंट किए और उन्हें भविष्य में पुनः जेल भ्रमण करने तथा महिला बंदियों से बातचीत कर उनके जीवन को जानने-समझने की प्रेरणा दी।उन्होंने बच्चों से जेल में बंदियों के भोजन तथा साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को थाना परिसरों का भी भ्रमण कराया जाए, जिससे वे पुलिस व्यवस्था को निकट से समझ सकें। साथ ही बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को मानसिक शांति एवं नैतिक जागरूकता हेतु धार्मिक व आध्यात्मिक चैनल दिखाए जाएं। दहेज प्रथा की चर्चा करते हुए उन्होंने इसे एक गंभीर सामाजिक अपराध बताया और कहा कि इसे समाप्त करने के लिए सामाजिक स्तर पर व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सास को अपनी बहू को बेटी के समान समझना चाहिए, तभी समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। देशभर में नारी सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। इस क्रम में उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे बंदियों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए, जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक है या जिनकी शेष सजा दो-तीन वर्ष है और जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं।

# प्राथमिक विद्यालयों में पोस्टरों की धूम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** क्या आपने कभी सोचा है कि वह बच्चा जो बोल नहीं सकता, सुन नहीं सकता या सामान्य बच्चों की तरह पढ़ने में कठिनाई महसूस करता है। क्या उसे वही प्यार, अधिकार

**1,32,716 स्कूलों तक पहुंचे 6 तरह के पोस्टर**

और अवसर मिल पाते हैं जो बाकी बच्चों को मिलते हैं? इसी सवाल का जवाब तलाशते हुए ऐसे बच्चों के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है, जो दिलों को छूने का प्रयास करता है।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किए गए 15,92,592 पोस्टरों के माध्यम से एक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सीएचसी व पीएचसी, बाल विकास केंद्रों और आशा केंद्रों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश के 1,32,716 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ये पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय को एक सेट (6 पोस्टर) उपलब्ध कराया गया है, जिनमें समावेशी शिक्षा और दिव्यांगता के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले संदेश शामिल हैं। यह पोस्टरों न केवल जानकारी देते हैं, बल्कि आत्ममंथन को प्रेरित करते हैं। इन पोस्टरों से यह स्वीकारने की प्रेरणा मिलती है कि समावेशी शिक्षा केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य के लिए आवश्यक है। यह भी समझ में आता है कि हर बच्चा खास है, लेकिन कुछ बच्चों को थोड़ा और खास समझे जाने की जरूरत है। 2,65,432 सेट्स में उपलब्ध इन पोस्टरों में प्रत्येक सेट में 6 प्रकार के पोस्टर शामिल हैं, जो बच्चों को संवेदनशीलता, आत्म-सुरक्षा और आत्म-सम्मान के प्रति जागरूकता में एक बड़ा कदम हैं। समेकित शिक्षा का लक्ष्य है कि दिव्यांग बच्चे भी अपने साथियों के साथ समान वातावरण में पढ़ें, जिससे उनके सर्वांगीण विकास में सहायता मिले। समेकित शिक्षा के तहत 3 लाख से अधिक विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। यूनिसेफ के सहयोग से इन पोस्टरों के माध्यम से स्कूलों में दिव्यांगता को लेकर सही दृष्टिकोण और संवेदनशीलता को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे न केवल इन बच्चों के अधिकारों की रक्षा होती है, बल्कि समाज में समानता की भावना भी मजबूत होती है। वहीं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि पहली बार है जब कोई सरकार पोस्टर को केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और संवाद की चिंगारी मान रही है। यह एक ऐसा प्रयास है जो किसी बजट, टेंडर या स्कीम से आगे जाकर समाज की सोच में बदलाव लाने की क्षमता रखता है।

## साइबर सुरक्षा से लैस होंगे जिला सहकारी बैंक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के 50 जिला सहकारी बैंकों और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को साइबर सुरक्षा कवच से लैस किया जाएगा। इसके लिए बैंकों को कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) आधारित क्लाउड प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किया जाएगा। जिससे ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी हर गतिविधि सुरक्षित और पारदर्शी होगी। इसके लिए तकनीकी क्षेत्र की अग्रणी टीसीएस और विप्रो जैसी कंपनियां सहयोग करेंगी। जानकारी के अनुसार नाबार्ड के सहयोग से संचालित इसमें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निगरानी एवं आर्थिक सहायता भी मिलेगी। खाता धारकों को यह विश्वास दिलाया जायेगा कि सभी सहकारी बैंक सुरक्षित, सशक्त एवं भरोसेमंद है। योगी सरकार न केवल तकनीकी कवच तैयार कर रही है, बल्कि आम जनता को साइबर जागरूकता के लिए विशेष अभियान भी चलाएगी।

# मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि : मंडलायुक्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक

**स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक में दिए कई निर्देश**

**अनुपस्थित सीएचओ की जगह एएनएम को किया जाए तैनात**

में संयुक्त विकास आयुक्त के.के. सिंह, अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. जी.पी. गुप्ता, सीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर व्यापक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, और सभी प्रकार की आपात व्यवस्थाएं मानक के अनुसार सक्रिय रहनी चाहिएं। उन्होंने अस्पतालों में



अग्निशमन यंत्र, फायर अलार्म, स्मोक एक्सट्रैक्टर, आपात निकासी मार्ग, फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट और विद्युत सुरक्षा की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) तैनात नहीं हैं या नौकरी छोड़ चुके हैं, वहां संबंधित एएनएम को निर्देशित किया जाए कि वे टीकाकरण दिवस छोड़कर बाकी दिनों में उपकेंद्र पर उपस्थित रहकर ओपीडी व अन्य कार्य संपादित करें। वहीं सीएचसी में रात्रिकालीन सेवाएं, प्रसव सेवाएं और अन्य ओपीडी सेवाएं प्रभावी ढंग से चालू रहें। उन्होंने सभी जिला अस्पतालों और सीएचसी में जन औषधि केंद्रों के संचालन की समीक्षा करते हुए कहा कि केंद्र पूरी क्षमता से काम करें और एफएसडीए (खाद्य सुरक्षा विभाग) द्वारा इनकी नियमित जांच हो। साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेजों में भी जन औषधि केंद्र खोले जाने के निर्देश दिए। डॉ. जैकब ने निर्देशित किया कि अस्पताल के हर वार्ड बॉय, ड्राइवर और सफाई कर्मी को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी जाए और समय-समय पर मॉक ड्रिल कराई जाए। बिजली की ओवरलोडिंग से बचने के लिए ट्रांसफॉर्मर और सर्किट ब्रेकर की क्षमता का आकलन कर आवश्यक सुधार किए जाएं। उन्होंने सभी अस्पतालों को फायर सेफ्टी और विद्युत सुरक्षा का वैध प्रमाणपत्र रखने के निर्देश दिए और कहा कि बिना प्रमाणपत्र संचालन कर रहे अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्गों को गोल्डन कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए लखनऊ जनपद में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों के कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में लखनऊ में 1,42,967 पात्र वृद्धों में से केवल 37,113 का ही गोल्डन कार्ड जारी हुआ है, जो लक्ष्य का एक तिहाई भी नहीं है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि इस वर्ग के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे सभी वृद्धजनों को मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने हेल्थ एटीएम की प्रभावी क्रियाशीलता, टीकाकरण सत्रों के साथ विशेष स्क्रीनिंग कैंप और एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत आयरन सिरप वितरण की निगरानी के भी निर्देश दिए।

## लखनऊ में एक और मिला करोना रोगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को एक 37 वर्षीय पुरुष बीबीडी ग्रीन सिटी अयोध्या मार्ग लखनऊ निवासी कोविड धनात्मक रोगी पाया गया। यह रोगी घर पर ही आइसोलेशन में रहने के साथ ही स्वस्थ है। इस तरह जनपद में अब तक कुल 6 कोविड धनात्मक रोगी पाए गए। दो रोगी स्वस्थ होने के बाद अब जिले में एक्टिव कोविड केसों की संख्या 4 है।

## जोशी एवं सावंत जाति पर सुनवाई 23 को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने जोशी तथा सावंत जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने के लिए 23 जून को सुनवाई करेगा। इन दोनों जातियों द्वारा आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने का अनुरोध किया है। आयोग के सचिव मनोज कुमार सागर ने बताया कि इस सुनवाई में पक्ष-विपक्ष के सभी व्यक्तियों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को अपने साक्ष्य एवं शपथ-पत्रों सहित उपस्थित होकर आयोग के समक्ष अपनी बात रखें।

# पावर कॉरपोरेशन की गलती पकड़ी, आयोग ने मांगा जवाब

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा संशोधित वार्षिक राजस्व आवश्यकता स्वीकार किए जाने के मामले पर जहां उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाते हुए बुधवार को विद्युत नियामक आयोग में एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल करते हुए कहा है कि प्रदेश की जनता मनगढत आकड़ों पर अपनी आपत्तियां व सुझाव दाखिल करेगी। इसके साथ जो मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 के तहत विद्युत नियामक आयोग द्वारा पूर्व में अनुमोदित आंकडे हैं, उस पर पावर कारपोरेशन ने जिस प्रकार से लगभग 10200 करोड़ के घाटे को 19 मई को सीधे 19600 करोड़ दिखाकर 30 प्रतिशत बिजली दरों में बढ़ोत्तरी आकंलित कर दी। क्या यह टैरिफ शॉक और एक नारेटिव बनाने की कोशिश नहीं है? इसको विद्युत नियामक आयोग ने कैसे आम जनता के बीच प्रकाशित कर, उस पर आपत्ति प्राप्त करने का आदेश दे दिया।

पावर कारपोरेशन जहां मनगढंत आंकडों के आधार पर आने वाले समय में बिजली कंपनियों के

**विद्युत सुधार में करोड़ों खर्च करने के बाद भी सुधार क्यों नहीं**

निजीकरण पर एक नारेटिव सेट करना चाहता था कि बिजली कंपनियां बहुत ही फिसड्डी हैं। उनकी वितरण हानियां और एटीएण्डसी हानियां अधिक हैं ,उन्हें कम लागत में बेचने का माहौल बनाने की कोशिश की गई थी, लेकिन विद्युत नियामक आयोग ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता स्वीकार करते उस समय जो आपत्तियां उठाईं। वह बिजली कंपनियों के गले की फांस बन गया। विद्युत नियामक आयोग ने सीधे बिजली कंपनियों पर आरोप लगाते हुए जवाब तलब किया कि अरबों खरबों खर्च हो गए और सुधार होने के बजाय बिजली कंपनी और फिसड्डी कैसे हो गई।

सुधार के लिए अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि विद्युत नियामक आयोग ने स्वतः मान लिया है कि बिजली कंपनियों के लिए विद्युत नियामक आयोग ने लास रिडक्शन में लगभग 16112 करोड़ अनुमोदित किया था, जिसमें वर्ष 2024 -25 के अंत तक बिजली कंपनियों ने लगभग 12693 करोड़ खर्च किया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए विद्युत नियामक आयोग ने 27342 करोड़ रुपया अनुमोदित किया। इसके बावजूद भी बिजली कंपनियों की एटीएण्डसी हानियां बढ़ गई यह कैसे हो सकता है? पावर कारपोरेशन ने बड़ी चालाकी से मनगढंत आंकडों के आधार पर घाटे को 19600 करोड़ रूपए केवल इसलिए दिखाए क्योंकि उन्हें पता है कि बिजली कंपनियों को बेचने के लिए बिजली कंपनियों की हालत खराब दिखाना पड़ेगा और यही बात विद्युत नियामक आयोग ने पकड़ ली। विद्युत नियामक आयोग को भी पता था एटीएण्डसी हानियां में बढ़ोत्तरी करके घाटा बढ़ाया गया है, फिर क्या था विद्युत नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन की गलती पकड़ ली और जवाब तलब कर लिया।

विद्युत नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन व बिजली कंपनियों से पूछा है कि इतना भारी भरकम खर्च होने के बावजूद भी आपकी दक्षता में कोई सुधार क्यों नहीं हुआ। कलेक्शन एफिशिएंसी के बारे में भी पूरा डिटेल मांगा है। साथ ही यह भी कहा है कि आप यह भी बताएं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने के बाद कलेक्शन एफिशिएंसी कितनी हो जाएगी।

# समूहों की महिलायें बाढ़ आपदा प्रबंधन मे भी देंगी योगदान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग/संस्थाओ के

**समूहों की महिलाओ को दिया जा रहा है बाढ आपदा प्रबन्धन विषयक प्रशिक्षण**

अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यो से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, के सहयोग से दिनांक 02 जून से 08 जून की अवधि में, संस्थान के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू के संरक्षण एवं अपर निदेशक, बीडी चौधरी के मार्ग निर्देशन में, बाढ़ आपदा से अति संवेदनशील राजस्व ग्रामों की, ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत, क्रियाशील समूह की महिलाओं की क्षमता संवर्धन हेतु, बाढ़ आपदा प्रबंधन विषयक सात दिवसीय आवासीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसमें बहराइच की 56समूह सखी महिलाएं तथा बस्ती की 40 समूह सखी महिलाएं, इस प्रकार कुल 96 महिलाओं द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जा रहा है। डा एस के सिंह द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ आपदा के दृष्टिगत प्रदेश के 44 जनपदों की 119 तहसीलों के कुल 2500 अति संवेदनशील राजस्व ग्रामों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन द्वारा बाढ़ आपदा न्यूनीकरण किया जाना है।

# चिंताजनक : बच्चों और सिस्टम दोनों के साथ छल

**शिक्षा परिदृश्य**

शिक्षा का अधिकार- राइट टू एजुकेशन (आरटीई) भारत में सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रावधान है। परन्तु, इस अधिनियम के तहत मिलने वाली सरकारी सहायता का दुरुपयोग निजी स्कूल कर रहे हैं, जिससे न केवल बच्चों का हक़ मारना हो रहा है बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता भी संकट में है।

हाल ही में प्राथमिक शिक्षक संघ के एक पदाधिकारी द्वारा जानकारी मिली है कि लखनऊ व इसके आसपास के गांवों में कई स्कूलों द्वारा इस तरह की धोखाधड़ी विभाग के कुछ अधिकारियों से मिलकर की जा रही है। स्कूल ने आरटीई पोर्टल पर 10 से अधिक बच्चों के दाखिले दर्ज कर सरकारी अनुदान प्राप्त किया, लेकिन जब जांच हुई तो वास्तविकता यह निकली कि यू-डायस.पोर्टल पर इन बच्चों के नाम तक दर्ज नहीं हैं। इसका मतलब साफ़ है कि दाखिले फर्जी हैं।

यह धोखाधड़ी न केवल सरकारी निधियों की हेराफेरी है, बल्कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति स्कूल की लापरवाही का भी परिचायक है। इस स्कूल का भवन जर्जर हालत में है, जहां सैकड़ों बच्चे पढ़ रहे हैं और कोई अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या केवल सरकारी पैसों के लिए बच्चों की जान खतरे में डाली जा सकती है? इस पूरे प्रकरण में प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। क्योंकि बार-बार शिकायतों के बाद भी ठोस कार्रवाई न होना यह दर्शाता है कि व्यवस्था कितनी कमजोर है। जब तक विभागीय जवाबदेही और पारदर्शिता नहीं आएगी, तब तक इस तरह के फ्रॉड रुकेंगे नहीं।

आरटीई का उद्देश्य है वंचित और पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा का समान अवसर देना। लेकिन जब स्कूल सिस्टम ही इस कानून का फायदा उठाकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करता है, तो सरकार को कड़ा रुख अपनाना होगा। यू-डायस.और आरटीई पोर्टल के बीच विसंगतियों की जांच हो। दोषी स्कूलों की मान्यता रद्द हो और कड़ी कार्रवाई हो। बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले। अगर हम इस गंभीर समस्या से आंखें मूंदे रहेंगे तो न सिर्फ सरकारी निधि बर्बाद होगी, बल्कि हमारे देश के भविष्य को गहरा नुकसान होगा। इसलिए जरूरी है कि शिक्षा विभाग और सरकार मिलकर इस पर सख्त नियंत्रण करें और बच्चों को उनका हक़ दिलाएं।

-राहुल वर्मा

## भारत गौरव विशेष ट्रेन कराएगी सात ज्योतिर्लिंग के दर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि0 (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव विशेष ट्रेन-7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन 30 जून से 11 जुलाई तक किया जा रहा है, जो 11 रात्रि एवं 12 दिन का पैकेज है। इसके चलते उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिलिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात में द्वारिकाधीश, भेटद्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नासिक में त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर के दर्शन के लिए यात्रा कराई जायेगी। इस ट्रेन में बैठने उतरने की सुविधा गोरखपुर जंक्शन, मनकापुर जंक्शन, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, ओरई, झांसी, ललितपुर उपलब्ध है।






स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net


# ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष का गंगा दशहरा आज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन ही भागीरथ गंगा को धरती पर लायें थे। इस दिन गंगा धरती पर अवतरण हुई थी जिसे हम गंगा दशहरा के नाम से मनाते है इस वर्ष गंगा दशहरा 5 जून को है।ज्योतिषाचार्य एस.एस.नागपाल ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार जेठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन हस्त नक्षत्र में मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर आई थी दशमी तिथि 4 जून को रात्रि 11.54 से प्रारंभ होगी और दशमी तिथि का समापन 6 जून की प्रातः 2.15 को होगा उदयातिथि अनुसार गंगा दशहरा 5 जून को मनाया जायेगा, इस साल हस्त नक्षत्र 5 जून को को प्रातः 03.35 से लेकर 6 जून को प्रातः 6.34 बजे तक रहेगा हस्त नक्षत्र, सिद्धि योग, रवि योग, चन्द्रमा कन्या राशि में सूर्य वृषभ राशि में होगा। इस योग में पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसे ''गंगावतरण'' भी कहते है गंगा दशहरा को गंगा आदि पवित्र नदियों में स्नान दान पुण्य का विशेष महत्व है।

# सम्मान समारोह का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सुरूर मोहम्मद अल हुदा की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया शुमाखर इंस्टिट्यूट एप्रुपरिएट टेक्नोलॉजी एंड रूरल डेवलपमेंट ने। मोहम्मद अल हुदा के जीवन और उनकी उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ए आई आर एफ के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा भाषण में कहा कि अल-हुदा सिर्फ एक व्यक्ति नही एक संस्थान थे। वह समाजवादी राजनेता और मानवतावादी थे उसका जीता जागता उद्धारण मैं स्वयं हूं कि जब में नौजवान था। इंडिया रेलवे यूनियन्स के अंतरगत एक भव्य सभा का आयोजन किया जाएगा। डा अनीस अंसारी पूर्व आईएएस ने कहा कि उन्होंने गरीबों के उत्थान के लिए अनेको संस्थाए बनाया। आयोजक डा फिरोज एम अल होदा ने बताया कि मेरे स्व पिता अच्छे साहित्यिक थे। अध्यक्षता सुरैया सिद्दीकी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के तौर पर अब्दुल वाहिद फारुकी गेस्ट ऑफ ऑनर शिव गोपाल मिश्रा, डॉ अनीस अंसारी ,चौधरी माजिद राणा नसीम अहमद अमीन अंसारी समेत 15 लोगों को सम्मानित किया गया।

# स्वस्थ बीज से बढ़ेगी किसानों की आय : शाही

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि यूपी में लगभग 65 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर आधारित है। फसलों को कीट, रोग, खरपतवारों तथा चूहों से बचाने के लिए बीज शोधन अभियान चलाया जा रहा है। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि महंगे रसायनों के प्रयोग से कृषि लागत में वृद्धि होती है और समय से रोग की रोकथाम न होने से उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उत्पादन में बीज जनित रोगों से बचाव के लिए बीज शोधन तकनीक का अत्यधिक महत्व है। सभी जनपदों में 25 मई से 25 जून तक बीज शोधन अभियान चल रहा है। इस अभियान में किसानों को बीज शोधन के लिए प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीज शोधन रसायन हेतु 2.5 ग्राम उपयुक्त रसायन, जैसे 2.5 ग्राम थीरम या 2.0 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत डब्लू0पी0 प्रति किलोग्राम बीज अथवा ट्राइकोडर्मा 5.0 ग्राम, प्रति किलोग्राम बीज की दर से एवं थोड़ी मात्रा में पानी को एक घड़े में डालें। इस घड़े के मुंह को किसी साफ कपड़े अथवा पालीथिन से ढक दे। जब बीज पर रसायन का भली भांति चिपक जाएँ तो उसे साफ फर्श पर रखकर 8-10 घंटे के लिए बोरे से ढक दें तथा इसके बाद इसे सूख जाने पर इस बीज का प्रयोग बुवाई में करें। कृषि मंत्री ने कहा कि बीज शोधन में रसायन की कम मात्रा के प्रयुक्त होने से पर्यावरण को कम नुकसान होता है।

# जीवन संघर्ष की कहानियों पर चर्चा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सोनी बीबीसी अर्थ जीवन संघर्ष की कहानियों और पर्यावरणीय सरोकारों से जुड़ी प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्रीज़ के लिए लाइफ बिलो ज़ीरो' का 11वां सीज़न प्रीमियर कर रहा है। अलास्का के दुर्गम इलाकों में मानवीय जिजीविषा और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियाँ दिखाई जाएंगी। यही नहीं, विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून और महासागर दिवस 8 जून के मौके पर भी विशेष प्रोग्रामिंग लाईन-अप तैयार की है। 16 जून को रात 10 बजे प्रीमियर होने वाला यह सीज़न जीवन के संघर्ष, आत्मनिर्भरता और प्रकृति से रिश्तों पर ज़ोर देता है। अर्थ फ्रॉम स्पेस हमारे ग्रह पर जीवन का एक अलग दृष्टिकोण प्रदान करने में मदद करता है। आर्कटिक वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को संबोधित करते हैं, प्लैनेट अर्थ 1 और 3 समुद्री जीवन के आश्चर्यजनक अनुकूलन और महत्वपूर्ण संरक्षण प्रयासों को प्रदर्शित करते हैं, और ब्लू प्लैनेट 2 बताता है कि पृथ्वी का सबसे बड़ा निवास स्थान महासागर तेजी से क्यों बदल रहा है। आर्कटिक में जीवित रहने की रोचक कहानियों के लिए लाइफ बिलो जीरो सीजन 11 का पूरे दिन विशेष पृथ्वी और महासागर दिवस वृत्तचित्र देखें।

# शिकंजा : अवैध टैक्सी स्टैण्ड, पार्किंग एवं जाम लगाने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से एक विशेष संयुक्त समिति का गठन किया गया है। जिसमें स्थानीय अपर नगर मजिस्ट्रेट, एसीपी व परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल हैं। समिति द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। गठित टीमों द्वारा राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों/मार्गों/चौराहों पर अवैध टैक्सी स्टैण्ड एवं सड़क के किनारे अवैध रूप से पार्क किये गये वाहन, मुख्य मार्ग एवं चौराहों पर सवारियों को उतारने एवं बैठानें वालें व्यवसायिक वाहनों तथा जाम की स्थिति उत्पन्न करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा होटल क्लार्क अवध के पीछे, घण्टा घर चौक, मडियांव सीतापुर रोड, पालीटेक्निक, अर्जुनगंज में अभियान चलाया गया। अभियान में मंगलवार को 16 बसों का चालान किया गया तथा 13 बसों को निरुद्ध किया गया। जबकि 25 यात्री वाहनों का चालान किया गया तथा 14 वाहनों को निरूद्ध किया गया।


स्वतंत्र भारत
## वर्गीकृत

### सार्वजनिक सूचना
मैं गोविंद पुत्र हरिश्चंद्र निवासी ग्राम ब्रह हनी पोस्ट फुरसतगंज, अमेठी अपने पुत्र सुमित को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज की तिथि से उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।
सी.आर.-491/D-30

### सूचना
मेरे हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक के अंक पत्रों / प्रमाण पत्रों मे मेरा नाम शर्मा अभिनव लिख गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या - 997125074774 और पैन कार्ड में मेरा नाम अभिनव शर्मा है जो कि सही है शर्मा अभिनव, और अभिनव शर्मा दोनों एक ही व्यक्ति हैं। अभिनव शर्मा पुत्र अनुपम शर्मा 702 कल्याण अपार्टमेन्ट, इंदिरा नगर लखनऊ।
सी.आर.-490/L-48

### सूचना
पहले मेरा नाम MANISH BIHARI AGARWAL था अब मैंने बदलकर अपना नाम MANESH BIHARI AGARWAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o: RAM PRASAD AGARWAL R/o: 713, RIKABGANJ AYODHYA UP 224001
सी.आर.-489/L-25

### सूचना
मैंने अपना नाम KM MAHAZABEEN SIDDIQUI से बदलकर MAHAZABEEN SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/o- MAQSOODUL HASAN SIDDIQUI ADD-652/2-1 DEVPUR RAJAJIPURAM ROAD NEAR JAI DURGE DIARY P.S-PARA DIST- LUCKNOW-226017 (U.P)
सी.आर.-489/L-25

### सूचना
मैं मिली मल्होत्रा पत्नी श्री बिपिन मलहोत्रा, निवासी-136, चन्द्रलोक कालोनी, अलीगंज, लखनऊ, उ.प्र., सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MILI SIKKA MALHOTRA रख लिया है, अतः आज से मुझे MILI SIKKA MALHOTRA के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।
सी.आर.-489/L-25

### सूचना
मैंने अपनी पुत्री का नाम अनिका भास्कर से बदलकर अनिका रख लिया है। भविष्य में उसे अनिका के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। संजीव कुमार भास्कर पुत्र दयाराम, निवासी- सरयू अपार्टमेंट, गोमतीनगर एक्सटेंशन, लखनऊ।
सी.आर.-485/L-28

### सूचना
मैंने अपनी पुत्री हर्षिता वर्मा उर्फ रिया को उसके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चलअचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सरोकार नहीं होगा।उमाशंकर वर्मा पुत्र स्व0 अशर्फी लाल, निवासी- 636/90, 6-प्रगतिनगर, तकरोही इंदिरानगर, लखनऊ।
सी.आर.-486/L-41

### सूचना
मेरे एक किता फ्लैट संख्या- डी- 404, टावर/ ब्लाक-डी, चतुर्थ तल, शालीमार गैलेण्ट, स्थित-इस्लामबाड़ी, वार्ड- शंकरपुरवा, तहसील व जिला-लखनऊ से सम्बन्धित मूल दस्तावेज सं.- 4038/16 है। वास्तव में कहीं खो गये हैं। राकेश कुमार सिंह पुत्र सिलास सिंह नि.- 505A, लोटस अपार्टमेन्ट, प्रयागराज उ.प्र.।
सी.आर.-481/L-37

### सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बीमा पॉलिसी संख्या 218866978 मे मेरा नाम विशाल दर्ज है जबकि बैंक व आधार कार्ड पर रिंकू नाम दर्ज है दोनों नाम मेरे ही है मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। रिंकू पुत्र विदेश निवासी ग्राम सोहरवा मजरा सण्डौर तहसील सिधौली जिला सीतापुर।
सी.आर.-484/D-42

### अदालती सूचना
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय लालगंज रायबरेली
वाद सं. टी201910580402204
शिवमोहन आदि..वादी/प्रार्थी बनाम सूर्यपाल आदि..प्रतिवादी/विपक्षी
बनाम– 1.सीमा देवी पत्नी दीपक कुमार नि. जंगल खुर्द मजरे जालापुर पर. भगवन्तनगर तह. बीघापुर जिला उन्नाव 2. कमलेश कुमार 3. धर्मेन्द्र कुमार पुत्रगण सूर्यपाल नि. ग्राम समोधा पर. सरेनी तह. लालगंज रायबरेली
चूंकि ऊपर नामांकित गणेश शंकर पुत्र शिवमोहन ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 229बी उ.प्र. ज.वि. अधिनियम अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 06.06.2025 ई. को दिन के 10 बजे पूर्वानह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णीत कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दि. 16.05.2025 ई. को जारी किया गया।
आज्ञा से, अहलमद/रीडर उपजिलाधिकारी लालगंज रायबरेली
सी.आर.-488/K-CN

### न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।
संख्याः 240/रीडर–टी0जी0/2025
दिनांकः 07 मई,2025
वाद संख्या डी 202510460001467
जे0एम0फाइनेंशियल एस्टेट रि0 क0 लि0 बनाम सत्याप्रकाश लक्ष्मीनरायन आदि
अं0धारा 14, सरफेसी एक्ट
थाना सरोजनीनगर, लखनऊ।
**नोटिस**
1. सत्य प्रकाश लक्ष्मीनारायन पता प्लाट खसरा सं0 23स का भाग, इब्राहिमपुर वार्ड इब्राहिमपुर परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर, लखनऊ उ0प्र0 व मकान नं0 5बी/बी44 वृदावन कालोनी, तेलीबाग रायबरेली रोड, इगनू लखनऊ व रंजीत नगर, नीलमथा रोड दुर्गापुरी मंदिर, लखनऊ।
2. शैलकुमारी एस द्विवेदी पता मकान सं0 5बी/बी44 वृदावन कालोनी, तेलीबाग, रायबरेली रोड लखनऊ व प्लाट खसरा सं0 23स इब्राहिमपुर वार्ड इब्राहिमपुर परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर, लखनऊ, उ0प्र0।
एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि जेएम फाइनेंशियल एस्टेट रिकन्स्ट्रक्शन क0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गय ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 19.06.2025 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(राकेश सिंह)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0)/अपर कलेक्टर लखनऊ।

### उत्तर रेलवे
**ई–ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन: | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0: | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16.06.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। E-Auction Module of www.ireps.gov.in 1650/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।
संख्याः 888/ए0डी0एम0(न्यायिक)/रीडर/2025
दिनांकः 02 अप्रैल,2025
वाद संख्या डी 202510460001460
पीरामल कैपिटल एण्ड हा0 फा0 लि0 बनाम सुधा सिंह आदि
अन्तर्गत धारा–14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी), 2002
तारीख पेशी–16.05.2025
**नोटिस**
1. सुधा सिंह पता मकान नं0 632 49, शंकर विहार कमता, लखनऊ उ0प्र0 व मकान प्लाट नं0 एफ–13बी, खसरा नं0 1967 का भाग लखनऊ उ0प्र0 व सी/ओ सुधा इंटरप्राइजेज, शाप नं0 631 10, शंकरपुरी कॉलोनी, हनुमान मार्केट कमता, लखनऊ व पता मकान नं0 12, फैजाबाद रोड, नरेन्द्री, जुग्गौर, लखनऊ उ0प्र0।
2. अर्पणा सिंह पता मकान नं0 632 49, शंकर विहार कमता, लखनऊ उ0प्र0।
एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि पीरामल कैपिटल एण्ड हा0 फा0 लि0 लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गय ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 19.06.2025 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(हनुमान प्रसाद मौर्य)
अपर जिलाधिकारी(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।
02.05.2025

### पूर्वोत्तर रेलवे
**ई-निविदा सूचना**
निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:–
**क्रम सं. -1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः 08-2025-कालोनी,** कार्य का नामः मुख्यालय स्थित विभिन्न हॉलों और कार्यालयों में वातानुकूलन की व्यवस्था हेतु विद्युत आपूर्ति की क्षमता में वृद्धि से संबंधित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 3,84,91,888/-, बयाने की राशिः ₹ 3,42,500/-, ई-निविदा फार्म का मूल्यः शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि सेः 06 माह।
• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 24-06-2025 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी
मुजाधि/विद्युत-54 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्र न करें।

### एफ0सी0जे0 फार्म नं0 13 भाग-1 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक महोदय, स्थान मोहम्मदी, जिला खीरी
वाद सं0 9597/2024
अलीरजा आदि
बनाम
शिशुपाल आदि
राजेश कुमार पुत्र हीरालाल निवासी महरताला तहसील गोला गोकर्णनाथ जिला खीरी
चूंकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफहेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 06 दिवस 10 को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकाली गयी।
न्यायालय
उपजिलाधिकारी/ मजिस्ट्रेट न्यायिक मोहम्मदी खीरी
सी.आर.-487/D-CN

### उत्तर रेलवे
**ई–ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.06.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14307-SLR-F1-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.06.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.06.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.06.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.06.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.06.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.06.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.06.2025 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1649/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अदालती सूचना
समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय उन्नाव
दी. वाद सं. 206 सन् 2025
जीतेन्द्र कुमार सिंह उम्र 44 वर्ष पुत्र रामेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रावतपुर परगना झलोत्तर अजगैन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव..वादी
बनाम– विनोद कुमार उर्फ विनोद गुप्ता उम्र लगभग 54 वर्ष पुत्र बालकृष्ण गुप्ता निवासी कस्बा नवाबगंज पछियांव परगना झलोत्तर अजगैन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव हाल निवासी म.नं. 30 शास्त्री नगर कुदरी रकाबगंज शास्त्री नगर पार्क शहर व जिला लखनऊ..प्रतिवादी
दावा आदेशात्मक निषेधाज्ञा
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.08.2025 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबेदही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 30.05.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय
सी.आर.-488/K-CN

### पूर्वोत्तर रेलवे
**निविदा सूचना सं. 02 वर्ष 2025-26**
अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदाएँ भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं:-
**कार्यों का विवरण : 1.** कन्नौज स्टेशन पर विविध सिंगनलिंग कार्य तथा गुड्स शेड/मानीमऊ को कनेक्ट करने हेतु निर्माणाधीन साइडिंग लाइन के लिए कन्नौज–अरोल खण्ड के सिगनल एवं दूरसंचार यूटिलिटी को शिफ्ट करना, **अनुमानित लागत : ₹** 3,16,71,446.65, **बयाना राशि : ₹** 3,08,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 9 माह। **कार्यों का विवरण : 2.** महत्वपूर्ण सिगनलिंग एवं दूरसंचार सर्किटों की विश्वसनीयता उन्नयन हेतु 16 किमी से अधिक सेक्शनल लम्बाई के शेष ब्लॉक सेक्शनों में अतिरिक्त ओ.एफ.सी. केबिल का प्रावधान (लालकुआँ–गूलरभोज, गूलरभोज–बाजपुर, लालकुआँ–हल्द्वानी एवं भोपतपुरा–बीसलपुर) और इज्जतनगर मंडल के रुद्रपुर सिटी–लालकुआँ खण्ड में सेफ्टी फेंसिंग के प्रावधान हेतु विविध दूरसंचार कार्य, **अनुमानित लागत : ₹** 2,26,25,490.86, **बयाना राशि : ₹** 2,63,100/-, **कार्य समापन अवधि :** 6 माह। **कार्यों का विवरण : 3.** इज्जतनगर मंडल में स्थापित Efftronics मेक डाटा लॉगर, आर.टी.यू. एवं सी.ओ.ए. सिस्टम की तीन वर्ष के लिए Comprehensive ए.एम.सी., **अनुमानित लागत : ₹** 2,70,71,584.68, **बयाना राशि : ₹** 2,85,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 36 माह। **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 26.06.2025 को 11:00 बजे। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।
वरि. मण्डल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,
मुजाधि/सिगनल-18 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### उत्तर रेलवे
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं० | 1171– वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 04.06.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | Sr.DEN-IV-LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत SLN, SLN-BDKN, MFKA, CHBS, HGH, CDRL & APG (कुल 59 संख्या) में परित्यक्त/पुराने रेल आवासों के बदले में टाइप–II रेल आवासों के निर्माण के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 72,54,747.06 (बहत्तर लाख चौवन हजार सात सौ सैंतालीस रुपये एवं छः पैसा) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,45,100/- (एक लाख पैंतालीस हजार एक सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 27.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं०–1171–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 04.06.2025 1658/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि.-पूरनपुर पीलीभीत — ई-निविदा सूचना
इस मिल समिति में वर्ष 2025-26 में निम्न सामानों की आपूर्ति एवं ठेके के कार्यों हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरान्त आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम व शर्तें विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की बेवसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6.55 तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 6.55 pm तक | टेक्नीकल/कामर्शियल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12.00 बजे तक | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नया जूस हीटर 170 मीटर$^2$ हीटिंग सर्फेस | 10.06.2025 | 22.06.2025 | 23.06.2025 | 20000.00 |
| 2. | फेब्रीकेशन एंड इरेक्सन कार्य | 10.06.2025 | 22.06.2025 | 23.06.2025 | 40000.00 |
| 3. | नया हाइड्रोलिक ग्रेब क्षमता 05 टन कम्पलीट | 11.06.2025 | 23.06.2025 | 24.06.2025 | 10000.00 |
| 4. | नया टी0आर0पी0फ0 रोलर | 11.06.2025 | 23.06.2025 | 24.06.2025 | 10000.00 |
| 5. | नया शुगर ग्रेडर 20 टन प्रतिघंटा (आपूर्ति एवं स्थापना) | 17.00.2025 | 30.06.2025 | 01.07.2025 | 50000.00 |
| 6. | नया ट्रांसमिशन गेयर पिनियन सहित मिल नं.-1 हेतु | 17.08.2025 | 30.06.2025 | 01.07.2005 | 25000.00 |
| 7. | डी0जी0 सेट 320KVA ग्रीब्स / क्यूमिन्स मेक | 20.06.2025 | 02.07.2025 | 03.07.2025 | 50000.00 |
| 8 | व्यायलर मसेनरी कार्य | 20.06.2025 | 02.07.2025 | 03.07.2025 | 10000.00 |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
पत्रांक : 245/लेखा/2025-26 दिनांक : 03-06-2025 प्रधान प्रबन्धक
सी.आर.-483/D

### अदालती सूचना
समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय उन्नाव
दी. वाद सं. 208 सन् 2025
जीतेन्द्र कुमार सिंह उम्र 44 वर्ष पुत्र रामेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रावतपुर परगना झलोत्तर अजगैन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव..वादी
बनाम– विनोद कुमार उर्फ विनोद गुप्ता उम्र लगभग 54 वर्ष पुत्र बालकृष्ण गुप्ता निवासी कस्बा नवाबगंज पछियांव परगना झलोत्तर अजगैन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव हाल निवासी म.नं. 30 शास्त्री नगर कुदरी रकाबगंज शास्त्री नगर पार्क शहर व जिला लखनऊ..प्रतिवादी
दावा आदेशात्मक निषेधाज्ञा
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.08.2025 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबेदही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 30.05.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय
सी.आर.-488/K-CN

### जन शिक्षण संस्थान,भदोही
कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय,भारत सरकार के सौजन्य
**निदेशक की आवश्यकता है**
**अनिवार्य योग्यता :–**
1.मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष संस्थान से स्नातक अथवा परास्नातक डिग्री 2. शिक्षा या सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रो में 7 वर्ष का पर्यवेक्षण अनुभव लेकिन आवश्यक नही। स्थानीय भाषा को बोलने एवं लिखने का ज्ञान।
**वांछनीय :**
1. व्यावसायिक डिग्री/डिप्लोमा 2. बी0बी0ए0 या एम0बी0ए0 डिप्लोमा डिग्री 3. शोध व मूल्यांकन कार्य की दक्षता 4. प्रशासन व प्रबन्धन/एकाउन्ट में अनुभव 5. टीम संगठन के नेतृत्व का अनुभव 6. अनुसंधान या शिक्षा के मार्गदर्शन/संचालन में अनुभव।
**आयु सीमा :** आवेदन की तारीख के अनुसार अधिकतम 55 वर्ष।
**नियम और शर्ते :–**
वेतनमान जन शिक्षण संस्थान के निर्देशिका के अनुसार समय समय पर तय किया जाएगा। पद को संविदा के आधार पर भरा जाएगा, जिसकी अधिकतम अवधि पॉच वर्ष की होगी इसमें पहला वर्ष परिवीक्षा काल होगा। कृपया संपूर्ण विवरण मय नाम,जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता मय श्रेणी व प्रतिशत, शैक्षिक व संबद्ध गतिविधियों, अन्य सह शैक्षिक गतिविधियों का कार्यानुभव,चरित्रा प्रमाण पत्र के साथ स्वयं हस्ताक्षरित पासपोर्ट फोटो मोबाइल नं0 सहित विज्ञापन जारी होने से तीस दिन के अन्दर
**चेयरमैन**
जन शिक्षण संस्थान भदोही को रजिस्टर्ड डाक द्वारा आवेदन करें।
चेयरमैन जन शिक्षण संस्थान मेंहीलाल विडिंल्ग अयोध्यापुरी कालोनी भदोही सन्त रविदास नगर 221401 उ0प्र0
मो० 9415649330, दूरभाष. (05414)225443
Email- jssbdh@gmail.com
सी.आर.-482/D

### अदालती सूचना
समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय उन्नाव
दी. वाद सं. 207 सन् 2025
जीतेन्द्र कुमार सिंह उम्र 44 वर्ष पुत्र रामेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रावतपुर परगना झलोत्तर अजगैन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव..वादी
बनाम– विनोद कुमार उर्फ विनोद गुप्ता उम्र लगभग 54 वर्ष पुत्र बालकृष्ण गुप्ता निवासी कस्बा नवाबगंज पछियांव परगना झलोत्तर अजगैन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव हाल निवासी म.नं. 30 शास्त्री नगर कुदरी रकाबगंज शास्त्री नगर पार्क शहर व जिला लखनऊ..प्रतिवादी
दावा आदेशात्मक निषेधाज्ञा
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.08.2025 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबेदही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 30.05.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय
सी.आर.-488/K-CN

### अदालती सूचना अनसूची 7 (धारा 290)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज(जू0डि0), मोहम्मदी खीरी
मुत0 उत्तराधिकार वाद सं0- 07/2025
ता0 पेशी- 11.07.2025
**अनुराग सिंह पुत्र महेश पाल सिंह निवासी मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी**
बनाम
**जायदाद मृतक ओम सिंह आदि**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जायदाद मृतक ओम सिंह की निम्नवर्णित सम्पत्ति के लिए उत्तराधिकार प्रमाणपत्र हेतु अनुराग सिंह पुत्र महेश पाल सिंह निवासी मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी ने एक प्रार्थनापत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11.07.2025 को निश्चित हुई है।
अतः यदि किसी पक्ष को अथवा किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत तिथि अथवा किसी कार्य दिवस में न्यायालय में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा प्रार्थनापत्र की सुनवाई एक पक्षीय रूप से कर प्रार्थनापत्र निस्तारित कर दिया जाएगी।
**सम्पत्ति का विवरण-**
आवधिक एकमुश्त जमा धनराशि 1,00,000/-
बैंक ऑफबड़ौदा शाखा मोहम्मदी जिला खीरी खाता सं0 03/193
ग्राहक सं0 जी0आर0ई0 006336 दिनांक 07.07.2015
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 मोहम्मदी खीरी
सी.आर.-487/D-CN

### हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष संख्या 3 इलाहाबाद
**भरण पोषण वाद स. 94 सन 2025**
मनीषा कुमारी पत्नी अतुल कुमार पुत्री परमानंद कुमार निवासिनी- 930 बी घनश्याम नगर रेलवे कालोनी लूकरगंज थाना खुल्दाबाद पोस्ट लूकरगंज जिला प्रयागराज ........... प्रार्थिनी
बनाम
अतुल कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासी चतुरी का पूरा पटेल नगर थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर पिनकोड 212601...विपक्षी
अंतर्गत धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता थाना कर्नलगंज जिला प्रयागराज
चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025के06के12दिवस को दो बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि-12.06.2025**
न्यायाधीश
सी.आर.-482/D-CN

# युवक की गला रेतकर हत्या

## हत्यारों ने मुंह में कपड़ा ठूंसा, कंबल-पॉलिथीन डालकर शव को छिपाया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** अमेठी जिले के घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे रामा चौहान गांव में मंगलवार की देर रात में एक दलित युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार सुबह 5 बजे पड़ोसी के जानवर बांधने वाली जगह पर पड़ा मिला। हत्यारों ने युवक के हाथ-पैर बांधने के साथ ही मुंह में कपड़ा ठुंसा था। वहीं शव पर कंबल व पॉलिथीन ढक दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस अधिक्षक अपर्णा रजत कौशिक समेत कई पुलिस अधिकारी पहुंचकर कई टीमें गठित करते हुए जल्द हत्यारों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये। वहीं मृतक के परिजन व मंगेतर ने पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक उन्हें ग्रामीणों ने बताया कि सागर पड़ोस में ही रहने वाली एक लड़की से प्यार करता था। इस बात को लेकर पहले भी दोनों परिवारों के बीच झगड़ा हुआ था। सागर की शादी दूसरी जगह तय हो गई थी। उसकी मंगेतर मोहिनी ने बताया कि सागर ने एक संदिग्ध वीडियो भी बनाया था। रामा चौहान गांव के रहने वाले सिद्धार्थ मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी संगीता देवी, बेटा सागर और दो बेटियां आरती-स्वाति एसडीएम कॉलोनी में ही रहते हैं। बड़ी बहन आरती ने बताया-सागर 12वीं तक पढ़ा था। वह नौकरी के सिलसिले में आज ही दिल्ली जाने वाला था। सागर की शादी प्रतापगढ़ के गोसाई का पुरवा, लालगंज की रहने वाली मोहिनी से तय हुई थी। सागर ने मंगलवार रात 11 बजे परिवार के साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद रोज की तरह ही बिस्तर लेकर छत पर सोने चला गया। घरवालों ने बताया कि सागर मंगलवार रात खाना खाने के बाद छत पर सोने गया था। सुबह छोटी बहन ने उसका शव देखकर पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि हम सुबह 4 बजे उसको उठाने छत पर गए, तो वह वहां नहीं था।

वहीं मंगेतर मोहिनी ने बताया-एक महीने पहले सागर ने मुझे एक वीडियो भेजा था। इसमें एक युवक रात में बाइक से आता है और एक घर में घुसता है। सागर ने खुद यह वीडियो बनाया था। मंगलवार रात 8 बजे सागर से आखिरी बार बात हुई थी। उसने कहा था कि नींद आ रही है, सुबह बात करेंगे यह कहते हुए फोन काट दिया था। बुधवार सुबह उसका शव पड़ोसी रवींद्र सिंह के पशुबाड़े में पड़ा था।

> युवक की हत्या मामले में पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं जल्द ही गिरफ्तार किये जाएंगे।
>
> **अधीक्षक शैलेंद्र सिंह अपर पुलिस**

# कार की छत पर खड़े होकर बनाई रील, गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार जी-20 रोड पर कार की छत पर खड़े होकर एक युवक ने रील बनाई। जिसे अपने इंस्टाग्राम आईडी से अपलोड किया। वायरल रील के सामने आने पर आनन-फानन में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आईटीएमएस की मदद से रील बनाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि मंगलवार रात जी-20 रोड पर स्टंट करते हुए कार सवार का वीडियो वायरल हुआ था। युवक ने पहले कार का गेट खोल कर फोटो खिंचवाई। फिर कार रोक कर छत पर चढ़ कर रील बनाने लगा। वायरल वीडियो सामने आने पर पुलिस ने सीसी फुटेज की मदद से कार का नंबर ट्रैक किया। आईटीएमएस की मदद से कैमरे चेक करने पर पता चला कि रील बनाने के बाद युवक लोहिया पथ होते हुए हुसैनगंज की तरफ गया है। कार नंबर को ट्रैक करने पर हुसैनगंज डायमण्ड डेरी उदयगंज बर्फखाना निवासी मो. कासिफ (24) का पता चला। पूछताछ में कासिफ ने बताया कि उसे रील बनाने का शौक है। रील पर लाइक हासिल करने के लिए वह कार लेकर जी-20 चौराहे की तरफ गया था। कासिफ ने खुद ही रील बना कर अपलोड भी की थी।

# मारपीट मामले में आईआरएस योगेंद्र मिश्रा निलंबित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ के नरही चौकी क्षेत्र में स्थित आयकर भवन में बीते दिनों आयकर सेवा (आईआरएस) के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई मारपीट का मामले में शामिल आयकर अधिकारी योगेंद्र मिश्र को निलंबित कर दिया गया है। वहीं विभागीय आदेश व सूत्रों के मुताबिक निलंबन अवधि के दौरान योगेंद्र मिश्र को पश्चिम बंगाल व सिक्किम क्षेत्र में संबद्ध होने के साथ ही उन्हें विशेष अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की इजाजत नहीं होगी। यह विवाद तब सामने आया, जब योगेंद्र मिश्र ने अपने सहकर्मी आईआरएस अधिकारी गौरव गर्ग पर शारीरिक हमला किया, जिससे वह घायल हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए लखनऊ के हजरतगंज थाने में योगेंद्र मिश्र के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (आईआरएस) ने आंतरिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर योगेंद्र मिश्र को निलंबित करने का फैसला करते हुए विभाग ने साफ संदेश देते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के बीच अनुशासनहीनता और हिंसा को किसी भी दिशा व दशा में बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस घटना ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को झकझोर दिया है और सवाल उठाए हैं कि आखिर वरिष्ठ अधिकारियों के बीच ऐसी घटनाएं क्यों और कैसे हो रही हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो इस मामले की गहन व निष्पक्षता से जांच होने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई तय की जाएगी।

### इससे पहले भी दोनों अफसरों में हुए विवाद

यह पहली बार नहीं है जब दोनों अफसरों में विवाद हुआ हो इससे पहले क्रिकेट टीम में शामिल नहीं किए जाने पर वह मैच के दौरान योगेंद्र मिश्रा ने मैदान पर बैठकर हंगामा कर चुके हैं। बीते फरवरी में क्रिकेट खेलने को लेकर दोनों में तीखी नोक-झोंक हुई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। गौरव गर्ग का आरोप है कि योगेंद्र जबरदस्ती टीम में शामिल होना चाहते थे, और ऐसा न होने पर दोनों के बीच तनाव बढ़ गया था और उस दौरान गौरव की शिकायत पर योगेंद्र का तबादला कर दिया गया था।

## खबर एक नजर

### महिला इंस्पेक्टर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में बरेली में तैनात महिला इंस्पेक्टर नरगिस खान पर आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में मेरठ के मेडिकल थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।मामले की जांच के दौरान यह सामने आया कि महिला अधिकारी की संपत्ति उनकी आय से कहीं अधिक है। जिसकी कीमत करोड़ों में है। प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर मेरठ पुलिस ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस व सूत्रों के मुताबिक महिला इंस्पेक्टर नरगिस खान वर्तमान में बरेली जिले में तैनात हैं। वहीं जांच में कई ऐसे वित्तीय लेन-देन के साथ संपत्तियों का खुलासा हुआ है। उनके द्वारा घोषित स्रोतों से मेल नहीं खाते और मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित दस्तावेज, बैंक खातों समेत चल-अचल संपत्तियों की विस्तृत जांच की जा रही है। केस अब एंटी करप्शन यूनिट या सतर्कता विभाग को सौंपे जाने की संभावना है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो आगे की कार्रवाई में, निलंबन और विभागीय जांच भी शामिल हो सकती है।

### उत्तर रेलवे के 37 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 37 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बुधवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे आरटीजीएस के माध्यम से भेजा जायेगा। साथ ही कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा। इस कार्यक्रम में मण्डल कार्मिक अधिकारी, आरसी बैरवा ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का स्वागत किया। साथ में उनकी रेल सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत अपर मण्डल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह ने प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र एवं गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन में मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों से संवाद किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की।

### दो डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में किया गया तब्दील

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को (रिट्रोफिटमेंट) इलेक्ट्रिक बसों में बदलने की योजना पर तेजी से कार्य कर रहा है। पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी0 की दूरी तय करने पर बस बेड़े से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। उन्होंने बताया कि डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीददारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो बसों को डीजल से इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित भी किया जा चुका है और ट्रायल बेस पर झांसी-ललितपुर रूट पर संचालित की जायेगी। संचालन से पूर्व की प्रक्रिया गतिशील है। उन्होंने बताया कि इन बसों का रिट्रोफिटमेंट कार्य कल्याणी पावर ट्रेन लि0 और मेसर्स जीरो 21 के सहयोग से किया जा रहा है। इन बसों को डीजल से इलेक्ट्रिक वाहन में परिवर्तित करने पर आने वाले खर्च का वहन फर्म करेगी। जबकि बाडी निर्माण कार्य परिवहन निगम द्वारा किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन की है। उन्होंने बताया कि रिट्रोफिटमेंट तकनीकी के इस्तेमाल से बनने वाली बसों से प्रदूषण नहीं होगा। डीजल वाहनों के इलेक्ट्रॉनिक वाहनों में तब्दील होने से प्रदूषण में कमी आयेगी। हमारा वातावरण प्रदूषण मुक्त होगा, जिसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम में 5000 इलेक्ट्रिक बसों को अनुबंध के आधार पर जोड़ने की प्रक्रिया भी चल रही है। विभाग को मिले बजट द्वारा अभी तक 220 इलेक्ट्रिक बसें महाकुंभ के दौरान क्रय की जा चुकी है, जिसमें से 20 एसी डबलडेकर बसें भी शामिल हैं।

### आदेश की वापसी के लिए धरना देकर ज्ञापन सौंपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति ने सिंचाई विभाग के उपयोगी पदों को अनुपयोगी मानते हुये समाप्त किए जाने के शासनादेश को वापस कराने के लिए प्रदेशव्यापी आन्दोलन जारी रखते हुएं 4 जून को जनपद स्तर पर धरना देकर मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। समिति के संयोजक अमरजीत मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में कर्मचारी प्रेरणा स्थल गोरखपुर में मुख्यमंत्री कार्यालय एवं वाराणसी में प्रधानमंत्री के स्थानीय कार्यालय में सिचाई कार्मिक उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा। राजधानी के कर्मचारी प्रेरणा स्थल पर पहुंचे सैकड़ों कर्मचारियों ने इस आदेश को कर्मचारी विरोधी बताते हुए कहा कि इस आदेश का आने वाले समय में विभाग पर बहुत बड़ा नकारात्मक असर पड़ेगा। इस संवर्ग के पदों की समाप्ति से हजारों की संख्या मे सिंचाई विभाग में रोजगार के अवसर कम होगें। धरना स्थल पर संघ समिति के घटक संघों के पदाधिकारियों ने कहा कि सिंचाई विभाग के रीड़ अतिमहत्वपूर्ण पद जैसे उपराजस्व अधिकारी, जिलेदार, मुंशी, हेड मुंशी, पदों की संख्या में कटौती तथा नलकूप चालक सींचपाल के साथ-साथ मिस्त्री कम ड्राइवर, व अन्य आवश्यक पदों को समाप्त किये जाने के शासनादेश 14 मई 2025 से कार्मिक समुदाय में अत्यन्त ही रोष व असंतोष व्याप्त है।

# नौ माह कोख में रख जन्म दिया फिर झाड़ियों में फेंका

## लोक-लाज के भय ने मासूम को तड़पता छोड़ा, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के आशियाना थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात मानवता को तार-तार करने वाला मामला प्रकाश में आया एक मां जो नौ माह जिसे कोख में रखा, लोक लाज व अन्य कारणों से मासूम के जन्म लेते ही कुछ ही महीनों बाद उसे लावारिस हालत में कपड़े में लपेटकर झाड़ियों में मरने के लिए छोड़ दिया। एक राहगीर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका एनआईसीयू में इलाज चल रहा है। आशियाना पुलिस आस-पास के लोगों से जानकारी व सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है कि कौन बेचारी ऐसी मां है जिसे एसा कृत्य करने में आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि राहगीर ने पुलिस कंट्रोल रूम 112 को सूचना दी कि देवीखेड़ा मोड़ के पास मैदान की झाड़ियों में एक नवजात शिशु की सूचना दी। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर टीम के साथ मौके पर पहुंच कर देखा तो बच्चा कपड़े में लपेटा हुआ था और रो रहा था और उसकी उम्र करीब तीन से चार माह की लग रही थी। उसकी हालत खराब होते देख आनन-फानन में मासूम को नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बच्चे को एनआईसीयू में भर्ती कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बच्चे को बार बार दौरे पड़ रहे थे। डॉक्टरों के मुताबिक माथे की सूजन अधिक धूप लगने से हुई थी। पुलिस ने इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन को दी तो उनकी टीम भी पहुंच गयी। चाइल्ड लाइन संरक्षण अधिकारी सूर्यकांत ने बताया कि बच्चा चाइल्ड लाइन की देखरेख में अस्पताल में भर्ती है, जैसे ही सही हो जाएगा तो उसे यहां से ले जाया जाएगा। बच्चे की उम्र करीब चार-पांच लग रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### झूले में मिला बालक का शव

ठाकुरगंज क्षेत्र में मंगलवार रात दुर्गा देवी मार्ग सतखंडा चौकी क्षेत्र में लगे मिक्की माउस झूले में करीब 12 साल के बच्चे का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस मान रही है कि बच्चे की मौत झूले के अंदर फंसकर हुई है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मिक्की माउस झूले के अन्दर एक 12 साल का बच्चा मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने छानबीन की तो मृतक के पेट में खरोंच व रगड़ के निशान मिले। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया। स्थानी लोगों ने शव की पहचान कलमुद्दीन पुत्र कल्लू मूल निवासी जनपद हरदोई के रूप में। पता चला कि कलमुद्दीन ठाकुरगंज क्षेत्र में अपनी बहन के यहां रहकर घंटा घर के आस-पास बोतल बंद पानी की बिक्री करता था। परिजन को सूचना दी गयी है।

# राज्य कर सचल दस्ते को धमकाकर छुड़ा ले गए लकड़ी लदा ट्रक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** ऐशबाग फ्लाईओवर के पास राज्य कर सचल दस्ते को धमकाकर लकड़ी कारोबारी के लोग सागौन से लदा ट्रक छुड़ा ले गए। कारोबारी से फोन पर सचल दल के चालक से गाली गलौज कर धमकाया। सहायक आयुक्त ने बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सहायक आयुक्त रमेश कुमार ने बताया कि 30 मई को रात करीब 2 बजे चेकिंग दस्ते ने ऐशबाग फ्लाईओवर के पास लकड़ी लदे ट्रक को रोककर जांच की। ट्रक में सागौन की लकड़ी लदी थी। चालक के पास परमिट नहीं था। उसने माल हाजी जाबिर का होने की जानकारी दी। इस बीच ट्रक चालक ने फोन पर हाजी जाबिर को सूचना दी। कुछ ही देर में कार से करीब पांच लोग वहां पहुंचे। इन लोगों ने सचल दस्ते को धमकाया और ट्रक छुड़ाकर ऐशबाग लकड़ी मंडी की तरफ ले कर चले गए। सहायक आयुक्त ने बताया कि बड़ी संख्या में हाजी जाबिर के समर्थक भी पहुंच गए थे। भीड़ बढ़ते देख सहायक आयुक्त ने डॉयल 112 पर फोन कर मदद मांगी। सचल दस्ते के साथ चालक मुलायम सिंह यादव मौजूद था। ट्रक ले जाने के बाद जाबिर ने नंबर तलाश कर मुलायम सिंह को फोन लगाया। उससे कहा कि तुम्हारे कारण ही सहायक आयुक्त हम तक पहुंचे, इसके बाद गाली गलौज करने लगा। जाबिर का फोन आने की जानकारी चालक ने सहायक आयुक्त को दी थी। सहायक आयुक्त ने बाजारखाला कोतवाली में हाजी जाबिर, ट्रक चालक और उनके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कायस्थ प्रतिनिधिमंडल ने वन मंत्री से की मुलाकात



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** कायस्थ समाज लखनऊ का एक प्रतिनिधिमंडल शेखर कुमार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री डाक्टर अरुण सक्सेना से बुधवार को उनके आवास पर मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में लखनऊ की सभी प्रमुख समितियों और संगठनों के अध्यक्ष-महामंत्री मुनेन्द्र श्रीवास्तव, आलोक भटनागर,राजेश श्रीवास्तव, विरेन्द्र निगम,भानु प्रताप सिंह,एसके श्रीवास्तव,नरेश प्रधान,सर्वेश श्रीवास्तव, अभिषेक सिन्हा,संजय श्रीवास्तव,श्रद्धा श्रीवास्तव,निधि श्रीवास्तव, सारिका, सुनीता श्रीवास्तव,विकास सक्सेना,अवधेश श्रीवास्तव,व लखनऊ के क्षेत्रीय गणमान्य युवा शक्ति प्रत्युश श्रीवास्तव, दिव्यांश,गौरव,शरद, अमिताभ, दिलीप इत्यादि लखनऊ खण्ड स्नातक प्रत्याशी प्रोफेसर आर्किटेक्ट सुनील कुमार श्रीवास्तव की विशेषरूप से मौजूद रहे। सभी ने वन मंत्री को माला, पटका, पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर शेखर कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि लखनऊ में युवाओं में राजनीतिक चेतना पैदा करते हुए युवाओं को अब आगे बढ़ चढ़ कर समाज में नई विचारधारा के साथ साथ सकारात्मक उर्जा का संचार करते हुए समाज को संगठित करने में मुख्य भूमिका निभानी होगी। विशेष तौर से युवाओं ने अपने-अपने विचारों से मंत्री को अवगत कराया और अपने को मुख्य धारा में शामिल किए जाने पर खुशी जाहिर की। उपस्थिति सभी ने मिलकर स्नातक प्रत्याशी को हर संभव कोशिश करते हुए मंत्री से भी अपना बेशकीमती आशीर्वाद देने का अनुग्रह किया, जिसको मंत्रीजी ने सहजता से स्वीकारते हुए टिकट के लिए भी अपना आशीर्वाद दिया।

# मांस से लदा ट्रक फूंका, चालक को दौड़ाकर पीटा

## अपर पुलिस आयुक्त ने जांच के दिये निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गाजियाबाद जिले में बकरीद से पहले एक हिंदू संगठन के करीब 30-40 कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की देर रात भोजपुर क्षेत्र में अमराला गांव के पास मांस लदा एक ट्रक हापुड़ से पंजाब जा रहा था। संगठन कर्मियों को होने के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक का पीछा करीब 3 किमी. तक किया और चालक को ट्रक से नीचे उतारकर पीटाई कर लहूलुहान कर दिया। इसकी जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने कई बार ट्रक को आगे भेजने का प्रयास किया लेकिन उग्र भीड़ ने आगे नहीं बढ़ने दिया और उसमें आग के हवाले कर दिया। यही नहीं ड्राइवर और क्लीनर को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। वहीं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ट्रक में गोवंश का मीट है। करीब तीन घंटे तक किया हंगामा माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। घटना पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में ट्रक ड्राइवर ने ट्रक में गोवंश का मांस और अवशेष होने की बात स्वीकार ली। इसके बाद पुलिस ने ड्राइवर और क्लीनर को हिरासत में ले लिया। पुलिस व बजरंग दल के जिला संयोजक मधुर नेहरा ने बताया कि मंगलवार की देर रात में पिलखुवा की ओर से गोवंश मांस से भरा ट्रक आने की गुप्त सूचना मिली। हमने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर करीब 3 किलोमीटर तक पीछा करके ट्रक को पकड़ा उसी दौरान एक जगह ट्रक चालक ने ट्रक चढ़ाने का भी प्रयास किया। इसके बाद कार्यकर्ता अक्रोशित हो गये और चालक व क्लीनर की पिटाई करते हुए विरोध जताने लगे और बवाल करीब 12 बजे तक चलता रहा। पुलिस टीम ने आक्रोशित भीड़ को समझाने का प्रयास करती रही वहीं आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तारी व एनकाउंटर की मांग पर अड़ी रही। ट्रक में तोड़फोड़ करने लगी यह देख पुलिस ट्रक को वहां से हटाने का प्रयास करने के साथ ही जेसीबी से मिट्टी डलवाकर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था उसी दौरान थोड़ी देर में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तब तक ट्रक का काफी हिस्सा जल चुका था। वहीं एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि ग्रामीणों व कुछ संगठनों के लोगों ने ट्रक में प्रतिबंधित पशु का मांस होने का आरोप लगाते हुए हंगामा करते हुए ट्रक में आग लगा दी। पशु चिकित्सकों ने मांस का नमूना जांच के लिए भेजा है। वहीं इस मामले में जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ड्राइवर और क्लीनर वसीम निवासी जौला, थाना बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर और इमरान निवासी गांव जोगिया खेड़ा, थाना बुढ़ाना को थाने लाकर पूछताछ की गई है। आगजनी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

> बजरंग दल के मधुर नेहरा की ओर से मिली तहरीर में उनके आरोपों के आधार पर ट्रक चालक व क्लीनर पर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही प्रदर्शनकारियों समेत आगजनी करने वालों पर भी एफआइआर दर्ज करेगी माहौल बिगाड़ने वालों को चिह्नित किया जाएगा।
>
> **आलोक पिग्रदर्शी अपर पुलिस आयुक्त**

# युवाओं की उम्मीदों से खेल रही है भाजपा सरकार : संजय सिंह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** आप प्रदेश कार्यालय में शिक्षक भर्ती के मामले में हुई महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के मौके पर आप प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रयागराज में छात्रों का बहुत बड़ा आंदोलन चल रहा है, जिसमें वह 90000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार कह रही है कि हमारे यहां 1 लाख 93 हज़ार पद खाली हैं। सांसद संजय सिंह ने कहा कि आदित्यनाथ सरकार का कहना था कि यह भर्तियां तीन चरण में होगी और प्रत्येक चरण में 65,000 भर्तियां की जाएंगी, जो कि मार्च 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि सरकार के इस ट्वीट के बाद छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। लेकिन कुछ ही समय के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के आफिशियल हैंडल से इस ट्वीट को डिलीट कर दिया गया। सांसद संजय सिंह ने प्रदेश सरकार की इस हरकत पर चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा लगा मानो सरकार गजनी मोड में चली गई है, अब उसे ध्यान नहीं की उसने क्या ट्वीट किया था।

आप प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि इस मामले में प्रदेश सरकार ने यह भी दावा किया था कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के साथ प्रोजेक्ट के अप्रूवल के बाद ही शिक्षकों की भर्ती का यह निर्णय लिया गया। यानि शिक्षक भर्ती के इस मुद्दे पर अब केंद्र सरकार यानि मोदी और योगी दोनों ही पीछे हट गए हैं। सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश के दुर्दशा के गांव से बड़े शहरों में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों की हालत को बयां करते हुए कहा कि बेरोजगारी की मार झेल रहा उत्तर प्रदेश का नौजवान आज आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छोटे-छोटे गांव से मां-बाप कर्जा लेकर अपने बच्चों को बड़े शहरों में नौकरी की तलाश में पढ़ने के लिए भेजते हैं, जहां छात्र मुश्किलों के साथ रहकर छोटी से छोटी सरकारी नौकरी के लिए जीजान से पढ़ाई करता है। सिर्फ इस उम्मीद में कि उसे एक शिक्षक एक क्लर्क यहां तक की एक चपरासी की ही नौकरी शायद मिल जाए और सरकार इन छात्रों की इस उम्मीद से ही खेल जाती है।

उन्होंने भाजपा सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि कभी प्रदेश सरकार पुलिस भर्ती परीक्षा करती है और फिर कहती है कि उसमें कोई घपला हो गया, घोटाला हो गया और वह भर्ती कैंसिल हो जाती है, फिर कभी कोई और भर्ती निकलती है और उसमें पेपर लीक होने के नाम पर उस भर्ती को रद्द कर दिया जाता है। उत्तर प्रदेश की सरकार लगातार पेपर लीक होने के नाम पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। ऐसे में प्रयागराज में शिक्षक भर्ती को लेकर छात्रों के चल रहे आंदोलन में और उनकी मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी पूरी तरह छात्रों के समर्थन में खड़ी है।

# गोमती नगर विस्तार व सैरपुर में चार अवैध प्लाटिंग ध्वस्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान गोमती नगर विस्तार व सैरपुर में 04 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। वहीं, 07 अवैध रो-हाउस भवन व 04 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि श्याम कुमार व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार में इंदिरा नहर के किनारे अहिरन ढ़कवा में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए एल0एच0डी0 सिटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। जिसे प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा डॉ0 के0पी0 मिश्रा द्वारा गोमती नगर के विराम खण्ड में लगभग 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल, हबीबुल हसन द्वारा विभूतिखण्ड में 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल व अरविंद कुमार द्वारा गोसाईंगंज के चांद सराय में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में इन तीनों अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि पूनम सचदेवा व अन्य द्वारा कानपुर रोड योजना के सेक्टर-जी में लगभग 115 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह दीपू यादव, देवेन्द्र यादव व अन्य द्वारा बिजनौर रोड पर अवध रेजीडेंसी के पास लगभग 800 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से 07 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध तरीके से किये जा रहे उक्त निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि राम चरन रावत व अन्य द्वारा सैरपुर के घुवैला, कमलाबाद में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसके अलावा प्रबल शुक्ला, दीपक शुक्ला व अन्य द्वारा सैरपुर में रैथा रोड पर लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं, नौमीलाल, चौबे प्रॉपर्टीज व अन्य द्वारा सैरपुर के ग्राम-कमलाबाद में राजकीय नलकूप के पास लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## बड़ी उपलब्धि

पिछले वित्त वर्ष में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) में 14 प्रतिशत की वृद्धि से स्पष्ट है कि वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत निवेश का आकर्षक गंतव्य बना है। पिछले वित्त वर्ष में एफडीआई बढ़कर 81.04 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में प्राप्त 71.28 अरब डॉलर की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक रहा। यह पिछले तीन साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक एफडीआई सेवा क्षेत्र में आया, जिसे कुल एफडीआई का 19 फीसदी मिला और यह 2023-24 के 6.64 अरब डॉलर से 40.77 फीसदी बढ़कर 9.35 अरब डॉलर हो गया। उसके बाद कंप्यूटर सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर (16 फीसदी) तथा ट्रेडिंग (आठ प्रतिशत) का स्थान रहा। मैन्युफैक्चरिंग, यानी विनिर्माण क्षेत्र में भी एफडीआई 2023-24 के 16.12 अरब डॉलर से 18 फीसदी बढ़कर 2024-25 में 19.04 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जहां तक राज्यों की बात है, तो सबसे सबसे ज्यादा एफडीआई महाराष्ट्र के हिस्से में (39 फीसदी) गया। फिर कर्नाटक (13 फीसदी) व दिल्ली (12 प्रतिशत) का स्थान रहा। जबकि इस अवधि में सबसे ज्यादा एफडीआई सिंगापुर (19 प्रतिशत) से आया। लगातार सातवें साल सिंगापुर से सर्वाधिक निवेश आया। दरअसल, भारत और सिंगापुर के बीच दोहरा कराधान बचाव संधि के कारण सिंगापुर के संगठनों को भारत में निवेश करने में मदद मिलती है और भारत से कमाई पर उनके कुल कर का बोझ भी कम होता है। वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में मजबूत स्थिति, बेहतर द्विपक्षीय संबंध और वैश्विक निजी इक्विटी तथा उद्यम पूंजी निवेश का गेटवे होने के कारण सिंगापुर भारत के लिए एफडीआइ का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। सिंगापुर के बाद मॉरीशस (17 फीसदी) और अमेरिका (11 फीसदी) का स्थान रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, निवेशकों के अनुरूप तैयार की गयी नीतियों के कारण पिछले कुछ वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश काफी बढ़ा है. रक्षा, बीमा और पेंशन जैसे क्षेत्रों में एफडीआइ सीमा में वृद्धि तथा एकल ब्रांड खुदरा व्यापार के लिए लागू उदार नीतियों से तस्वीर बदली है. यही नहीं, एफडीआइ के लिए स्रोत देशों की संख्या वित्त वर्ष 2013-14 में 89 थी, जो 2023-24 में बढ़कर 112 हो गयी. यह निवेश गंतव्य के रूप में भारत के प्रति बढ़ते आकर्षण के बारे में बताता है। जाहिर है कि यह एक बड़ी उपलब्धि है।

## हेठी और जाम

यूपी की राजधानी और विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा लखनऊ में सड़कों पर जाम लगना एक स्थाई भाव हो गया है। सुबह नौ बजे से देर शाम तक इन पर आना-जाना बराबर मुश्किल रहता है। समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग और उनके मुखिया लगातार कमर कसते हैं, बैठकों से लेकर आदेश-निर्देश पारित करने तक की तमाम कार्रवाइयां होती हैं लेकिन हालत जस की तस बनी रहती है। अब अगर मान भी लिया जाए कि आम दिनों में यह हाल रहेगा ही, तो कम से कम इतनी सावधानी बरतनी ही चाहिए कि खास पर्वों व त्योहारों पर इसे और गंभीर होने से रोकने के उपाय किए जाएं। जैसे इस मंगलवार चौथा बड़ा मंगल होने के कारण उत्साहित श्रद्धालओं ने शहर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया था। जिस उत्साह से भंडारे लगे थे, उसी आस्था से प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों की भीड़ भी जुटी। यह स्थिति पूरे शहर में थी और इसमें कुछ गलत भी नहीं था। लेकिन समस्या तब खड़ी हुई जब तमाम चार पहिया व दोपहिया वाहन सवार प्रसाद लेने के लिए अपने वाहनों से उतरे तो उन्हें इस तरह से खड़ा किया कि सड़क पर आवागमन का रास्ता पूरी तरह से रुक गया। यदि वे थोड़ा संयम और धैर्य बरतते हुए वाहनों को सड़क के रास्ते से हट कर खड़ा करते तो कोई आफत नहीं टूट जाती और रास्ता भी सुचारु रूप से चलता रहता। लेकिन ऐसा करने में शायद उन्हें अपनी हेठी महसूस हुई। नतीजा यह हुआ कि शहर भर में जाम लगने और वाहनों के रेंगने और कहीं-कहीं तो देर तक खड़े रहने का दृश्य आम हो गया। हालांकि ट्रैफिक पुलिस को इसका पहले से ही अनुमान लगाकर गाड़ियां खड़ी किए जाने के बारे में पूरी सख्ती बरतनी चाहिए थी और वह इसे नहीं कर पाई लेकिन उससे भी ज्यादा दोष वाहन सवारों का ही था जो जानते समझते हुए भी एक सामान्य नियम का पालन करने के लिए तैयार नहीं थे। यह हफ्ते में एक दिन की बात थी तो आई-गई हो गई लेकिन शहर में आएदिन की इसी समस्या का कारण खासतौर पर वाहन चालक ही हैं जिनके बारे में पुलिस-प्रशासन को और सख्त कदम उठाने होंगे।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अग्निवीरों के लिये यूपी पुलिस में विशेष आरक्षण**
थानों की कमाई बढ़ेगी या खत्म हो जायेगी?

**आतंकी संगठनों से रिश्ते में तीन कश्मीरी बर्खास्त**
बड़ी मछलियां किसी जाल में नहीं फंसती हैं!

**पाकिस्तान ने आठ घंटों में टेके घुटने-सीडीएस**
धूर्त लोग संकटकाल देखकर विनम्र हो जाते हैं!

**यूपी के जिला अस्पतालों में अब मुफ्त सीटी स्कैन**
केजीएमयू में सुविधा शुल्क की परंपरा जारी है!

**दिव्यांगों से दुर्व्यवहार पर सख्त कार्रवाई - मंत्री**
बिना दौड़ाये प्रमाणपत्र भी नहीं मिलता हुजूर!

**गंदगी देखकर चढ़ा अपर नगर आयुक्त का पारा**
अभी तो मानसूनी रंगतें देखनी है लखनऊ को!

♦♦♦

# 'राम', भारत का एक शाश्वत सत्य



**– विश्वदेव राव**

भारत में राम और रामायण केवल एक पौराणिक नाम या महाकाव्य नहीं है, यह एक जीवंत कथा है, जिसने सहस्राब्दियों से भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य को गहराई से आकार दिया है। इसकी कालातीत अपील पीढ़ियों से इसकी निरंतर पुनर्व्याख्या में निहित है, जो समकालीन चुनौतियों के अनुकूल है और नई प्रासंगिकता प्रदान करती है। पिछले दो हजार वर्षों से दक्षिण एशिया के सबसे महत्वपूर्ण साहित्यिक और मौखिक ग्रंथों में से एक रही है। यह महाकाव्य भारतीय संस्कृति के कई पहलुओं में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है और आधुनिक भारत की राजनीति, धर्म और कला को लगातार प्रभावित करता है। यह उन ग्रंथों के विपरीत है जो केवल विद्वानों या अभिजात वर्ग तक सीमित रहते हैं। रामायण के नायक श्री राम की जमीनी स्तर पर व्यापक पहुँच इसको प्रदर्शित करती है। इस महाकाव्य का प्रभाव भारतीय जीवन के विभिन्न पहलुओं में स्पष्ट है। खजुराहो और हम्पी जैसे प्राचीन मंदिरों में जटिल नक्काशी और मूर्तियां, महाकाव्य के दृश्यों को दर्शाती हैं। अजंता और एलोरा की गुफाओं में बने भित्तिचित्र इसकी कथाओं को भी चित्रित करते हैं। लघु चित्रकलाएँ, विशेष रूप से मुगल और राजपूत शैलियों में, महाकाव्य के सार को दर्शाती हैं। भरतनाट्यम, कथाकली और ओडिसी जैसे शास्त्रीय नृत्य रूप अक्सर महाकाव्य को चित्रित करते हैं। वे राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जैसे पात्रों की भावनाओं और वीरता को व्यक्त करते हैं। भारत में राम को केवल, एक पौराणिक आकृति के रूप में नहीं, अपितु एक गहन दार्शनिक और आध्यात्मिक आदर्श के रूप में देखा गया है। राम की व्याख्या और उनका अपने जीवन पर पड़े प्रभाव को महात्मा गाँधी, विनोबा भावे, राममनोहर लोहिया सहित कई विद्वानों ने साझा किया है। महात्मा गांधी, राम को सत्य के अवतार और 'शाश्वत, अजन्मा, अद्वितीय' ईश्वर के रूप में देखते थे। उनका कहना था कि राम को सिर्फ दशरथ के पुत्र एवं ऐतिहासिक आकृति तक सीमित नहीं रखना चाहिये। उन्होंने राम को सार्वभौमिक और धार्मिक सीमाओं से परे 'सभी के लिए समान रूप से संबंधित' माना था। गाँधीजी का मानना था कि राम नाम किसी एक धर्म तक सिमित नहीं है। गांधीजी, राम को एक विशिष्ट हिंदू देवता की तरह नहीं अपितु, 'सत्य' और 'ईश्वर' के सार्वभौमिक अवतार के रूप में देखते थे। राम के चरित्र को वे रूपांतरण, अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने और अहिंसा के अपने राजनीतिक दर्शन का सिद्धांत मानते थे। उनकी इस पुनर्व्याख्या का उद्देश्य राम को एक सांप्रदायिक प्रतीक के रूप में विराजनीतिकरण करना और उन्हें एक नैतिक आदर्श के रूप में ऊपर उठाना था। गांधीजी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि उनके राम ऐतिहासिक नहीं थे, बल्कि 'शाश्वत' थे और 'सभी के लिए समान रूप से संबंधित' थे। राम को सत्य का पर्याय बनाकर, गांधीजी ने अपने राजनीतिक आंदोलन (सत्याग्रह) को एक आध्यात्मिक आधार प्रदान किया था, जो हिंदू अनुयायियों से परे अपील कर सकता था। उद्देश्य स्पष्ट था, औपनिवेशिक शासन के खिलाफ व्यापक राष्ट्रीय एकता प्राप्त करना था। उन्होंने मंदिरों, मस्जिदों और चर्चों का दौरा न करने का ध्यान रखा, लेकिन उन हिंदू प्रतीकों का उपयोग किया जिनमें वे पैदा हुए थे। सच्चे लोकतंत्र और धार्मिक शासन के आदर्श के रूप में गांधीजी ने 'रामराज्य' को 'हिंदू राज' के रूप में नहीं, बल्कि 'एक दिव्य राज, ईश्वर के राज्य' के रूप में परिकल्पित किया था, जहाँ 'राम और रहीम एक ही देवता हैं'। गांधीजी ने कुशलता से एक धार्मिक अवधारणा को स्वतंत्र भारत में एक व्यापक राजनीतिक सहमति बनाने का प्रयास किया था। उनकी कोशिश थी की, 'राम' जो एक सांस्कृतिक रूप से प्रतिध्वनित होने वाला शब्द है, उसे एक आधुनिक राजनीतिक आदर्श को व्यक्त करने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है। गहन आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञानी, विनोबा भावे, गांधी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे, उन्होंने राम और रामचरितमानस को एक गहन पाठ माना। जिसे उन्होंने प्रसिद्ध रूप से 'बाइबिल और शेक्सपियर का संयोजन' कहा था। सिवनी जेल में जे0 सी0 कुमारप्पा को दिया गया यह उद्धरण इसके दोहरे महत्व को उजागर करता है: '(आध्यात्मिक गहराई (बाइबिल) और साहित्यिक समृद्धि/ मानवीय अंतर्दृष्टि (शेक्सपियर)'। उन्होंने रामायण और महाभारत के पात्रों को भारतीय जीवन में गहराई से समासमाये हुए देखा था, जो दुनिया के किसी भी अन्य क्लासिक (ग्रंथ) से कहीं अधिक था। उनकी बाइबिल और शेक्सपियर के संयोजन की उपमा रामचरितमानस को न केवल एक धार्मिक ग्रंथ से परे करती है, यह मानव आचरण और एक



साहित्यिक कृति के लिए एक व्यापक मार्गदर्शक के रूप में भी ऊपर उठाती है। राम का नैतिक दर्शन, मनोवैज्ञानिक गहराई और सौंदर्य मूल्य, सामाजिक परिवर्तन के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन जाता है। वहीं राममनोहर लोहिया ने राम को मुख्य रूप से एक धार्मिक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी के लिए एक व्यावहारिक आदर्श के रूप में देखा था। लोहिया को राम की कहानी मानवीय प्रयासों के हर पहलू के लिए उदाहरण प्रदान करती है। लोहिया के लिए, राम के ऐतिहासिक अस्तित्व का प्रश्न 'अप्रासंगिक' था। उनका मानना था कि कहानी की शक्ति पीढ़ियों के दिमाग में इसके उत्कीर्ण होने में निहित है, जिसे लगातार कवियों और लाखों लोगों द्वारा परिष्कृत किया गया है। लोहिया ने राम को केवल एक धार्मिक प्रतीक के बजाय 'व्यावहारिक आदर्श' के रूप में देखा। व्याख्या, सांस्कृतिक विरासत के प्रति एक धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण एवं ऐतिहासिक शाब्दिकवाद और धार्मिक हठधर्मिता पर जोर कम करके, उन्होंने राम की कथा को आधुनिक भारत के लिए सार्वभौमिक नैतिक और व्यवहारिक मार्गदर्शन का स्रोत माना था। जो एक विविध और स्वतंत्रता के बाद के भारतीय समाज के लिए उपयुक्त था। लोहिया कहते थे कि राम का ऐतिहासिक अस्तित्व 'अप्रासंगिक' है और उसका प्रभाव 'उनके जीवन के हर पहलू' के कारण है, जो एक कार्यात्मक व्याख्या की ओर इशारा करता है। लोहिया ने राम को एक नैतिक और सामाजिक रचना के रूप में उसकी व्यावहारिक उपयोगिता को समझा था। यह सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक सुधार के लिए लागू, सार्वभौमिक शिक्षाओं को निकालने की उनकी व्यापक समाजवादी और स्थापना-विरोधी विचारों के अनुरूप था। लोहिया के चित्रकूट में 'रामायण मेला' की कल्पना का उद्देश्य भारतीय भाषाओं को करीब लाना, नदियों को साफ करना, तीर्थ स्थलों की रक्षा करना और हाशिए पर पड़े समुदायों को एकीकृत करना था। उन्होंने एम.एफ. हुसैन को रामायण पर आधारित लगभग 100 पेंटिंग बनाने का काम भी सौंपा था।आज भाषाई सद्भाव के लिए रामायण की लोकप्रिय अपील का उपयोग करने का प्रयास होना चाहिये। राम को हमेशा धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक माना गया है, जिससे वह एक गणराज्य में राजनीतिक नेताओं के लिए एक मॉडल बन जाते हैं, न कि एक निर्विवाद दिव्य शासक। यह समकालीन राजनीतिक हस्तियों की सूक्ष्म आलोचना के रूप में भी कार्य करता है जो अपने अधिकार का अतिक्रमण कर सकते हैं।

## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

जिस तरह अंधेरे मैदान में मशाल की रोशनी अंधेरे में और भी अथाह कर देती है, उसी तरह रानी की मुस्कराहट उसके मन के अधा दुःख को और भी प्रकट कर रही थी।

जुझारसिंह के चले जाने बाद हरदौलसिंह राज करने लगा। थोड़े ही दिनों में उसके न्याय और प्रजावात्सल्य ने प्रजा का मन हर लिया। लोग जुझारसिंह को भूल गये। जुझारसिंह के शत्रु भी थे और मित्र भी; पर हरदौलसिंह का कोई शत्रु न था, सब मित्र ही थे। वह ऐसा हंसमुख और मधुभाषी था कि उससे जो बातें कर लेता, वही जीवन भर उसका भक्त बना रहता। राज भर में ऐसा कोई न था जो उसके पास तक न पहुंच सकता हो। रात-दिन उसके दरबार का फाटक सबके लिए खुला रहता था। ओरछे को कभी ऐसा सर्वप्रिय राजा नसीब न हुआ था। वह उदार था, न्यायी था, विद्या और गुण का ग्राहक था; पर सबसे बड़ा गुण जो उसमें था, वह उसकी वीरता थी। उसका वह गुण हद दर्जे को पहुंच गया था। जिस जाति के जीवन का अवलम्ब तलवार पर है, वह अपने राजा के किसी गुण पर इतना नहीं रीझती जितना उसकी वीरता पर। हरदौल अपने गुण से अपनी प्रजा के मन का भी राजा हो गया, जो मुल्क और माल पर राज करने से भी कठिन है। इस प्रकार एक वर्ष बीत गया। उधर दक्खिन में जुझारसिंह ने अपने प्रबंध से चारों ओर शाही दबदबा जमा दिया, इधर ओरछे में हरदौल ने प्रजा पर मोहन-मंत्र फूंक दिया।

फाल्गुन का महीना था, अबीर और गुलाल से जमीन लाल हो रही थी। कामदेव का प्रभाव लोगों को भड़का रहा था। रबी ने खेतों में सुनहला फर्श बिछा रखा था और खलिहानों में सुनहले महल उठा दिये थे। संतोष इस सुनहले फर्श पर इठलाता फिरता था और निश्चिंतता इस सुनहले महल में तानें अलाप रही थी। इन्हीं दिनों दिल्ली का नामवर फेकैत कादिरखां ओरछे आया। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अधमाः धनमिच्छन्ति धनमानौ च मध्यमाः।**
**भक्षयित्वाअपि कर्त्तव्याः स्नानदानादिकाः क्रियाः।।**

गन्ना या गन्ने का रस, पानी, दूध, जड़ी-बूटी, पान, फल व औषध का सेवन करने के उपरान्त सन्ध्या-पूजन तथा दानादि कर्म किये जा सकते हैं, इनके सेवन से व्यक्ति को अपने को स्नान आदि से शुद्ध नहीं करना पड़ता।

♦♦♦

# अवांछित तत्वों के कारण असुरक्षित होता यातायात



**– निर्मल रानी**

हमारे देश में रेलगाड़ियों व बसों को आम यात्रियों के मुख्य यातायात के साधन के रूप में देखा जाता है। देश के अधिकांश यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिये प्रायः इन्हीं साधनों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्र सरकार जहाँ यात्रियों की सुविधाओं के लिये समय समय पर नई,आधुनिक व तीव्र गामी रेलगाड़ियां संचालित करती रहती है वहीं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी जनता की सुविधा के लिये बसों के नये बेड़े शामिल करने की ख़बरें आती रहती हैं। परन्तु यात्रियों के आवागमन को सुचारु बनाने की इन कोशिशों के बीच सरकार का ध्यान शायद यात्रियों व उनके सामानों की सुरक्षा पर नहीं पहुँच पाता। यह त्रासदी भी केवल सामान्य, मेल-एक्सप्रेस ट्रेन्स व सामान्य बसों की ही है, जबकि वनदे भारत व शताब्दी जैसी रेलगाड़ियां व वाल्वो सेवा जैसी अन्य मंहगी बस सेवाओं में बेशक यात्रियों की सुरक्षा काफ़ी हद तक बनी रहती है। अधिक किराया वसूलने वाले यातायात के इन माध्यमों में अवांछित लोगों को घुसने ही नहीं दिया जाता। जबकि ठीक इसके विपरीत सामान्य व मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में व सरकारी व ग़ैर सरकारी निजी बसों में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप में घुस सकता है और वह अपनी मर्ज़ी के मुताबिक़ यात्रियों की चिंताओं को बढ़ा सकता है या उन्हें परेशानी में डाल सकता है।

यदि हम ट्रेन की बात करें तो भीख मांगने वालों से लेकर भगवा वस्त्र धारण किये लाखों लोग रोज़ाना बिना टिकट के ट्रेन्स में यात्रा करते हैं। गोया इन्होंने भगवा वस्त्र को ट्रेन यात्रा का फ़्री पास समझ रखा है। यह केवल यात्रा ही नहीं करते बल्कि टिकटधारी यात्रियों के लिये बड़ी सिरदर्दी का कारक भी बनते हैं। चलती ट्रेन में गेट पर बैठे रहना तो गोया इनकी आदत में शामिल है ही, इसके अलावा ट्रेन में बीड़ी सिगरेट यहाँ तक कि शराब भी पीते हैं,वाशरूम में गंदगी फैलाते हैं। कोई इन्हें रोकने टोकने वाला नहीं। यदि कोई यात्री इनकी हरकतों पर इन्हें टोके तो यह अवांछित यात्री उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाते हैं। इसी तरह भिखारी, हिजड़े, अनिधकृत वेंडर्स आदि सभी को मुफ़्त रेल यात्रा की खुली छूट मिली हुई है। कोई कान फोड़ू गीत संगीत सुनाकर पैसे वसूलता है तो कोई हिजड़ा मुंह पर तालियां ठोक कर पैसे मांगता है। पैसे न देने पर तो यह किसी किसी यात्रियों को थप्पड़ भी जड़ देते हैं। यदि आप यू पी और बिहार की ओर ट्रेन यात्रा करें तो इस रुट पर भी अनेक महिलाएं व हिजड़े पैसे मांगते नज़र आ जायेंगे।

इसी तरह ट्रेन में कोई व्यक्ति किसी जवान लड़की को साथ लेकर उस लड़की के ब्याह के लिये कन्यादान के रूप में पैसे वसूलने को अपना धंधा बनाये हुए है तो कोई नक़ली अँधा व अपाहिज बनकर पैसे मांगता फिरता है तो कोई झाड़ू लेकर सफ़ाई करने के बहाने यात्रियों से पैसे मांगता है। और इन्हीं अवांछित तत्वों में से कोई भी नज़र बचते ही किसी यात्री का सामान लेकर चंपत हो जाता है। तो कोई किसी यात्री को ज़हरखुरानी का शिकार बनाकर उसका सामान भी लूट ले जाता है और उसकी जेबें भी ख़ाली कर जाता है। इसतरह के अवांछित नेटवर्क से जुड़े अधिकांश लोग नशे के आदी होते हैं और यात्रियों से पैसे लूट या वसूलकर जुआ व नशे जैसे व्यसन करते हैं। देश के अनेक बड़े व माध्यम श्रेणी के रेल स्टेशंस पर इन्हें सक्रिय देखा जा सकता है। परन्तु आष्चर्य है कि आम लोगों को तो यह सब नज़र आता है परन्तु सरकार व रेल यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित अमले को यह





सब दिखाई नहीं देता? हद तो यह है कि टिकट निरीक्षक जोकि आम इज़्ज़तदार यात्रियों के पास किसी कारणवश टिकट न होने या उपयुक्त टिकट न होने पर उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाता है या उसपर जुर्माना ठोक देता है अथवा ट्रेन से नीचे उतरने हेतु उसे बाध्य कर देता है उस टिकट निरीक्षक को भी बेटिकट यात्रा करने व यात्रियों की सुरक्षा हेतु ख़तरा बनने वाले ऐसे संदिग्ध व अवांछित तत्व नज़र नहीं आते? इसी तरह बसों में भी जहाँ कुछ मेहनतकश लोग पानी, ठंडा,नारियल, कंघी आदि दैनिक उपभोग या खाने पीने की अनेक सामग्रियां बेचकर अपना पेट पालते हैं वहीं इसमें भी कई भिखारी यात्रियों के सर पर कहीं डफ़ली बजाकर पैसे वसूलता है तो कहीं कोई हिजड़ा बसों में घुसकर मुफ़्त यात्रा करते करते लोगों से तालियां बजा बजाकर पैसे मांगता है। यदि आप चंडीगढ़ रुट पर बसों में यात्रा करें तो यह दृश्य आपको अनेक सरकारी व निजी बसों में देखने को मिलेगा। आश्चर्य है कि ड्राइवर कंडक्टर भी इन्हें नीचे नहीं उतारते। धप्पर टोल पर तो कभी कभी हिजड़ों का पूरा झुण्ड सभी लेन्स पर डटकर खड़ा हो जाता है और बसों ही नहीं बल्कि कारों के भी शीशे पीट पीटकर शीशा खोलने को विवश करता है और पैसे वसूलता है। इस तरह के अवांछित लोगों से व इनकी हरकतों से सभी वाक़िफ़ हैं परन्तु न ही इन्हें कोई नियंत्रित करने वाला है न ही किसी को यात्रियों की सुरक्षा व मान सम्मान की चिंता है। यही वजह है कि इनकी न केवल संख्या बढ़ती जा रही है बल्कि इनके हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं।

सरकार की ओर से देश की छवि चमकाने की तरह तरह की बातें की जाती हैं। कभी विश्व गुरु बनने का डंका पीटा जाता है तो कभी 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन देने का दावा करने वाली इसी सरकार द्वारा ही भारत के विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की बातें की जाती हैं। परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि आज भी इस देश में आम यात्री ट्रेन व बसों में सुरक्षित नहीं है। वह बेफ़िक्र होकर अपनी यात्रा नहीं कर सकता। कहना ग़लत नहीं होगा कि अवांछित तत्वों तथा सरकार द्वारा इनकी अनदेखी किये जाने के कारण देश की सामान्य यातायात व्यवस्था पूरी तरह से असुरक्षित है।

## प्रेरक प्रसंग

### मनोबल

एक विद्यार्थी बड़ी कड़ी मेहनत करता था। रात को देर तक दीपक के प्रकाश में पढता रहता, अगर तेज नींद लगती तो थोड़ी देर आराम करता फिर पढ़ने लग जाता, उसके श्रम को देखकर विद्या की देवी प्रसन्न होकर उसके सामने उपस्थित हुई। विद्यार्थी ने उन्हें प्रणाम किया। देवी ने पूछा क्या तुमने मुझे पहचान लिया ?

विद्यार्थी बोला हाँ में चिन्हों से पहचान गया कि आप देवी सरस्वती हो।

देवी बोली तुम्हारे लगन और श्रम से मै बहुत प्रसन्न हूँ। तुम्हे सारी विद्याएं देना चाहती हूँ। बड़ी खुशी की बात थी परन्तु विद्यार्थी ने सर हिलाकर मना कर दिया, उसने कहा माँ मुझे नहीं चाहिए, मुझे अभी पात्रता नहीं है। पात्रता के बिना विद्या लूंगा तो उसका सदुपयोग होगा। वह पात्रता मेरी तपस्या मेरी साधना और मेरी लगन से ही मुझमे आएगी।

अपात्रता की स्थिति में ढेर सारी विद्याओं को लेकर मैं उसका तिरस्कार और अपमान करना नहीं चाहता। देवी बोली विद्यार्थी मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ। मैं तुम्हे कुछ देना चाहती हूँ, बोलो तुम क्या चाहते हो। विद्यार्थी बोला माँ, तुम देना ही चाहती हो तो मुझे वरदान दो।

विद्या प्राप्ति के मार्ग में आने वाले कष्टों से मैं विचलित ना होऊं। इससे बड़ा दुनिया में कोई वरदान नहीं है। इस दुनिया में कोई भी प्राणी जन्म ले और उसे कष्ट ना हो। यह कभी संभव नहीं हो सकता, समझदारी इसी में है कि अपने कष्टों से विचलित ना हुआ जाये। लगन, विश्वास, धैर्य, हिम्मत हो तो प्रत्येक संघर्ष में सफलता जरूर मिलती है।

## आपका पत्र मिला

### ऑपरेशन सिंदूर : भारत की एकजुटता का प्रतीक

ऑपरेशन सिंदूर भारत के विकासशील राष्ट्रीय सिद्धांत की एक ऐतिहासिक घटना बनकर उभरा है। इसने भारत की उस छवि को सशक्त किया है जहां ताकत और धर्म, साहस और शांति, परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संतुलन दिखाई देता है। जब यह ऑपरेशन हुआ, तब 140 करोड़ भारतीयों ने जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और वर्ग की सीमाएं भुला दीं और एक स्वर में आतंकवाद के विरुद्ध खड़े हो गए।

यह भारत की समावेशी राजनीति का एक नया युग था, जहां राष्ट्रहित सर्वोपरि था। आज देश का हर नागरिक, ग्रामीण हो या शहरी, छात्र हो या सैनिक, एक नए आत्मविश्वास से भरा है। यह आत्मविश्वास न तो अंधराष्ट्रवाद है और न ही डर से उपजा हुआ है, बल्कि यह आत्मगौरव से प्रेरित है। भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देता, वह खतरों को पहले पहचानता है और गरिमा के साथ उनका सामना करता है।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह न तो परमाणु धमकियों से डरता है, न ही दबावों में झुकता है। दुनिया आज भारत की इस एकजुटता और जागरूकता से चकित है।

जैसे पांचों अंगुलियां मिलकर मुठ्ठी बनती हैं, वैसे ही भारत की 145 करोड़ जनता ने एकसाथ आकर शक्ति का ऐसा तूफान खड़ा किया, जिससे चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे विरोधी देशों को स्पष्ट संकेत मिल चुका है।

भारत की ओर उठी हर बुरी नजर अब उनके लिए आत्मघाती सिद्ध हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह भारत की चेतना, एकता और आत्मबल का घोष है एक ऐसे राष्ट्र का जो अब न केवल इतिहास रच रहा है, बल्कि भविष्य को भी नए रंग दे रहा है।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# बकरीद पर दिखना है खूबसूरत तो इन अभिनेत्रियों से लें टिप्स

हर साल की तरह इस साल ईद उल-अजहा यानी की बकरीद का त्योहार 7 जून को मनाया जाएगा। ये दिन मुस्लिम धर्म के लोगों के लिए बेहद खास होता है। इस त्योहार पर घर से लेकर बाजारों तक में रौनक लगी रहती है। घर की महिलाएं खूब तैयारी करती हैं। त्योहार कोई भी हो, महिलाओं को तो तैयार होने का मौका चाहिए होता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप अपने लुक को क्लासी और खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आपको बस इस लेख को अंत तक पढ़ना है।



**दीपिका कक्कड़**

जिन महिलाओं की नयी-नयी शादी हुई है, वो बकरीद पर कुछ हैवी आउटफिट ही पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आप दीपिका कक्कड़ के जैसा एकदम लाइट गुलाबी रंग अनारकली गाउन भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट के साथ भी मैचिंग ज्वेलरी पहनें और अपने मेकअप को भी सटल सा ही रखें, ताकि आपका आउटफिट निखकर सामने आए।

**जन्नत जुबैर**

कुछ हैवी पहनने का मन है तो जन्नत जुबैर के जैसा पारंपरिक लाल और गोल्डन रंग का फ्लोर लेंथ अनारकली सूट कैरी करें। इस तरह का सूट देखने में अच्छा लगता है। इसके साथ गले में हैवी ज्वेलरी पहनें। इस तरह के आउटफिट के साथ हैवी और मैचिंग ज्वेलरी ही अच्छी लगती है।

**हिना खान**

कुछ अलग और हटकर कैरी करना चाहती हैं तो हिना खान के जैसा को-ऑर्ड सेट कैरी करें। ऐसा को-ऑर्ड सेट आपके लुक को क्लासी दिखाएगा, और उसके साथ आप कंफर्टेबल भी रहेंगी। यदि आपके बाल छोटे हैं तो हिना के जैसे ही बालों को स्टाइल करें, यदि बाल लंबे हैं तो भी उन्हें खुला ही रखें।

**अशनूर कौर**

गरारा सूट यदि आप कैरी करना चाहती हैं अशनूर कौर के लुक से टिप्स लें। इस तरह का गरारा सूट आसानी से हर जगह मिल भी जाता है। आप इसे लास्ट टाइम भी खरीद सकती हैं। यदि ऐसा सूट कैरी कर रही हैं तो आंखों पर चशमा लगाकर अपना स्टाइल दिखाएं। इसके साथ अपने बालों को खउला छोड़ें और मेकअप लाइट ही रखें।

**मृणाल ठाकुर**

कुछ अलग सा पहनने का मन है तो मृणाल ठाकुर के इस लुक से टिप्स लें। ऐसा फ्लोरल लेंथ अनारकली आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देगा। इस तरह के आउटफिट को कैरी कर रही हैं तो बालों में बीच की मांग निकालकर उन्हें सॉफ्ट कर्ल करें। सॉफ्ट कर्ल से आपका लुक अच्छा दिखेगा। इसके साथ दुपट्टा अवश्य कैरी करें, ताकि आपका लुक सादगी भरा लगे।

**माधुरी दीक्षित**

कुछ अलग और हटकर पहनने का विचार कर रही हैं तो ऐसा इंडो वेस्टर्न आउटफिट भी आपकी खूबसूरती में चार चांद बढ़ा देगा। इसे पहनने के बाद आप काफी कंफर्टेबल भी रहेंगी। ऐसे आउटफिट के साथ बाल खुले ही अच्छे लगते हैं। इसलिए अपने बालों को खुला ही रखें।

# गर्मी में करना है मेकअप तो रखें कुछ बातों का ध्यान



गर्मियों में आपको त्वचा से जुड़ी कई तरह की परेशानियां होती हैं। ऐसे में हैवी मेकअप और उसके तत्व आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस समय हमारी त्वचा अधिक संवेदनशील होती है और मेकअप के तत्व इसे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे आपको कील-मुंहासे, दाने या स्किन एलर्जी का सामना भी करना पड़ सकता है।

**फाउंडेशन :** महिलाएं अक्सर अपने मेकअप में फाउंडेशन का अधिक उपयोग करती हैं, लेकिन गर्मियों में हाई कवरेज फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से यह पसीने के साथ बह सकता है।

कभी-कभी अधिक पसीने के कारण भी यह फाउंडेशन आपके चेहरे पर दिखने लगता है। गर्मियों में हाई कवरेज फाउंडेशन चेहरे को अधिक सफेद बना सकता है, जिस वजह से आपका मेकअप लुक भद्दा दिखने लगता है, साथ ही आपकी त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**मॉइश्चराइजर :** इस समय आप हैवी मॉइश्चराइजर लगाने से भी बचें, क्योंकि इससे आपकी त्वचा ऑयली हो जाएगी और चिपचिपी नजर आएगी। बेहतर होगा कि आप लाइट मॉइश्चराइजर का चुनाव करें। आप चाहें तो वाटर बेस्ड प्रॉडक्ट का इस्तेमाल भी कर सकती हैं, जो कि ऑयली स्किन को हाइड्रेट रखने का काम करता है।

**सनस्क्रीन :** इस मौसम में, खासकर धूप में बिना सनस्क्रीन लगाए बाहर नहीं निकलना चाहिए, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि आपकी सनस्क्रीन लाइट ही हो। सर्दियों में इस्तेमाल होने वाली सनस्क्रीन को रिप्लेस कर अब आप गर्मियों के लिए लाइट सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें, जो वॉटर बेस्ड हो। ग्रीसी और हैवी सनस्क्रीन का उपयोग करने से आपकी त्वचा सांस नहीं ले पाएगी, जिसकी वजह से मुंहासे और अन्य समस्याएं शुरू हो सकती हैं।

**नाइट मास्क :** सर्दियों के मौसम में महिलाओं के बीच नाइट मास्क लगाने का क्रेज काफी लोकप्रिय रहा है। इसके लिए महिलाएं अपने चेहरे पर हैवी नाइट क्रीम मास्क लगाती हैं, जिससे त्वचा मॉइश्चराइज रहे। लेकिन इसे गर्मी में न लगाएं, क्योंकि यह आपकी त्वचा के पोर्स को ब्लॉक कर देगी, जिससे मुंहासे और दानों की समस्या हो सकती है।

**क्लींजर :** त्वचा की देखभाल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है सफाई। इसलिए गर्मियों में एस्ट्रिंजेंट या टोनर का उपयोग करें, ताकि त्वचा साफ और चमकदार रहे। इसके लिए आप होममेड उत्पादों का उपयोग कर सकती हैं, जैसे कि गुलाब जल। इससे त्वचा को साफ करने के साथ-साथ उसे नरम एवं सुंदर बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

# चाहिए दमकता चेहरा तो अभी से करें ये काम



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे त्योहारों पर खूबसूरत दिखना पसंद न हो। त्योहार चाहे किसी भी धर्म का हो, लोग उसके लिए खूब अच्छे से तैयारी करते हैं। अपने घरों को सजाते हैं और नए-नए कपड़े पहनते हैं। नए कपड़े भी खूबसूरत तब नजर आएंगे, जब आपका चेहरा चमकेगा। चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए बहुत से लोग पहले से पार्लर जाते हैं। यदि आपके पास पार्लर जाने का समय नहीं है, तो अभी से कुछ टिप्स फॉलो करके आप अपना चेहरा चमका सकते हैं। यहां नीचे इसके लिए कुछ टिप्स दिए जा रहे हैं।

**दिन में दो बार करें फेस वॉश**

ये सबसे अहम नियम है। चेहरे को दिन में कम से कम दो बार अच्छे फेस वॉश की मदद से साफ करें। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा।

इसके लिए अच्छी क्वालिटी का और स्किन टाइप के हिसाब से फेस वॉश खरीदें, ताकि ये चेहरे की डीप क्लींजिंग कर पाए।

**बेसन-हल्दी फेस पैक**

यदि आप चेहरे पर टैनिंग हो गई है तो इस पैक का इस्तेमाल करें। इसके लिए आपको एक बड़े चम्मच बेसन और एक चम्मच दही के अलावा थोड़ी सी हल्दी की जरूरत पड़ेगी।

इसका इस्तेमाल बेहद आसान है। इस्तेमाल के लिए आपको बस तीनों चीजों को एक कटोरी में डालकर अच्छी तरह से मिक्स करना है। सभी चीजों को मिक्स करने के बाद इस पेस्ट को ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर अप्लाई करें। 20 मिनट इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। बकरीद से पहले दो बार इस पैकका इस्तेमाल करें और फर्क देखें।

**शहद और नींबू फेस पैक**

ड्राई स्किन वाले लोगों के लिए ये फैस पैक काफी फायदेमंद रहेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ नींबू के रस और शहद की जरूरत पड़ेगी। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए एक कटोरी में सबसे पहले तो एक चम्मच शहद निकाल लें।। इस्तेमाल करें और फर्क देखें। अब उसमें नींबू का रस डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे अपने चेहरे पर अच्छी तरह से अप्लाई करें 15 मिनट तक ऐसे ही लगा रहने दें। इसके बाद अपने चेहरे को धो लें। ये स्किन को मॉइस्चर देता है और नचुरल ब्राइटनिंग करता है।

**दो बार कर लें स्क्रब**

बकरीद से पहले दो बार आप अपने चेहरे पर स्क्रब कर सकती हैं। इसके लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल करें। टमाटर और पिसी हुई चीनी को मिक्स करके चेहरे पर स्क्रब किया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से चेहरा पूरी तरह से खिल जाता है और चेहरे पर नयी चमक आ जाती है।

# आइब्रो थ्रेडिंग के क्या हैं नुकसान

जिस तरह से हाथ-पैरों के अनचाहे बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग और रेजर का इस्तेमाल किया जाता है, ठीक उसी तरह से आइब्रो के आस-पास अतिरिक्त बालों को निकालने के ज्यादातर महिलाएं थ्रेडिंग का सहारा लेती हैं। हालांकि आइब्रो को सेट करने के लिए कुछ महिलाएं रेजर का इस्तेमाल भी करती हैं, लेकिन थ्रेडिंग के जरिए आइब्रो सेट करना सबसे आसान होता है। इसी के चलते महिलाएं हर 15 से 20 दिन में पार्लर जाकर आइब्रो थ्रेडिंग कराती हैं। पर, क्या आप जानती हैं कि ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है। बहुत से लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है। इसी के चलते हम आपको यहां आइब्रो थ्रेडिंग के नुकसान बताने जा रहे हैं। ताकि आप भी पार्लर जाने से पहले एक बार सोच लें।

**त्वचा पर होगी जलन**-यदि आप बार-बार आइब्रो थ्रेडिंग कराएंगी तो इससे आपकी स्किन में जलन होने लगेगी। इसलिए आइब्रो थ्रेडिंग कराते समय थोड़ा समय अंतराल अवश्य रखें। ये दिक्कत ज्यादातर उन लोगों को होती है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है। इसलिए जिनकी स्किन सेंसिटिव है। वो तो खासतौर पर ध्यान रखें।

**हो सकते हैं पिंपल**-बार-बार आइब्रो थ्रेडिंग कराने की वजह से त्वचा पर मुंहासों की समस्या भी सामने आ सकती है। ऐसा इसलिए थ्रेडिंग से हेयर रिमूवल के बाद पोर्स खुले रहते हैं, जिससे बैक्टीरिया प्रवेश कर सकते हैं। इसी कारण पिंपल्स या छोटे फोड़े निकल सकते हैं। इसलिए यदि थ्रेडिंग करा रही हैं तो तुरंत धूल-मिट्टी में जाने से बचें।

# पुरुषों पर खूब जचेंगे ऐसे आउटफिट बकरीद पर पहनकर दिखाएं स्टाइल



बकरीद का त्योहार बलिदान और त्याग के लिए जाना जाता है। इस दिन मुस्लिम धर्म के लोग बकरे की कुर्बानी देते हैं। ये दिन अल्लाह की इबादत के लिए होता है, इसलिए लोग अपने घरों को सजाते हैं और नए-नए कपड़े पहनते हैं। महिलाएं तो अपनी तैयारी कई-कई महीने शुरू कर देती हैं, लेकिन पुरुषों को समझ नहीं आता कि वो क्या पहनें ? पुरुषों की इसी समस्या का हल हम लेकर आए हैं। हम आपको यहां कुछ ऐसे आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिसे आप बकरीद के दिन कैरी कर सकते हैं।

इस तरह के आउटफिट में आपका अंदाज बाकियों से एकदम अलग दिखेगा और लोग आपकी तारीफ करते थकेंगे नहीं।

**ब्लैक कुर्ता-सफेद पठानी**

ईद के मौके पर पठानी सलवार पहनना काफी अच्छा लगता है। यदि आपका शरीर हृष्ट पुष्ट है तो ब्लैक कुर्ता-सफेद पठानी सलवार पहनें।

अपने लुक को एथनिक बनाना है तो दुपट्टा अवश्य कैरी करें। दुपट्टे की वजह से ही आपका लुक अच्छा दिखेगा। यदि आपका कुर्ता एकदम सिंपल है तो वर्क वाला दुपट्टा कैरी करें।

**फ्लोरल आउटफिट**

गर्मी के मौसम में कुछ हल्का पहनने का विचार है तो इस फ्लोरल आउटफिट से बेहतर विकल्प आपके लिए नहीं हो सकता। व्हाइट रंग के इस कुर्ते पायजामे के साथ फ्लोरल प्रिंट की जैकेट आपके लुक को क्लासी बना देगी। यदि जैकेट अलग से खरीद रहे हैं तो आप इसे अलग रंग की मतलब की कॉन्ट्रास्ट में भी खरीद सकते हैं।

**ब्लैक शर्ट पैंट और जैकेट**

ब्लैक शर्ट पैंट तो काफी नॉर्मल और साधारण आटफिट है, लेकिन इसके साथ अगर आप कलरफुल सी जैकेट कैरी कर लेंगे तो आपका पूरा लुक ही बदल जाएगा। सिंपल ब्लैक पैंट शर्ट के साथ ऐसी प्रिंटेड या फिर हैवी काम वाली जैकेट अच्छी लगेगी।

**ग्रे कुर्ता और ब्लैक पैंट**

कुछ अलग सा पहनने का विचार है तो ग्रे रंग का कुर्ता भी आप कैरी कर सकते हैं।

इसके साथ ब्लैक रंग की पैंट या फिर जींस पहनें। ब्लैक और ग्रे का कॉम्बिनेशन देखने में काफी अच्छा और क्लासी लगता है। इसके साथ पैरों में लोफर सैंडिल्स पहनें और आंखों पर काला चश्मा भी लगाएं।

**सफेद अचकन**

यदि आप रॉयल लुक कैरी करना चाहते हैं तो सफेद रंग की अचकन से बेहतर विकल्प आपके लिए हो नहीं सकता।

यदि आप इसे पहन रहे हैं तो पैरों में उसी के हिसाब से फुटवियर कैरी करें। बालों को अकदम स्लीक स्टाइल में सेट करें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। हाथों में एक घड़ी आपक लुक में चार चांद लगा देगी।

# गर्मियों में घुंघराले बालों को ज्यादा देखभाल की जरूरत




गर्मियों में घुंघराले बालों की देखभाल करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि इस मौसम में पसीना, धूल, उमस और धूप बालों को रूखा, बेजान और फ्रिज़ी बना सकते हैं। लेकिन कुछ आसान घरेलू उपायों और सही हेयर केयर रूटीन से आप अपने घुंघराले बालों को हेल्दी और खूबसूरत बनाए रख सकती हैं। अगर आप इन आसान उपायों को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करेंगी तो आपके कर्ल्स न केवल खूबसूरत दिखेंगे बल्कि बालों की सेहत भी बनी रहेगी। आइए जानते हैं गर्मियों में घुंघराले बालों की देखभाल के आसान तरीके।

**हल्के शैम्पू का करें इस्तेमाल**

गर्मी में पसीना और धूल बालों को चिपचिपा बना सकते हैं, लेकिन बार-बार हेवी शैम्पू करने से बाल रूखे हो जाते हैं। इसलिए सल्फेट-फ्री, माइल्ड शैम्पू से हफ्ते में 2-3 बार ही बाल धोएं। इससे बालों की प्राकृतिक नमी बनी रहेगी।

**डीप कंडीशनिंग**

हर बार बाल धोने के बाद अच्छे कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

हफ्ते में एक बार डीप कंडीशनिंग या हेयर मास्क लगाएं ताकि घुंघराले बाल मुलाय और सुलझे हुए रहें। घर पर हेयर मास्क तैयार कर सकती हैं, इसके लिए दही में शहद और नारियल तेल मिलाकर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें।

**गर्म पानी से न धोएं बाल**

हमेशा गुनगुने या ठंडे पानी से बाल धोएं। गर्म पानी बालों की नमी चुरा लेता है और कर्ल्स डल लगने लगते हैं।

**तौलिया या कॉटन टी-शर्ट से सुखाएं बाल**

बालों को पोंछने के लिए माइक्रोफाइबर तौलिया या पुरानी कॉटन टी-शर्ट का इस्तेमाल करें। इससे फ्रिज़ कम होता है और बालों का टेक्सचर बना रहता है।

**तेज धूप से बचाएं बाल**

धूप में निकलते समय बालों को स्कार्फ, हैट या कैप से ढकें। ङ्क किरणें बालों को नुकसान पहुंचा सकती हैं और कर्ल्स बेजान लग सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 05 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ॠतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, दशमी तिथौ गुरु वासरे 26/17/ हस्त नक्षत्रे 29/10/ सिद्धि योग 09/14/ तैतिल करणे 13/06/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** गंगा दशमी। गंगा दशहरा। सेतुबंध श्री रामेश्वर प्रतिष्ठा दिवस।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन :** आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

## खबर एक नजर

### पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**रायबरेली।** पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी, सर्विलांस और लालगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने दो पशु तस्करों को हिरासत में लिया है। पुलिस टीम पर तस्करों ने फायरिंग की थी जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की थी। इसमें दो पशु तस्करों के पैर में गोली लगी है। सनगांव फतेहपुर निवासी मोहर्रम अली उर्फ खलीली अपने साथी मो चांद के साथ भोर पहर कार से लालगंज जा रहे थे। पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मेरुई तिराहे के पास एसओजी और पुलिस को देख इन दोनों ने कार को मोड़ लिया और दूसरी तरफ से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने इस पर कार का पीछा किया तो दीना का पुरवा गांव के पास कार गड्ढे में फंस गई और मोहर्रम अली व मो चांद कार से उतरकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो फायरिंग की गई। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें मोहर्रम अली और मो चांद के पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। आरोपियों के पास से एक कार, 21 हजार रुपये नकद और अवैध असलहा बरामद किया गया है। एएसपी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पशु तस्कर हैं और दोनों के खिलाफ फतेहपुर में मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ के बाद अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### प्रधान के घर पर की गई फायरिंग

**रायबरेली।** कमरे में सो रहे ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमले के इरादे से घर पर फायरिंग की गई। इससे कमरे की खिड़की का शीशा टूट गया। प्रधान ने रात में ही सूचना पुलिस को दी। बांसी परान ग्राम प्रधान दीपू सिंह उर्फ दीपेंद्र बहादुर सिंह कमरे में सो रहे थे रात लगभग 11.30 बजे फायरिंग की आवाज आई। नींद खुली तो देखा खिड़की का शीशा टूटा हुआ था। कांच के टुकड़े फैले हुए थे। बाहर निकलकर देखा तो हमलावर भागते हुए दिखाई दिए। दीपेंद्र सिंह ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। रात ही में गदागंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बुधवार सुबह ग्राम प्रधान दीपेंद्र सिंह की तरफसे मामले की तहरीर दी गई जिसमें उन्होंने अज्ञात व्यक्ति पर फायरिंग किए जाने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी गदागंज बालेंदु गौतम ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा फायरिंग की सूचना दी गई थी। जांच पड़ताल की गई है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

### विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन 05 जून से प्रारम्भ

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शासन के निर्देशों के अनुपालन में खरीफ 2025-26 में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम योजनांतर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन खरीफ, 2025 में किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश कृषकों के आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन में स्थाई एवं नियमित वृद्धि, कृषकों का आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन, कृषकों में कल्याणकारी शासन का विश्वास उत्पन्न करना तथा किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ कृषकों के द्वारा पर उपलब्ध कराना होता है।
जिलाधिकारी ने बताया है कि किसान को लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध होने पर यह नवीन तकनीक के साथ संतुलित खाद, उन्नत प्रमाणित बीज एवं अन्य कृषि निवेशों का प्रयोग कर सकता है, जिसके फलस्वरूप कृषि की उत्पादकता में वृद्धि होगी। इन सभी बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए 05 जून से 18 जून 2025 तक विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकास खण्ड राही, डीह में 05 जून को विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार विकास खण्ड डलमऊ, दीनशाहगौरा में 06 जून को, विकास खण्ड आमावं, हरचंदपुर में 09 जून, विकास खण्ड जगतपुर, ऊंचाहार में 10 जूनए विकास खण्ड लालगंज, सरेनी में 12 जून, विकास खण्ड सतावं, खीरों में 13 जून, विकास खण्ड महराजगंज, शिवगढ़ में 16 जून, विकास खण्ड बछरावां, रोहनियां में 17 जून, विकास खण्ड सलोन, छतोह में 18 जून को विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन किया जाएगा है। जिलाधिकारी ने कहा है कि कृषि निवेश मेलों के आयोजन में कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, इफ्को, कृभको, इण्डोग्ल्फ आदि उर्वरक निर्माता कम्पनियों के प्रतिनिधि विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे। उर्वरक कम्पनियां, बीज उत्पादक कंपनियां, कृषि रक्षा रसायन उत्पादक कंपनियां, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित समस्त विभाग अपना स्टाल लगाएंगे एवं एक पंजिका भी रखेंगे, जिसमें कृषकों द्वारा अपने सुझाव अंकित किये जायेंगे। कृषि निवेश मेलों में कृषि से सम्बन्धित सहयोगी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। यूपी एग्रो, बीज विकास निगम, कृषि उपकरण बनाने वाली कंपनियां स्प्रिंकलर, ड्रिप सिंचाई, सोलर पंप कंपनियां आदि भी अपने-अपने स्टाल लगायेंगे। साथ साथ यूपी एग्रो, पीसीएफ, सहकारिता विभाग अपने निवेशों को बिक्री हेतु उपलब्ध करायेंगे। इसके साथ ही साथ विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले मेलों में सम्बन्धित विकास खण्ड के निजी निवेश आपूर्तिकर्ता भी अपने से सम्बन्धित निवेशों को बिक्री हेतु उपलब्ध करायेंगे। जिन निवेशों पर अनुदान की सुविधा है, वह किसानों को अनुदान के रूप में उपलब्ध करायेंगे, इसके लिए जिला कृषि अधिकारी एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि इन कृषि निवेश मेलों में संबंधित विभागों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के अन्तर्गत कृषकों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाये। किसानों की मौखिक एवं लिखित शिकायत प्राप्त की जाए तथा इसका विवरण शिकायत कक्ष में रखी गयी पंजिका में अंकित किया जाये। प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित विभाग के प्रमुख अधिकारी नियमानुसार निराकरण करेंगे।

### दोनों घायल जिला अस्पताल रेफर

**रायबरेली।** बाइक सवार की तेज रफ्तार होने के चलते साइकिल सवार से टकराकर स्वयं डिवाइडर से टकरा गया। जिसमे दोनो गंभीर रूप से घायल हो जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। रविवार रात्रि 9. 00 बजे के आसपास बछरावां थाना क्षेत्र की लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर दामोदर खेड़ा के पास रामकिशोर पुत्र श्यामलाल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम दोस्तपुर थाना बछरावां प्रयागराज मार्ग होते हुए अपने गांव की ओर जा रहे थे। तभी मोनू पुत्र उमाशंकर निवासी कलंदर खेड़ा थाना नगराम अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। बाइक सवार की तेज रफ्तार होने के चलते उसने साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक मोनू उमाशंकर के साथ डिवाइडर से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार एवं साइकिल सवार दोनों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद राहगीरों की मदद से उन्हें एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया है। जहाँ उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर भावेश ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ के अधीक्षक डॉ प्रेमशरण ने अपने जन्मदिन पर अनूठी मिसाल पेश करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल की। उन्होंने सीएचसी परिसर में वृक्षारोपण कर न केवल पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई, बल्कि समाज को भी हरियाली और स्वच्छता का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रेमशरण ने केक काटकर साथी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को खिलाकर जन्मदिन की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वातावरण को शुद्ध और संतुलित बनाए रखने में वृक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज हमने जो पौधा लगाया हैए वह भविष्य में अनेक लोगों को छाया, ऑक्सीजन और जीवन देगा। मेरा मानना है कि हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन या किसी भी विशेष अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

# बारिश ने नाली सफाई अभियान की हकीकत खोली

**ब्लॉक कार्यालय का प्रवेश द्वार तालाब में तब्दील, भागीखेरा गाँव की गलियां जलमग्न, पानी में तैर रही गंदगी**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,सताँव, रायबरेली।** हल्की सी बारिस मे ही ब्लॉक क्षेत्र मे नाली सफ ाई अभियान की पोल खुल गई। ब्लॉक कार्यालय का प्रवेश द्वार तालाब में तब्दील हो गया। बुधवार को चार बजे से शुरू हुई बारिश के कारण क्षेत्र के अनेक गाँव मे जलभराव हो गया, जिससे आम जिन्दगी प्रभावित हुई। भीषण गन्दगी, पेयजल व बिजली की समस्या से जूझ रहे सताँव ब्लॉक कार्यालय के प्रवेश द्वार पर जलभराव, यहाँ के निकम्मे कर्मचारियों की हरामखोरी का जीता जागता उदाहरण है। मलिकमऊ चौबारा मे रायबरेली रोड पर स्थित ब्लॉक कार्यालय परिसर से जल निकासी का कोई इन्तजाम नही है। रोड ऊँची है और कार्यालय परिसर रोड से कम ऊँचाई पर है, जिससे रोड और आसपास का पानी कार्यालय के प्रवेश द्वार पर एकत्र होता है।

प्रवेश द्वार के पानी की निकासी के लिए कार्यालय परिसर मे नाली तो बनी है, लेकिन इसकी सफाई नहीं हुई, इसलिए पानी बाहर नहीं जा सका। खास बात यह है कि ब्लॉक कार्यालय मे चार सफ ाई कर्मी पूरे दिन तैनात रहते हैं फिर भी नाली साफ नहीं है। जब ब्लॉक मुख्यालय की नाली चोक है तो अन्दाजा लगाया जा सकता है कि गाँवों के हालात क्या होंगेघ् प्रवेश द्वार पर जलभराव होने के कारण लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी। ब्लॉक कार्यालय के अलावा कोरिहर, गोविन्दपुर कठोइया, कोन्सा, डोमापुर, ओनई पहाड़पुर, खुशरूपुर, सराँय मुबारक व बथुवा पंचायतों के अनेक गाँवों मे नालियों की सफाई न होने के कारण जलभराव की खबरें मिल रही हैं। कोन्सा पंचायत के भागीखेरा गाँव मे गलियों मे पानी भरा है। लोगों के घरों के आसपास खुदे शौचालय के गड्ढों मे पानी भरने के कारण उनकी गन्दगी गलियों मे फैल रही है। डोमापुर गाँव में जलभराव के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

**बीडीओ ने कहा**

सताँव के खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार कनौजिया ने बताया कि कार्यालय के अन्दर बनी नाली की सफाई कराई गई थी, लेकिन जहाँ यह नाली समाप्त होती है, वहाँ से आगे पानी बहने का जुगाड़ नहीं है, जिससे प्रवेश द्वार पर जलभराव हो जाता है। गाँवों में जलभराव होने के सवाल पर बीडीओ ने बताया कि सफ ाई कर्मियों की टीमें बनाकर सभी जगह सफाई कराई गई थी, लेकिन जहाँ से शिकायतें मिल रही हैं वहां फिर से सफाई कराई जायेगी।

## डीएम ने नेत्र चिकित्सालय में दो मशीनों का किया उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय में ऑटो रिफ्र क्टो किरैटोमीटर एवं ऑप्थेलमिक स्लिट लैंप मशीनों का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी कहा कि यह मशीनें नेत्र रोगों के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी। अधीक्षक डॉ एसके कटियार द्वारा बताया गया कि पहली मशीन का नाम ऑटो रिफ्र क्टो किरैटोमीटर जिसकी कीमत 4 लाख 15 हजार है। यह मशीन पहले से अस्पताल में उपलब्ध थी परन्तु मशीन बहुत पुरानी और अच्छी कंडीशन में नहीं थी। नई मशीन की बहुत आवश्यकता थी जिसको अस्पताल के पैसे से खरीदा गया है। इसका उपयोग मरीजों के चश्मे के पावर की जाँच के लिये किया जाता है और ऑपरेशन के वक्त इंट्रा एक्युलर लेंस का पावर निकालने के लिये भी प्रयोग किया जाता है। दूसरी मशीन का नाम ऑप्थेलमिक स्लिट लैंप है। जिसकी कीमत 1 लाख 28 हजार रुपए है। इसको भी अस्पताल के पैसे से खरीदा गया है। यह एक प्रकार का माइक्रोस्कोप है। उन्होंने बताया कि इन मशीनों को उपलब्ध कराने में जिलाधिकारी महोदया का विशेष योगदान रहा है। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ अपने बच्चों के नाम लगाने का लें संकल्प-अरविंद श्रीवास्तव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर भारत विकास परिषदए रायबरेली द्वारा शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आए हुए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि एक पेड़ अपनी माँ के नाम के साथ-साथ, हर व्यक्ति को अपने बच्चों के नाम से भी एक.एक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिएए ताकि भविष्य में हमारे बच्चों को ऑक्सीजन की कमी न होने पाए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संरक्षक डॉ आरबी श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिषद के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अम्बरीष अग्रवाल ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या स्मिता मिश्रा को पर्यावरण संरक्षण अभियान में योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। परिषद के द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेयी द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष राकेश कक्कड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार मिश्रा ने आए हुए सदस्यों एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। भारत विकास परिषद के सचिव




अजय त्रिवेदी ने कहा कि भारत विकास परिषद पर्यावरण के साथ.साथ विभिन्न सेवा क्षेत्रों में अपनी सेवायें देने के लिए कटिबद्ध है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के संरक्षक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष वीके अग्निहोत्री, उमेश अग्रवाल, राकेश मिश्रा, कमलेश श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव, विजय सिंह, राजाराम मौर्य, शिव कुमार गुप्ता, हरिशंकर मिश्रा, दलजीत कौर, लालता प्रसाद पांडेय का सहयोग सराहनीय रहा।

## किसान की नृशंस तरीके से हत्या, पुलिस की पकड़ से दूर हत्यारे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र के कपूरपुर गांव के पास स्थित नलकूप पर हुई किसान तेज बहादुर की नृशंस तरीके से हत्या के मामले में हत्यारा अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। घटना की जांच में जुटी पुलिस के शक की सुई किसी करीबी की तरफ ही इशारा करती है। बुधवार दोपहर करीब दो बजे पोस्टमार्टम के बाद किसान तेज बहादुर का शव गांव पहुंचा तो परिजनों सहित गांव में फिर से चीख-पुकार मच गई। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुषों की जमा भीड़ देख पुलिस के भी हाथ पांव फूल गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए भारी मात्रा में पुलिस फोर्स भी मौजूद रही। मृतक तेज़ बहादुर का शव गांव पहुंचा तो पत्नी रीता देवी



का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पत्नी ने क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र पाल से हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र पाल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार किया जाएगा। परिजनों को समझा-बुझाकर कर शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के अलावा दर्जनों शिक्षकों, ग्राम प्रधान व हजारों लोग मौजूद रहे। **मृतक किसान के परिवार के प्रति शोक.संवेदना करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों में-** वर्तमान सपा विधायक श्यामसुंदर भारतीय, लक्ष्मी कांत रावत, जिलापंचायत सदस्य विक्रांत अकेला सहित कई ग्राम प्रधान व हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम इकट्ठा रहा।

## डीएम को शिकायती पत्र देते हुए अवैध निर्माण रूकवाये जाने की मांग



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महराजगंज रायबरेली।** लेखपाल की मिली भगत से भूमाफिया द्वारा तहसील क्षेत्र के राघव पुर गांव में जमीन कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। गांव निवासी एक ग्रामीण ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए अवैध निर्माण रूकवाये जाने की मांग की है। मामले में जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ता ग्रामीण को कार्यवाही का आश्वासन दिया है। तहसील क्षेत्र के गोपाल खेड़ा मजरे राघव पुर गांव निवासी ननकऊ ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम सभा राघवपुर मे गाटा संख्या 187 रकबा 0.00 6 हेक्टेयर दर्ज कागजात है। जिसमें पांच खातेदार हैं गोपाल खेड़ा निवासी राजेश यादव पुत्र रामसेवक यादव आधे अर्थात रकबा 0.003 हैक्टेयर के ही हकदार है। परंतु राजस्व लेखपाल शिवेंद्र रावत की मिली भगत से वह छह बीघे जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे हैं। ननकऊ द्वारा मंडला आयुक्त लखनऊ से लेकर जिलाधिकारी तहसीलदार तक से मामले की शिकायत की गई है। परंतु भू माफिया का अवैध निर्माण लगातार जारी है। मामले में जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ता को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं मामले में तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत पर बीएसए को ही बना दिया गया जांच अधिकारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से बीएसए के खिलाफ की गई षिकायत में उनको ही खुद जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ से जांच अधिकारी बना दिया गया है। अपनी ही जांच उनकी तरफसे खुद ही की जाएगी। ऐसा शायद जिले में पहली बार होगा कि जिस अधिकारी व अधीनस्थ के खिलाफ जांच आई हो और उसको ही जांच अधिकारी बना दिया जाए। बता दें, शहर के शक्ति नगर मोहल्ला निवासिनी किरन सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायत करके बताया कि आखिर किस तरह से उनकी सहायक अध्यापिका बहू को तरीके से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय दुसौती में कार्यरत सहायक अध्यापक श्रद्धा सिंह का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। उनकी बहू का फरवरी महीने का वेतन एरियर के रुप में नहीं जारी किया गया था। इसके बाद जब उनसे एरियर को जारी करने के लिए कहा गया तो उनका विद्यालय प्रातःकालीन में 7:30 बजे चेक करके अनुपस्थित कर दिया गया। अनुपस्थित करने के बाद उनका एक दिन का वेतन जबरदस्ती प्रधानाध्यापक की तरफ से अनाधिकृत करा दिया गया। अनाधिकृत वेतन की बहाली को लेकर अनवरत बहू की तरफसे प्रयास किया गया। बहू का वेतन निकालने के बहाने उनसे अनैतिक कार्यों को करने के लिए कहा गया। उन्होंने इससे मना किया तो उनका वेतन रोक दिया गया और अन्य ब्लॉक व जिले में किसी भी जगह पर वेतन नहीं रोका गया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में बीएसए की भी स्वीकृति से मना नहीं किया जा सकता है। उनकी तरफ से की गई षिकायत के बाद में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव की तरफ से इस मामले की जांच कराने के लिए कहा गया है। अब जब जिलाधिकारी से इस मामले की जांच कराने के लिए कहा गया है तो अब बीएसए ही इस मामले के खुद ही जांच अधिकारी बन गए है।

**बीईओ को बीएसए ने दिया नोटिस**

शक्ति नगर मोहल्ला निवासिनी किरन सिंह की तरफ से मुख्यमंत्री कार्यालय में की गयी शिकायत के बाद बीईओ रिचा सिंह से इस मामले में दो दिन के अंदर में जवाब मांगा गया है। बीएसए ने नोटिस जारी करके कहा कि किरन की तरफ से की गई शिकायत के संबंद्ध में दो दिन के अंदर जवाब मांगा है। इसके साथ ही श्रद्धा सिंह का रोका गया वेतन एरियर के रूप में अप्लाई कराने के लिए कहा गया है।

## सीडीओ ने उत्तीर्ण बन्दियों को प्रमाण पत्र किये वितरित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिला कारागार रायबरेली में संस्था रूद्रान्जल फाउन्डेशन के द्वारा कम्प्यूटर का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के उपरान्त उत्तीर्ण बन्दियों को मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी बन्दियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जेल से बाहर निकलने के उपरान्त सीखे हुए कौशल से अपना जीवन यापन कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमान्शू रौतेला, जिला कौशल प्रबन्धक राजीव कुमार सिंह एवं धर्मेन्द्र मिश्रा तथा प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के कोऑर्डिनेटर बालेन्द्र सिंह एवं अन्य जिला कारागार के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यापारी सात प्रकार के टैक्स देते हैं, जिला पंचायत का टैक्स नहीं देंगे: बनवारी लाल कंछल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कस्बे के एक होटल में स्थानीय व्यापार मंडल की जिला कार्य समिति की बैठक में बोलते हुए कहा कि हमारा व्यापारी इनकम टैक्स, मंडी शुल्क, टीडीएस, जीएसटी सहित सात प्रकार के टैक्स देता है, इसलिए अब व्यापारी जिला पंचायत सहित अन्य कोई टैक्स नहीं देगा। व्यापारी नेता श्री कंछल के यहां पहुंचने पर संगठन के संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला, रविंद्र मुरारका, नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, प्रतीक शर्मा, पुष्कर गुप्ता आदि ने अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित



किया। व्यापारी नेता बनवारी लाल कंछल ने कहा कि अभी पिछले सप्ताह ही वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी से मिले थे और व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा था। इसके अलावा भी प्रदेश सरकार के 14 कैबिनेट मंत्रियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सैंपल भरने वाले अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि वह साल भर सैंपल भरे लेकिन त्योहार के मौके पर सैंपल न भरे अन्यथा व्यापार मंडल की टीम उनका विरोध करेगा। त्योहार के मौके पर ही व्यापारी का बिजनेस होता है, उस समय सैंपल भरना ठीक नहीं है। नगर पालिका व पंचायत के द्वारा हाउस टैक्स व वाटर टैक्स कई गुना बढ़ने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि किसी भी सूरत में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी मंजूर नहीं की जाएगी। प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय वाजपेई ने सर्राफा व्यापारियों की समस्याओं को उठाया और कहा कि जब कोई सर्राफा व्यापारी किसी से सामान खरीदना है तो अक्सर पुलिस चोरी का माल कहकर उसे पकड़ती है और सामान जब्त कर लेती है लेकिन उसे उसका पैसा नहीं मिलता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें सावधान होकर व्यापार करना है और चोरी आदि के माल को खरीदने से बचना चाहिए और जल्द ही लालगंज के सर्राफा व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल बीजेपी से मिलकर इस मसले पर वार्ता करेंगे। इस मौके पर दीपचंद गुप्ता, कैलाश गुप्ता, दीपक अवस्थी, रौनक भदौरिया, हंसराज विश्वकर्मा, लाला गुप्ता, रामगोपाल वैश्य, ओम प्रकाश शुक्ला, अनिल सिंह, श्रवन मौर्य, गंगासागर विश्वकर्मा, शिवम सोनी, कौशलेंद्र, कंचन त्रिवेदी समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ऊंचाहार की जनता अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित-अतुल सिंह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के कुरौली बुधकर, हमीरमऊ, मालिन का पुरवा, गौरा बाजार आदि गांव में चौपाल एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर श्री सिंह को ग्रामीणों ने बताया कि पीने के पानी की बहुत समस्या हैएहम लोग छुट्टा जानवरों से बहुत परेशान हैं, बिजली का बिल बहुत ज्यादा आ रहा है। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि मैं जल्द से जल्द आपकी समस्या से निजात दिलाने का प्रयास करूंगा। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क टूटी हैं, आवागमन में बड़ी परेशानी हो रही है। जिन गांव में जल निगम ने पाइप डालने के लिए नाली खोदी है वह सब ऐसे ही पड़ा है लोग उसमें गिर रहे हैं, सरकार को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। आज ऊंचाहार की जनता अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैएइनकी समस्याओं को भाजपा सरकार में कोई सुनने वाला नहीं है। मोदी सरकार देश की संस्थाओं को अडाणी को दे रही है, सरकारी संपत्तियों को प्राइवेट कंपनियों के हाथों में बेचा जा रहा है, हमारे नेता राहुल गांधी इन सब को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। आम आदमी अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। इसके बाद श्री सिंह ने गदागंज निवासी योगेन्द्र सिंह की लाइब्रेरी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गौरा ब्लाक अध्यक्ष दल बहादुर सिंह, मोबिन अंसारी, रामदत्त पांडे, वंश बहादुर सिंह, आशीष शुक्ला, राधेश्याम पासीएराम बहादुर लोधी, राजेंद्र सैनी, रमेश पटेल, नरेश गौतम आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## ब्लाक दिवस में आई चार शिकायतें

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी मसौली सन्दीप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित ब्लाक दिवस में चार शिकायत पत्र आई। जिसके निस्तारण के लिए सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

ब्लाक दिवस में ग्राम पंचायत नैनामऊ निवासिनी सोनम पत्नी बीर सेन ने आवास के लिए प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम पंचायत बुधवारा मजरे जकरिया निवासी जैनुल आबेदीन ने परिवार रजिस्टर नकल के लिए प्रार्थना पत्र के लिए वही शिवशंकर ने आवास के लिए प्रार्थना दिया है। ग्राम पंचायत गुरेला निवासिनी सीता देवी ने सामुदायिक शौचालय की कियरटेकर है।जिनका मानदेय न मिलने के कारण शिकायत किया है। जिसके निस्तारण के लिए खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव ने सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया।

## चौपाल लगाकर विधिक अधिकारों की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी ।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशानुसार फेज 5 के तहत वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली के नेतृत्व में थाना मसौली की टीम उपनिरीक्षक विपिन कुमार सिंह, उप निरीक्षक अभय गुप्ता महिला आरक्षी रितु सिंह, महिला आरक्षी किरन, कांस्टेबल रत्नेश पांडे ग्राम सुरसण्डा में चौपाल लगाकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए अभियान मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, एंटी रोमियो, साइबर जागरूकता के तहत बालिकाओ /महिलाओं को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, व साइबर क्राइम संबंधी अपराध ,यातायात के नियमों , बाल विवाह, पास्को एक्ट, नये कानून, घरेलू हिंसा, गुड टच ,बैड टच के बारे में अवगत कराया गया और महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर- 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076 ,माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 ,एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड की जानकारी दी।इसी क्रम के चलते




बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन हुई जिसमे मे पुलिस ने परम्परागत रूप से पर्व मनाने की अपील की वही जनप्रतिनिधियों ने पुलिस को सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने कहा कि हमारी प्राथमिकता शांति ,सद्भाव और एक दूसरे के प्रति विश्वास बनाए रखना है। ये समर्पण का पर्व हैं ।और हम सभी को अपने जिम्मेदारी का निर्वहन सामाजिक संदर्भ में करने के लिए सतत् प्रयास करना चाहिए प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि कुर्बानी के समय कोई वीडियो न बनाया जाय और न वाट्सअप फेसबुक पर डाला जाय ऐसी हरकत करने वालो पर पुलिस की कड़ी नजर है उन्होंने कुर्बानी के बाद के उतिष्ठ सामग्री को व्यवस्थित ढंग से निष्पादित करने का निर्देश मुस्लिम समाज को दिया ताकि उसके आड़ में असामाजिक तत्व कोई फायदा न उठा न सके साथ ही किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं देने की सख्त हिदायत दी और ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त करवाई करने की बात कही।

## ब्लाक प्रमुख के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी पंडित शिव प्रसाद तिवारी की बहू एवं रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी की धर्मपत्नी प्रतिभा तिवारी के हुए असमय निधन पर बुधवार को तेरहवीं संस्कार के मौके पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं अधिकारियों कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के हजारों संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत , पूर्व सांसद अंजू बाला चौधरी, पूर्व ग्राम्य विकास मंत्री अरविंद सिंह गोप पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत विधायक सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक अमरेश शुक्ला, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी गुड्डू जिला पंचायत अध्यक्ष गोंडा



घनश्याम मिश्रा, पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधायक कटरा बाजार बैजनाथ दुबे, पूर्व मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा, नगर पालिका बाराबंकी चेयरमैन प्रति निधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष रामनगर रामशरण पाठक, दरियाबाद ब्लाक प्रमुख आकाश पांडेय, पुरेडलाई ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह मिंटू, पूर्व जिलाध्यक्ष साकेंद्र कुशमेश, चेयरमैन प्रतिनिधि मोहन लालगंज सत्यम पांडेय भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र सीएचसी अधीक्षक प्रणव श्रीवास्तव पीजी कॉलेज के प्राचार्य कौशलेंद्र विक्रम मिश्र समाजसेवी चंद्र भूषण शुक्ला सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों अधिवक्ता पत्रकारों एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों का दिवंगत पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य स्वर्गीय प्रतिभा तिवारी को पुष्प अर्पित कर नमन करने वालों का देर रात तक ब्लॉक प्रमुख के मझौनी स्थित आवास पर देर रात तक तांता लगा रहा।

## ग्राम का नाम किया रोशन

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर ने जे ई ई एडवांस परीक्षा पास कर क्षेत्र के ग्राम अतरौली निवासी जयचंद्र रावत के पुत्र देवेंद्र ने जिले को गौरवान्वित किया है।जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत सूर्यपुर खप्रैला के मजरे अतरौली निवासी देवेंद्र ने फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज सफदरगंज से इंटरमीडिएट परीक्षा पास कर आई आई टी कानपुर में जेईई एडवान्स 2025 की प्रतियोगी परीक्षा में ऑल इंडिया में 3441 वां रैंक हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है. देवेंद्र वर्ष 2024 मे 12वीं की परीक्षा 87.7 अंक से पास की. जिसके बाद अब एंटीए जे ई ई मैंस की परीक्षा में 87. 67 परसेंटाइल तथा एस सी वर्ग की परीक्षा पास कर बड़ी सफलता हासिल की थी। जेईई एडवांस एक महत्वपूर्ण परीक्षा है, जो छात्रों को आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश और बेहतर करियर का अवसर प्रदान करती है।

## खबर एक नजर

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत एक गांव से 14 वर्ष की किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीडित पिता ने नामजद तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही एवं पुत्री को वापस दिलाने की मांग की हैं। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी हैं।कोतवाली हैदरगढ़ में दर्ज कराए गए मुकदमे में पीड़ित पिता ने बताया कि गत 2 जून को थाना सुबेहा के थलवारा गाँव निवासी राजेन्द्र उसकी नाबालिग पुत्री 14 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पता चला है कि उसकी नाबालिक पुत्री आरोपी राजेंद्र के साथ दिल्ली में रह रही है। पीड़ित पिता ने आशंका व्यक्त की है कि आरोपी उनकी पुत्री के साथ अप्रिय घटना को भी अंजाम दे सकता है।

### महिला ने विपक्षी पर लगाया बदनाम करने का संगीन आरोप

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना लोनी कटरा अंतर्गत गौरवा उस्मानपुर गांव निवासी एक महिला ने इसी गांव निवासी विपक्षी पर अय्याशी करने के झूठे आरोप लगाने और मारपीट करने का आरोप लगाया है ।पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गांव निवासी महिला ने बताया कि उनके गांव के रहने वाले रामकुमार पुत्र हरी लाल शराबी, दबंग एवं अय्याश किस्म के व्यक्ति हैं। बताया कि कि अपनी दबंगई के चलते उस पर अन्य लोगों के साथ अय्याशी करने का आरोप लगाते हुए अपमानित करते है, यही नहीं विरोध करने पर गन्दी गंदी गालियां देते हुए एक सप्ताह पूर्व उसके साथ मारपीट भी कर चुके है।

### 24 घंटे में पुलिस ने कर दिया चोरी का खुलासा तीन चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी ।**कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बबुरिहा का पुरवा मजरे गोतौना गांव में हुई चोरी में चोर साउंड सर्विस की दुकान से डीजे मशीन चुरा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। इसी गांव निवास रामजीत पुत्र दयाराम रावत ने सड़क के किनारे डीजे की दुकान खोल रखी है। 2 जून की शाम दुकान बंद करके घर चला गया था तीन जून को दुकान खोलने आए पीड़ित को दुकान का ताला टूटा मिला और डीजे मशीन गायब मिली थी। जिस पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के मिश्रन का पुरवा मजरे रौनी गांव निवासी विशाल कुमार, इसी ग्राम पंचायत के सूबेदार का पुरवा निवासी वेद प्रकाश सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डीजे मशीन को बरामद करने में सफलता हासिल की है

### पंखा चलाते वक्त लगा करंट युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिले के बड्डूपुर थाना क्षेत्र में बीती राता पंखा चलाते वक्त उतरे करंट से युवक की मौत हो गई।अचानक हुए हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बरड्डूपुर थाना क्षेत्र के बिबियापुर मजरे खिझना के अनिल वर्मा (45) मंगलवार की देर रात घर में बिजली का पंखा चलाने जा रहा थे, प्लग लगाते ही अनिल पंखे में उतरे करंट की चपेट में आ गया। चीख पुकार सुनकर अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे और गंभीर दशा में अनिल को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के दो मासूम बच्चे हैं। घटना के बाद पत्नी बेसुध हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष बड्डूपुर मनोज कुमार ने बताया कि पंखा लगाने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत होने की सूचना मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अंगवस्त्र भेंट कर दी गई विदाई

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** इंडियन बैंक शाखा मिश्रा मार्केट नाका सतरिख बाराबंकी मे सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात सोनू मिश्रा को मिले प्रमोशन के बाद विकास खण्ड हरख के इंडियन बैंक नेवली शाखा के सहायक प्रबंधक बनाये जाने पर बैंक ग्राहकों एवं स्टापकर्मियों ने अंगवस्त्र भेंट कर विदाई दी।बताते चले कि सतरिख नाका शाखा मे बीते 10 माह से सहायक प्रबन्धक पद पर तैनात सोनू मिश्रा के कार्यकुशलता एव व्यवहार से ग्राहकों को बैंक सुविधा सुचारु रूप से मिलती थी सोनू मिश्रा की लगन एवं कार्य को देखते हुए बैंक ने पदोउन्नति करते हुए विकास खण्ड हरख की नेवली शाखा में सहायक शाखा प्रबंधक के पद पर नियुक्ति मिली है। इस मौके पर शाखा प्रबंधक क्षितिज स्वामी, सहायक प्रबंधक पुष्पेंद्र वर्मा सहित बैंक के कर्मचारी एव ग्राहकों ने अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर विदाई दी।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती पर उठे सवाल

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती में हुए चयन को लेकर शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही है। पात्रों को अपात्र व अपात्रों को पात्र बनाने के लिए लाखों की धनराशि वसूले जाने का गंभीर आरोप एक विधवा महिला ने लगाया है। जानकारी के अनुसार आवेदिका विधवा महिला दिप्ती सिंह ने मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी ग्राम पंचायत में उसे सिर्फ इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर नियुक्त नहीं किया गया क्योंकि वह लाख रूपए देने की स्थिति में नहीं थी। आवेदिका ने स्पष्ट कहा है कि विकास भवन में भी दलालों का बोलबाला है और ग्राम सभा में आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्तियों में शामिल जिस महिला की नियुक्ति की गई है उसके घर में ट्रैक्टर, बीस बीघा जमीन, पति का लकड़ी का कारखाना, मोटर साइकिल व दो मंजिला पक्का में निवास करती है।

## विकसित कृषि संकल्प कार्यक्रम संपन्न

**स्वतंत्रभारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत कान्हूपुर में विकसित कृषि संकल्प कार्यक्रम के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उद्यान प्रशासन द्वारा गन्ना की खेती से जुड़ी जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम में चीनी मिल के बादल सिंह वरिष्ठ गन्ना विकास अधिकारी बादल सिंह एवं प्रगतिशील किसान बृजेश कुमार त्रिपाठी ने किसानों को बुवाई, रोग, कीट प्रबंधन एवं सप्लाई से लेकर चीनी मिल द्वारा किसानो के हित मे चलाई जाने योजनाओं जैसे जीन पाइप, झटका मशीन, आगेती धान की बीज़, लाइट ट्रेप गन्ने की खेती से होने वाले लाभ तथा चीनी मिल कि गन्ना मूल्य की प्रकिया नए किसानो को 75 छूट पर गन्ना बीज़ उपलब्ध कराने तथा गन्ना बुवाई से लेकर कटाई तक सारी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गन्ना किसान मौजूद रहे।

## वेयर हाउस में हुई चोरी का अनावरण, तीन अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा वेयर हाउस में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर तीन अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे/निशांदेही पर चोरी का 108 कॉपर की छड़ (अनुमानित कीमत करीब 01 लाख रुपये) व करीब 50 हजार रुपये नकदी बरामद हुए। क्वालिक्स इन्फार्मेशन सिस्टम एलएलपी कम्पनी के सीनियर इंजीनियर/वादी सौरभ कुमार द्वारा सूचना दिया गया कि थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम टिकरिया स्थित वेयर हाउस, जो आईएचसीएमएल से प्राप्त टेंडर के सामान रखने के लिए किराये पर ले रखा है, से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कम्पनी का कुछ सामान चोरी किया गया है, सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला कि 02 मई की रात्रि 05 लोग कॉपर की छड़ व इलेक्ट्रानिक सामान चोरी कर ले गए। उक्त सूचना के आधार पर थाना देवा पर मु0अ0सं0 275/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस



पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उक्त चोरी की घटना का शीघ्र अनावरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स, सीसीटीवी फुटेज एवं डिजिटल डेटा की मदद से चोरी की घटना का सफल अनवारण कर आज तीन अभियुक्तों विशाल कुमार रावत पुत्र रामपाल निवासी कठौतापुरवा थाना गोमतीनगर जनपद लखनऊ, संजीत साहनी उर्फ पहाड़ी पुत्र श्यामलाल सैनी उर्फ हरिलाल निवासी तकरोही मायावती कालोनी थाना इन्दिरानगर जनपद लखनऊ व मोहित रावत पुत्र रघुनाथ निवासी श्रीकेशनपुरवा थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर चोरी का 108 कॉपर की छड़ (लाइटिंग अरेस्टर 500 एमएम) व करीब 50 हजार रुपये नकदी बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण का एक गैंग है जो चोरी करने से पूर्व रेकी कर घटना को अंजाम देते है तथा चोरी किए गए सामान को राह चलते गाड़ी वालों को बेचकर आपस में बंटवारा कर लेते है। अभियुक्तगण द्वारा अपने अन्य साथियों गोविन्द, सैज उर्फ फैय्याज उर्फ फैज व जाबिर अली उर्फ नन्के के साथ मिलकर थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत टिकरिया सर्विस रोड के पास बने वेयर हाउस से कॉपर की छड़ व इलेक्ट्रानिक उपकरण चोरी किया गया था जिससे बरामद सामान को आपस में बंटवारा कर लिया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा अपने हिस्से के कुछ सामान को जलकल विभाग के पास छिपा दिया गया था और आज बेचकर बंटवारा करने के फिराक में थे। अभियुक्तगण का साथी गोविन्द एक अन्य चोरी के मामले में थाना चिनहट लखनऊ से गिरफ्तार होकर जेल में है। वांछित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे है।इसी क्रम में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर आज अभियुक्त जसीम अहमद पुत्र सिराज अहमद निवासी ग्राम असहियापुर थाना कैसरगंज जनपद बहराइच, हालपता- ग्राम रुकनापुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच को देवा-फतेहपुर रोड पर कल्याणी नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक बुलेट मोटरसाइकिल नं0- एमएच 04 एलएल 0021, एक मोबाइल फोन, एक ब्लूटूथ, एक घड़ी, एक तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।

## फेयर एक्सपोर्ट स्लॉटर यूनिट का डीएम व एसपी द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद के कुर्सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित फेयर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड स्लॉटर यूनिट का बुधवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यूनिट के भीतर संचालित मांस प्रसंस्करण गतिविधियों का संपूर्ण जायजा लिया। पशु कल्याण नियमों, स्वच्छता व्यवस्था, फूड सेफ्टी मानकों और श्रमिकों को उपलब्ध सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। यूनिट में कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर उनके कार्यस्थल की परिस्थितियों को समझा गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि उन्हें चिकित्सा, विश्राम व सुरक्षा जैसी आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। निरीक्षण का विशेष फोकस फेयर एक्सपोर्ट यूनिट से निकलने वाले अपशिष्ट जल पर रहा। जल उपचार संयंत्र (ईटीपी) की कार्यप्रणाली की सूक्ष्मता से जांच की गई तथा मौके पर ही जल की शुद्धता की प्रयोगशाला स्तर पर जांच की गई।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के उपरांत एजेंसी प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्यावरणीय नियमों एवं पशु कल्याण कानूनों का पूर्णतया पालन किया जाए। जल शुद्धता से जुड़ी रिपोर्टें नियमित रूप से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उपलब्ध कराई जाएं और ईटीपी की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।जिससे उत्पादन के साथ-साथ जनहित और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता मिल सके।पुलिस अधीक्षक ने एजेंसी की सुरक्षा व्यवस्था की जांच करते हुए निर्देश दिए कि परिसर में सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह सक्रिय रहें, प्रवेश-निकास की निगरानी कड़ी हो और सुरक्षा कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी फतेहपुर श्री कार्तिकेय सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि सहित तकनीकी अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही।

## देश के हर नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का संरक्षक है संविधान : तनुज पुनिया

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** संविधान केवल एक दस्तावेज नही, बल्कि देश के हर नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का संरक्षक है। ये देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को सुनिश्चित करने की आधारशिला है। हमें ये नही भूलना चाहिए कि, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने जिस सामाजिक न्याय की कल्पना की थी आज भी वो पूरी तरह साकार नही हो पायी है। सामाज के वंचित तबके को आज भी समान अवसर, शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं की ल?ाई ल?नी प? रही है। आज की ये संगोष्ठी न केवल विचारों का आदान प्रदान है बल्कि एक आन्दोलन की शुरूआत है, सामाजिक न्याय की पूर्ण स्थापना हेतु। उक्त उद्गार लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी के सांसद और कार्यक्रम



के मुख्य अतिथि तनुज पुनिया ने आज वि0ख0 फतेहपुर में स्थित डायमण्ड मैरिज हाल में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव इं0 आदर्श पटेल द्वारा आयोजित ''संविधान और सामाजिक न्याय'' विषयक विचार संगोष्ठी में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन रमाकान्त मौर्या ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में श्री नीरज भाई पटेल (नेशनल जनमत), तथा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव सुशील पासी थे। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुये मुख्य वक्ता नीरज भाई पटेल ने संविधान को सामाजिक क्रांति का आधार बताते हुये कहा कि, जबतक समाज के सभी वर्गों को समान अवसर नही मिलेगा तब तक लोकतन्त्र अधूरा रहेगा। न्याय, समानता, स्वतन्त्रता और बंधुत्व केवल शब्द नही एक आन्दोलन है जिसे हर पीढ़ी को आगे बढ़ाना होगा। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों को रेखांकित करते हुये कहा कि, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीब मजदूर किसान और पिछड़े वर्ग के पक्ष में आवाज उठाई है और संविधान के संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी ने हमेशा संविधान की मूल भावना के अनुरूप कार्य किया है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय को पहुंचाने की दिशा में ठोस पहल की हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने आयोजक, प्रदेश कांग्रेस सचिव आदर्श पटेल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि, ये आयोजन बाराबंकी के लिये गौरव का विषय है जिसमें महत्वपूर्ण वक्ताओं ने अपनी सहभागिता निभाई। आज हमें बाबा साहब के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है जिससे हर व्यक्ति गरिमा के साथ जी सके।

## सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार के 11 साल : अवनीश

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि भारत को आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबसे प्रभावशाली व नेतृत्व मिला है। मोदी सरकार के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इन 11 वर्षो में भारत की विरासत से विकास तक की यात्रा ऐतिहासिक है। भारत की गौरवशाली विरासत को आजादी के बाद पहली बार पहचान मिली है।जिला प्रभारी आज मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर आयोजित होने वाले अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन - जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र भी दिया।कार्यकर्ताओं से हर वर्ग और संगठन को इस अभियान से जोड़ने और लाभार्थियों के अनुभव साझा



करने की अपील की। कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं जिस पर हर भारतीय गौरवान्वित है। कहा, नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो रामलला के मंदिर के शिलान्यास और प्राण प्रतिष्ठा दोनों में शामिल हुए। वहीं कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने रामलला का दर्शन करना भी सांप्रदायिक मान लिया था।उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत के पुनर्स्थापना का श्रेय भी प्रधानमंत्री मोदी को दिया।कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा,काशी विश्वनाथ धाम का पुनरोद्धार और महाकुंभ जैसे आयोजन से प्रदेश की छवि बदल रही है। इन सबके चलते प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या देश में नंबर एक पर पहुंच गई है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से शक्ति केंद्रों पर लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड बनवाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया।कहा , एक समय था जब ट्रेन से पानी पहुंचाने की व्यवस्था होती थी, जबकि आज हर घर नल से जल पहुंच रहा है। कहा 2014 से पहले आवास, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे लोगों तक आज कैसे सुविधाएं पहुंच रही हैं ,इसके बारे में आमजन को बताना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य ताकत एवं पीएम मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति का एहसास दुनिया को कराया।गत 11 वर्षो में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के मुहाने पर पहुंच गया है।

## रचनात्मक गतिविधियों में दिखी भाषा की चमक

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित समर कैंप में आज का दिन भाषाई अभिव्यक्ति और रचनात्मकता को समर्पित रहा। जिले के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्त विहीन विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने आज विभिन्न साहित्यिक व भाषा आधारित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिन का शुभारंभ 1/2 घंटे के योग एवं व्यायाम से हुआ, जिससे विद्यार्थियों ने तन-मन को ऊर्जावान बनाया। इसके उपरांत शिक्षकों के मार्गदर्शन में खेल-खेल में व्याकरण की गतिविधि आयोजित की गई, जिससे विद्यार्थियों ने व्याकरण के नियमों को सहज रूप में सीखा।सुनो ड्क सोचो और लिखो जैसी गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने श्रवण, चिंतन एवं लेखन कौशल का अभ्यास किया। मूक अभिनय के माध्यम से उन्होंने भावों की प्रस्तुति दी, जबकि वाद-विवाद और संवाद लेखन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने सामयिक विषयों पर धाराप्रवाह अभिव्यक्ति की। कविता लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पर्यावरण, शिक्षा, मातृभाषा, नारी सशक्तिकरण जैसे विषयों पर भावनात्मक और सृजनात्मक रचनाएँ प्रस्तुत कीं। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी0 त्रिपाठी ने पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज बरौली जाटा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों की समर कैम्प में सक्रिय सह हभागिता की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में सहायक कई महत्त्वपूर्ण बातें बताईं। वहीं, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (मा0) श्री अखिलेन्द्र सिंह ने राजकीय इण्टर कॉलेज शहाबपुर एवं राजकीय हाई स्कूल बांसा का भ्रमण कर शिक्षण-सहगामी गतिविधियों की निगरानी की तथा विद्यार्थियों को संतुलित, स्वस्थ आहार एवं समय प्रबंधन हेतु प्रेरक सुझाव दिए।

# बेंगलुरू में दिनभर जश्न में डूबे रहे आरसीबी के प्रशंसक

**नई दिल्ली।** आरसीबी की खिताबी जीत को लेकर सुबह से ही बेंगलुरू में प्रशंसक खुशी से झूम रहे थे। एयरपोर्ट से लेकर चिन्नास्वामी स्टेडियम तक पूरा बेंगलुरू शहर जश्न में डूबा दिखा। रॉयल चैलेंजर्स

### आईपीएल खिताब जीतने के बाद विराट कोहली ने जताया प्रशंसकों का आभार

बेंगलुरु (आरसीबी) की खिताबी जीत का जश्न बुधवार को बंगलूरू में जोर-शोर से मनाया गया। आईपीएल 2025 की विजेता टीम आरसीबी का बंगलूरू पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले एयरपोर्ट पर कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। फिर एयरपोर्ट से लेकर टीम होटल तक रास्ते में प्रशंसकों का भारी हुजूम दिखा।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में आरसीबी ने पंजाब को छह रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब की टीम सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी। आरसीबी आईपीएल चैंपियन बनने वाली आठवीं टीम है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, डेक्कन चार्जर्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चैंपियन बन चुकी हैं। इसके साथ बी आरसीबी का 18 सत्र का इंतजार खत्म हो चुका है। आखिरकार विराट कोहली भी आईपीएल चैंपियन बन गए हैं।

आरसीबी की खिताबी जीत को लेकर सुबह से ही बंगलूरू में प्रशंसक खुशी से झूम रहे थे। एयरपोर्ट से लेकर चिन्नास्वामी स्टेडियम तक पूरा बंगलूरू शहर जश्न में डूबा दिखा। आरसीबी की टीम एयरपोर्ट से सीधा होटल पहुंची, जहां टीम का स्वागत किया गया। आरसीबी की टीम होटल से विधानसौधा पहुंची जहां कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राज्यपाल



थावर चंद गहलोत ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने माला पहनाकर खिलाड़ियों का सम्मान किया। हालांकि, इस दौरान बारिश भी आई। विधानसौधा में सम्मान समारोह के बाद खिलाड़ी चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचे जहां दर्शकों की भारी भीड़ के बीच आरसीबी की जीत का जश्न मना। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ट्रॉफी लेकर स्टेडियम के बीच में बने मंच पर पहुंचे। इस दौरान विराट कोहली और पाटीदार ने दर्शकों को संबोधित किया और उनका टीम का लगातार समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया। आरसीबी के खिलाड़ियों को खुली बस में विजयी परेड भी निकालनी थी, लेकिन प्रशंसकों की भारी भीड़ के चलते इस कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा। कोहली और पाटीदार के संबोधन के बाद आरसीबी के खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेकर स्टेडियम के चारों ओर चक्कर लगाए और दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत के जश्न के दौरान आरसीबी के खिलाड़ी आईपीएल की ट्रॉफी लेकर चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री लैप की। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दर्शकों की भारी भीड़ थी। इस कार्यक्रम को विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार ने संबोधित किया और प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत विराट कोहली के संबोधन से हुई। कोहली ने कहा, 'यह इंतजार काफी लंबा रहा है, लेकिन आप सबके समर्थन के कारण यह संभव हो सका। आप सभी के समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।'

कार्यक्रम के दौरान आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ट्रॉफी लेकर मंच पर पहुंचे। पाटीदार ने कहा, 'आखिरकार हमने ट्रॉफी जीत ली, आप सभी इस जीत के हकदार हैं। इस भव्य स्वागत के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। हम सभी

### मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं

आरसीबी टीम के 18 साल में पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ सबसे ज्यादा खुश विराट कोहली दिखाई दिए जो पहले सीजन से लेकर अब तक इसी टीम से खेल रहे हैं। कोहली ने इस जीत को बेंगलुरु के फैंस की जीत भी ट्रॉफी जीतने के बाद बताया था। वहीं अब विक्ट्री परेड के लिए उम्मीद से अधिक फैंस के पहुंचने के बाद वहां पर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद कोहली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर आरसीबी के फ्रेंचाइजी के आधिकारिक बयान को पोस्ट किया है, इसी के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं। पूरी तरह से टूट गया हूं।

## करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी को मिली जीत

**नई दिल्ली।** सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर में के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट तक चले शुरुआती दौर के कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 15-21, 21-16, 21-17 से हराया। इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से 14-21, 9-21 से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों 15-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ 11-21, 21-16, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## उजबेकिस्तान में दिखेगा बिहार का दम

### सवात वर्ल्ड कप में भारत की ओर से तीन खिलाड़ी करेंगे प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** खेल के मैदान में बिहार के खिलाड़ियों का जलवा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखने जा रहा है। उजबेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में 23 से 27 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाले सवात वर्ल्ड कप 2025 के लिए बिहार के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। यह चयन उनकी पिछली उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए ऐशियन सवात महासंघ (ईरान) और राष्ट्रीय सवात संघ द्वारा किया गया है।

स्वीटी कुमारी यूथ कैटेगरी में खेलेंगी। उन्होंने इससे पहले साउथ ऐशियन सवात चैंपियनशिप 2024 में भारत को दो-दो गोल्ड मेडल दिलाए थे। इसके साथ ही उन्होंने ऐशियन सवात चैंपियनशिप, इंडोनेशिया में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया था। अब वह वर्ल्ड कप में भारत के लिए चुनौती पेश करेंगी। वहीं, प्रियम कर्ण कैडेट वर्ग में हिस्सा लेंगे। उन्होंने इंडोनेशिया में आयोजित ऐशियन सवात चैंपियनशिप 2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई थी। जबकि तीसरे खिलाड़ी यस राज ने नेशनल फेडरेशन कप और नेशनल सवात चैंपियनशिप दोनों में गोल्ड मेडल जीतकर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की है। राज्य सवात संघ बिहार के सचिव शिहान राहुल श्रीवास्तव ने तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम में चयन का पत्र सौंपते हुए गर्व जताया कि भारत पहली बार सवात फ्रेंच बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भाग लेने जा रहा है और उसमें बिहार से सर्वाधिक तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उन्होंने इसे पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया और विश्वास जताया कि अगर भारतीय टीम का नेतृत्व बिहार को मिलता है, तो ताशकंद में भारत का झंडा लहराना तय है। इस अवसर पर राज्य सवात संघ बिहार की कोषाध्यक्ष सेंडाई शिल्पी सोनम ने कहा कि यह देखकर बेहद गर्व होता है कि बिहार के खिलाड़ी अब विदेशी खेल प्रतियोगिताओं में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि बिहार अब खेल के हर मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है और राष्ट्रीय टीम में खिलाड़ियों की भागीदारी इसका प्रमाण है। शिहान राहुल श्रीवास्तव ने यह भी उल्लेख किया कि रास वर्ल्ड जैसी संस्थाओं के प्रयासों से अब भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवात् खेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है और बिहार के खिलाड़ी इस बदलाव के अग्रदूत बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारत के खेल इतिहास में एक नए युग की शुरुआत है, जिसमें बिहार की भूमिका निर्णायक साबित हो रही है।

## आरसीबी को बेहतर योजना बनानी चाहिए थी : सैकिया

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की आईपीएल जीत के जश्न में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के लिये तैयारियों में चूक को दोषी ठहराया जबकि आरसीबी टीम प्रबंधन ने कहा कि क्रिकेटप्रेमियों की भावनाओं के साथ हमदर्दी रखनी चाहिये। आरसीबी के 18 साल के इंतजार के बाद पहले आईपीएल खिताब जीतने से शहर में जश्न का माहौल था जो आज गम में बदल गया । स्टेडियम के बाहर लाखों की तादाद में प्रशंसक जुटे थे जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं सकी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई से कहा ,'' यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है । यह लोकप्रियता का नकारात्मक पहलू है । लोग अपने क्रिकेटरों के लिये पागल हैं । आयोजकों को इसकी बेहतर योजना बनानी चाहिये थी । मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनायें । मैं घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं ।''

उन्होंने कहा ,'' इस स्तर के जीत के जश्न के आयोजन के लिये पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिये थे और सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखना था । कहीं न कहीं तो कोई चूक हुई है ।'' उन्होंने कहा ,'' आईपीएल के इतने शानदार अंत के बाद यह रंग में भंग हो गया । पहले भी आईपीएल जीत के जश्न हुए हैं जैसे पिछले साल केकेआर के जीतने पर कोलकाता में हुआ था लेकिन वहां कुछ नहीं हुआ ।''

## शेयर बाजार में सेंसेक्स 260 अंक उछला, निफ्टी 24620 पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद बुधवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी तीन दिनों की गिरावट के बाद बुधवार को हरे निशान पर बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों में खरीदारी से भी बाजार को मजबूती मिली। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक या 0.32 प्रतिशत चढ़कर 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 349.78 अंक या 0.43 प्रतिशत चढ़कर 81,087.29 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 77.70 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 24,620.20 पर पहुंच गया।



**मिंत्रा:** मिंत्रा की 22वीं एंड ऑफ रीज़न सेल ईओआरएस 12 जून तक चलेगी। टियर 1, टियर 2 और उभरते हुए शहरों के ग्राहकों को इस सेल में 10,000 से अधिक ब्रांड्स के 4 मिलियन से ज्यादा स्टाईल मिलते हैं, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय, स्वदेशी और घरेलू ब्रांड्स के बेहतरीन स्टाईल्स शामिल हैं। ईओआरएस के 22वें संस्करण के बारे में भारत कुमार, हेड ऑफ रेवेन्यू एंड ग्रोथ, मिंत्रा ने कहा, ''ईओआरएस का हर संस्करण भारत में शॉपिंग के तरीके को बेहतर बनाने के मिंत्रा के उद्देश्य का प्रमाण है।

**एथर एनर्जी:** एथर एनर्जी लिमिटेड के फैमिली स्कूटर, रिज़्टा की 1 लाख से अधिक यूनिट बिक चुकी हैं। रिज़्टा ने बाजार में उतरने के एक साल के अंदर यह उपलब्धि हासिल कर ली है। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अप्रैल, 2024 में लॉन्च किया गया था। रिज़्टा को भारत में फैमिली स्कूटर के ग्राहकों ने बहुत पसंद किया है, जिन्होंने एथर के बाजार अंश को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस उपलब्धि के बारे में रवनीत फोकेला, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, एथर एनर्जी ने कहा, ''रिज़्टा की 1 लाख से अधिक यूनिट्स का बिकना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

**डॉल्बी एटमॉस पेशकश:** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने मिलकर आज महिंद्रा थार आरओएक्सएक्स एएक्स7एल वैरिएंट में डॉल्बी एटमॉस पेश किया। एसयूवी में 4 चैनल के साथ डॉल्बी एटमॉस इमर्सिव ऑडियो देने वाला यह ग्लोबल एसयूवी बाजार में पहला इनोवेशन है। एसयूवी में एंटरटेनमेंट के अनुभव को बदल रही है। करन ग्रोवर, सीनियर डायरेक्टर, कमर्शियल पार्टनरशिप्स आईएमआईए, डॉल्बी लैबोरेटरीज़ ने कहा, ''हम महिंद्रा के साथ इस सहयोग द्वारा खासकर भारत में अपने ग्राहकों को पेश की जा रही संभावनाओं के लिए उत्साहित हैं। वेलुसामी आर, प्रेसिडेंट ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कहा, महिंद्रा में हम लगातार ऑटोमोटिव इनोवेशन के असीमित दायरों की ओर बढ़ते रहते हैं।

**कैविनकेयर:** कैविनकेयर ने मद्रास मैनेजमेंट एसोसिएशन के साथ मिलकर चिन्नीकृष्णन इनोवेशन अवार्ड्स 2025 के 14वें संस्करण के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। ये प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत के स्टार्टअप्स औरएमएसएमईद्वारा किए गए परिवर्तनकारी और प्रभावशाली नवाचारों को सम्मानित करते हैं। जिन कंपनियों का वित्तीय वर्ष 2023-24 में वार्षिक टर्नओवर 50 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है, वे आवेदन के लिए पात्र हैं। के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सीके रंगनाथन ने कहा, इस पुरस्कार का मूल उद्देश्य ऐसा नवाचार है जो आम लोगों के जीवन में गहरा और महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है।

## सोना 260 रुपये उछला, चांदी तेज बढ़त के साथ 102100 पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के बीच बुधवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 260 रुपये बढ़कर 99,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु मंगलवार को 70 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु 100 रुपये बढ़कर 98,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। वहीं, बुधवार को चांदी की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,02,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सफेद धातु 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



**साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव:** वर्ल्ड इंटीरियर्स डे के मौके पर, क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भारत का नंबर 1 फैन ब्रांड ने अपना नया पंखा साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव लॉन्च किया है। ये पंखा सिर्फ हवा देने वाला नहीं बल्कि घर की सजावट में चार चांद लगाने वाला एक स्टाइलिश आइटम भी है। प्रकृति के बहाव से प्रेरित, साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव का हर हिस्सा बारीकी से तराशा गया है बिल्कुल परफेक्शन के साथ। तेज और असरदार हवा 230 सीएमएम की हवा और 320 आरपीएम की स्पीड के साथ मजबूत और टिकाऊ मोटर 50 फीसदी कम गर्म होती है।

**मेकमायट्रिप :** मेकमायट्रिप के डेटा से पता चलता है, कि लगभग 40प्रतिशत लोग कई बार और कई दिनों तक कोशिश करके टिकट बुक करते हैं। इनमें से करीब 70प्रतिशत लोगों को वेटिंग लिस्ट वाले टिकट लेना पड़ता है, क्योंकि उनका प्लान पक्का होने तक कन्फर्म सीटें खत्म हो जाती हैं। डिमांड पैटर्न में हर हफ्ते काफी बदलाव आता है, जिससे कन्फर्म बुकिंग की समय-सीमा बदलती रहती है। मेकमायट्रिप ने 'सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट' फीचर पेश किया है, जिससे यह पता चल सकता है कि किसी चुनिंदा ट्रेन की सीटें कब तक बिक सकती हैं। राजेश मैगो, सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ, मेकमायट्रिप का कहना है, हम भारतीय रेल यात्रियों की छोटी सी छोटी जरूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने पर फोकस कर रहे हैं।

**व्यापार विस्तार:** भारतीय मेडिकल टेक्नोलॉजी को नया आयाम देते हुए स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का निर्माता एसएस इनोवेशन्स आज न्यूयॉर्क सिटी में नास्दाक मार्केट साईट के साथ जुड़ गया है। कंपनी के शेयर्स को टिकर सिंबल 'एसएसआईआई' के तहत सूचीबद्ध किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने किया। उनके साथ कंपनी की मैनेजमेन्ट टीम, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य, मुख्य सलाहकार और विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, ''आज का यह आयोजन एसएस इंटरनेशनल में सभी के लिए गर्व का अवसर है, हम अप्रैल 2025 में नास्दाक पर सफल लिस्टिंग का जश्न मना रहे हैं।

## रेपो रेट में हो सकती है 0.25 प्रतिशत की कटौती

**नई दिल्ली।** ब्याज दरों की समीक्षा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) की बैठक बुधवार से शुरू हो गई है। अर्थशास्त्री और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि केंद्रीय बैंक रेपो रेट में 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा 6 जून को एमपीसी के फैसलों का ऐलान करेंगे। इससे पहले की दो एमपीसी बैठकों में केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो रेट में 50 आधार अंक की कटौती की जा चुकी है, जिसके कारण रेपो रेट घटकर 6 प्रतिशत पर आ गया है। अर्थव्यवस्था में ब्याज दर कटौती की सकारात्मक परिस्थितियों के कारण बाजार के जानकार मान रहे हैं कि इस बार केंद्रीय बैंक रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है, जिससे यह घटकर 5.75 प्रतिशत पर आ जाएगी, जो कि फिलहाल 6 प्रतिशत है।

**नोयोनतारा:** नोयोनतारा अनोखा अलौकिक थ्रिलर पर 23 साल की नोयोनतारा आत्माओं से बात कर सकती है। उसकी ज़िंदगी तब पूरी तरह बदल जाती है जब वह डॉ. सुरजो से शादी करती है, जिसे केवल विज्ञान और तर्क पर ही विश्वास है लेकिन वह अपने अतीत की पीड़ा में डूबा हुआ है। जब नोयोनतारा अपने ससुराल, भव्य और रहस्यमयी 'परी महल' में कदम रखती है, तो वह ऐसे जाल में फंस जाती है जहां बीते राज़ कभी दफन नहीं होते। हसिराम नाम का एक 'मस्तीखोर' भूत, जिसके साथ वह हवेली के लालच और भूले-बिसरे सच के इतिहास को सामने लाना शुरू करती है। लता और ललिता, वे दोनों ही खुद को उसकी सास बताती हैं। एक उसे अपने बेटे सुरजो को मौत से भी बदतर अंजाम से बचाने को कहती है, जबकि दूसरी नोयोनतारा के 'वरदान' का इस्तेमाल अपने बुरे इरादों के लिए करना चाहती है। कलर्स पर प्रीमियर 9 जून को रात 8.30 बजे होगा।

**पोवा कर्व 5जी:** टेक्नो लेटेस्ट स्मार्टफोन पोवा कर्व 5जी के पहली सेल की घोषणा कर दी। टेक्नो पोवा कर्व 5जी की पहली सेल 5 जून, दोपहर 12 बजे शुरू होगी। यह फ्लिपकार्ट और देश के सभी ऑफलाईन रिटेल स्टोर्स पर मिलेगा। इसका 6जीबी+128जीबी वैरिएंट केवल फ्लिपकार्ट पर 15,999 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि 8जीबी+128जीबी वैरिएंट ऑफलाईन स्टोर्स से 16,999 रुपये में खरीदा जा सकेगा। इसके अलावा, इसकी सेल के साथ आकर्षक ऑफर भी मिलेंगे। यूज़र्स केवल 57 रुपये प्रतिदिन की कीमत चुकाकर पोवा कर्व 5जी अपने पास रख सकते हैं।

## कच्चे तेल की कीमतें एक दिन में चार फीसदी बढ़कर 65 डॉलर पार

**नई दिल्ली।** उत्पादक समूह ओपेक और अन्य देशों द्वारा जुलाई में उत्पादन वृद्धि को पिछले दो महीनों के समान स्तर पर बनाए रखने के बाद कच्चे तेल की कीमतें चार फीसदी बढ़कर 65 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। भारत में कच्चे तेल की कीमत 5,202 प्रति बैरल है, जो 0.38प्रतिशत की गिरावट के साथ है। ब्रेंट क्रूड का हाजिर भाव 64.59 डॉलर प्रति बैरल है, जो पिछले कारोबारी दिन से 4.19प्रतिशत अधिक है और एक सप्ताह पहले की तुलना में 0.50प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मई में पेट्रोल की खपत 8.77 फीसदी बढ़कर 37 लाख टन हो गई। एक साल पहले 34.6 लाख टन थी। डीजल की बिक्री दो फीसदी बढ़कर 85.7 लाख टन हो गई। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में डीजल खपत 4 फीसदी बढ़कर 82.3 लाख टन रही थी। पिछले कुछ महीनों में डीजल की मांग घटी है।



**कैरिब:** कैरिबियन से कैरिब प्रीमियम स्ट्रॉन्ग बियर उत्तर प्रदेश में अपनी शुरूआत करने जा रही है।क्रिकेट का कैरिबियन से पुराना नाता रहा है और भारत में इस खेल के प्रति विशेष उत्साह एवं जुनून है।क्रिकेट से जुड़ी कैरिब प्रीमियम स्ट्रॉन्ग बियर को वाइब्रेन्ट द्वीप जैसे जोश के साथ उत्तर भारत के इस राज्य में उतारा गया है, तो अब लखनऊ, नोएडा, कानपुर, वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज के उपभोक्ता उष्णकटिबंधीय स्वाद का लुत्फ़ उठा सकेंगे। शेखर स्वरूप, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्लोबस स्पिरिट्स लिमिटेड ने कहा। रु 130 की कीमत पर उपलब्ध कैरिब प्रीमियम स्ट्रॉन्ग बियर भारत के व्यंजनों के साथ मज़ेदार अनुभव प्रदान करेगी।

**अनअकैडमी:** जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम आ चुका है, और इस बार अनअकैडमी ने सफलता की एक नई कहानी लिखी है। इस साल अनअकैडमी के 4129 से ज्यादा छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की है, जो यह साबित करता है कि सही गाइडेंस, मेहनत और तकनीक के साथ कोई भी लक्ष्य पाया जा सकता है। इस मौके पर अनअकैडमी के को-फाउंडर सुमित जैन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा हमारे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में हमारे छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। 18 छात्र टॉप 100, 787 छात्र टॉप 5000, और 2205 छात्र टॉप 15000 रैंक में आए हैं।

## घरेलू यात्रियों में वृद्धि से टूरिज्म सेक्टर 2035 तक 42 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** भारत के ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर का योगदान देश की अर्थव्यवस्था में 2035 तक बढ़कर 42 लाख करोड़ रुपए पहुंचने का अनुमान है। वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि देश को प्रतिस्पर्धी बने रहने और इस सेक्टर की विकास की गति को बनाए रखने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और डेस्टिनेशन मार्केटिंग में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों द्वारा देश में किया जाने वाला खर्च प्री-कोविड स्तर को पीछे छोड़ते हुए ऑल-टाइम हाई 3.1 लाख करोड़ रुपए रहा था। इस दौरान घरेलू यात्रियों ने करीब 15.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए थे, जो कि 2019 के मुकाबले 22 प्रतिशत अधिक है।

**ज़ूपी:** विरासत और आधुनिक सोच का मेल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे ज़ूपी ने नई दिशा दी। लूडो जैसे पारंपरिक खेल अब स्मार्टफोन पर भी उतने ही दिलचस्प हैं जितने कभी आंगन में थे। और सवाल भी वही पुराने हैं सबसे सही चाल क्या है? जोखिम कब लेना है? किस मोड़ पर रुकना बेहतर होगा? ज़ूपी का लूडो कोई सामान्य पासा फेंकने वाला गेम नहीं है। इसमें दिमाग, रणनीति और समय का सटीक उपयोग ज़रूरी है। नॉस्टेल्जिया के साथ इनोवेशन स्किल-बेस्ड गेमिंग का युग भारत की सांस्कृतिक विविधता में एक बात समान है। ज़ूपी की निष्पक्षता, खिलाड़ी की सुरक्षा और ज़िम्मेदारी से खेलना इसकी इसके सिद्धांतों के केंद्र में हैं।

**नवीन पहल:** कलर्स रिश्ते पर नागिन 6 ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस फैंटेसी में एक नया अध्याय शुरू हो गया है और जबरदस्त ट्विस्ट ने प्रतिशोध को पीछे छोड़ दिया है। निडर शेषनागिन एक साहसी नए अवतार में सामने आई है। वह विश्व को एक भयावह खतरे से बचाने के मिशन पर है। विपत्ति से जूझ रहे विश्व की पृष्ठभूमि में बना यह सीज़न प्यार, बलिदान, और अटूट दोस्ती की दिलचस्प कहानी लेकर आया है। इसमें टेलीविजन कलाकारों तेजस्वी प्रकाश, सिंबा नागपाल, सुधा चंद्रन और महक चहल ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। इसका निर्माण एकता कपूर ने किया है। नागिन 06 में अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई दिखाई गई है, जिसमें नागिन रानी विश्व की रक्षक बनकर सामने आती है।

# बकरीद में अमन और भाईचारा बरकरार रखने पर जोर

## खुराफाती तत्वों को शासन-प्रशासन की सख्त चेतावनी मुस्लिम धर्मगुरु भी दिला रहे इस्लाम के उसूलों की याद

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** इबादत की राह पर चलते हुए हर तरह की कुर्बानी देने के लिए तैयार रहने की सीख देने वाले पवित्र त्योहार ईद-उल-अजहा यानी बकरीद के मौके पर समाज में अमन और सांप्रदायिक भाईचारा बनाए रखने के लिए हर तरफसे तमाम कोशिशें की जा रही हैं। जहां एक ओर शासन और प्रशासन की ओर से खुराफाती तत्वों को अपनी हद में रहने की सख्त चेतावनी दी जा रही है वहीं दूसरी ओर मुस्लिम धर्मगुरुओं की ओर से भी औपचारिक तौर पर बयान जारी कर मुस्लिम समाज को शांति, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की नसीहतें दी जा रही है। खास तौर से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि त्योहार को इस प्रकार मनाया जाए जिससे दूसरे धर्म को मानने वालों की भावनाएं आहत ना हों और किसी को शिकायत करने का कोई मौका ना मिल सके। इसके लिए जहां एक ओर खुले में कुर्बानी करने के बजाय गैर-विवादित पारंपरिक जगहों पर सामूहिक रूप से कुर्बानी अदा करने की नसीहतें दी जा रही हैं वहीं यह भी कहा जा रहा है कि कुर्बानी के अवशेषों में खुले में ना फेंका जाए। इसके लिए सहूलियतें मुहैया कराते हुए नगर निगम ने स्लॉटर हाउस में कुर्बानी का फर्ज अदा करने की अपील की है और अवशेषों के निपटारे के लिए आस-पास के गली मोहल्ले में मौजूद कंटेनरों का उपयोग करने की बात कही है। साथ ही प्रशासन की ओर से यह अपील भी की गई है कि कुर्बानी का फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड ना किया जाए। प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए जामा मस्जिद की ओर से भी यह अपील की गई है कि ऐसा कोई काम न किया जाए जिससे किसी दूसरे धर्म या समुदाय की भावनाएं आहत हों। राजधानी दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के नायब शाही इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी ने इस्लाम को अमन का मजहब करार देते हुए मुस्लिम समाज से गुजारिश की है कि हमें अपने बर्ताव से यह दिखाना चाहिए कि हम दूसरों की भावनाओं की कद्र करते हैं। अपने औपचारिक संदेश में शाही इमाम ने त्योहार के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने और सड़क, गली, खुले मैदानों या सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी नहीं करने की अपील करते हुए कहा है कि जिस तरह भारत में होली और दिवाली जैसे त्योहार शांति और गरिमा के साथ मनाए जाते हैं उसी तरह बकरीद भी इज्जत और तहजीब से मनाई जानी चाहिए। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस की ओर से भी एडवायजरी जारी करते हुए जिम्मेदारी, संवेदना और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है। एडवायजरी में जिन 'डूज एंड डोंट्स' की नसीहत दी गई है उसके तहत इंटरनेट मीडिया पर कुर्बानी की फोटो, वीडियो या ऑडियो साझा नहीं करने, कुर्बानी वाले पशु को घर या निजी क्षेत्रों में सुरक्षित रखने, उसे सार्वजनिक स्थानों या मोहल्ले के पास नहीं बांधने, बच्चों को पशु संभालने या टहलाने-घुमाने की छूट नहीं देने, पशुओं को सड़क, पार्क या व्यस्त स्थानों पर नहीं ले जाने और किसी नए या विवादित क्षेत्र का उपयोग करने के बजाय स्वीकृत व पारंपरिक स्थानों पर ही सामूहिक कुर्बानी करने की नसीहत देते हुए इसका उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने की बात कही गई है।

# उप्र पर्यटन विभाग द्वारा कोटार नाथ मंदिर परिसर में कराया जायेगा कार्य

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत कोटार के अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्रसिद्ध कोटार नदी शिव मंदिर के परिसर में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 47.77 लाख रूपये से कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य कराया जायेगा। जिसके लिए कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर टीम के साथ पहुंचकर कार्य कराने लिए स्थल का चयन कर कार्य योजना बनाई है। जल्द ही कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा कोटार नाथ शिव मंदिर परिसर में दर्शनर्थियों के



लिए बेहतर व्यवस्था के लिए पर्यटन विभाग द्वारा कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक हरिशंकर गुप्ता व अवर अभियंता साधना वर्मा के साथ बुधवार को कोटार नाथ पहुंचकर होने वाले कार्यों के लिए स्थल का चयन कर कार्य योजना का रूप रेखा तैयार किया है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर परिसर में दर्शनर्थियों के लिए शौचालय, चबूतरा, रैन बसेरा के मरम्मत कार्य, ब्रैंच, इंटर लाकिंग, सोलर लाइट, सैनेज बोर्ड, बोर आदि का कार्य कराये जाने के लिए प्रस्तावित है। कार्य कराने के लिए कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड हरिशंकर गुप्ता ने बताया है की कोटार नाथ मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा 47.77 लाख रूपये की लागत से कार्य कराया जाना है जिसके लिए स्थल का चयन कर कार्य योजना बना ली गई है। जल्द ही कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इस दौरान ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह मौजूद रहे।

# गैंगस्टर के वांछित दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवो से पुलिस ने गैंगस्टर के मामले के दो वांछित आरोपितों को पुलिस ने मंगलवार की देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने मय हमराह कांस्टेबल के साथ गैंगस्टर के मामले में वांछित को प्राथमिक विद्यालय हलिया के पास से आरोपित हलिया कस्बा निवासी राणा उर्फ रजा मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार गैंगस्टर के वांछित आरोपित को वाहन चेकिंग के दौरान गड़बड़ा धाम गेट के पास से बंजारी कला गांव निवासी दयाराम कोल को गिरफ्तार कर दोनों



आरोपितो को जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपितो को गिरफ्तार कर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार जख्मी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जिले के कोन भरूहवां गांव मेंमंगलवार रात लगभग 11 बजेदो बाइकों में टक्कर हो गई।इस दुर्घटना में 35 वर्षीय पनफूल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। घायल को उसके मित्रों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करनेके बाद जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया। करमा थाना क्षेत्र के जोगीनी गांवनिवासी 35 वर्षीय पनफूल सिंह बाइक सेराजगढ़ बाजार से वापस अपनेघर जा रहा था। राजगढ़ घोरावल संपर्क मार्गपर कोन भरूहवा गांव के पास अचानक आए दूसरेबाइक से आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में सड़क पर गिरकर पनफूल सिंह घायल हो गए। पीछे से पहुंचे गांव के मित्रों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद हालत गंभीर देख उनको जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया गया।

## गंगा दशहरा को देखते हुए अभियान चला गंगा प्रहरी टीम ने की सफाई

**मिर्जापुर।** गंगा दशहरा को देखते हुए बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के नेतृत्व में गंगाघाटों पर गंगा प्रहरी टीम की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर के गैबीघाट सहित अन्य घाटों पर किनारे लगे कूड़ा करकट की साफ सफाई कराई गई।

## पेड़ से गिरकर बालक गंभीर रूप से घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी बालक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे परिजनों ने बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी शिव नारायण का 10 वर्षीय पुत्र प्रिन्स पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था की पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए।जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बालक की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

## पेड़ के नीचे बैठा युवक अचानक हुआ अचेत, गिरने से मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव में मंगलवार की शाम खेत में पेड़ के नीचे बैठे युवक की अचेत होकर गिरने से मौत हो गई थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी भोनू बैध का 35 वर्षीय पुत्र इंद्रमनी उर्फ मनी खेत में पेड़ के नीचे बैठा था। इसी बीच अचानक अचेत होकर गिर गया पास बैठे परिजन युवक को घर लेकर आये लेकिन होश में नहीं आने पर देर रात्रि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक रविराज ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया मृत युवक के पिता ने बताया की शाम को युवक खेत में पेड़ के नीचे बैठा था की अचानक बहोस होकर गिर गया। घंटो बाद जब युवक को होश नहीं आया तो निजी साधन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृत युवक को चार पुत्री तथा एक पुत्र है। डॉक्टर रविराज ने बताया की अचेत युवक की प्राथमिक स्वास्थ्य लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी। युवक के शव को परिजनों को सौप दिया गया। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे।

## सामूहिक विवाह में शादी के बाद बारात लेकर पहुंचा दूल्हा, ससुर ने लौटाया

**हलिया (मिर्जापुर)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी करने के बाद दूल्हे के परिजन बरात लेकर दुल्हन के घर पहुंचे। इस पर दुल्हन ने शादी से इन्कार कर दिया और उसके पिता ने बरात लौटा दी। इसकी वजह गहने, कपड़े और श्रृंगार का सामान न लाना बताई जा रही है। यह घटना हलिया थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव की है, जहां सोमवार रात बरात लेकर पहुंचे दूल्हे को बिना दुल्हन के घर वापस लौटना पड़ा। सोनगढ़ा गांव पप्पू कोल ने अपनी बेटी का विवाह मुखयमंत्री सामूहिक योजना के तहत भटवारी गांव में मार्च माह में हलिया के महादेव निवासी रघुनाथ के पुत्र श्याम उर्फसोनू से किया था। जहां मुखयमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बाद फिर से शादी की रस्म पूरी करने के लिए दोबारा सोमवार को विवाह की तिथि निर्धारित की गई। शादी के बाद दूल्हे के परिजन दुल्हन के घर बरात लेकर पहुंचे, लेकिन दुल्हन ने शादी से इन्कार कर दिया।

## लूट और छिनैती में मारपीट का मुकदमा दर्ज न होने पर प्रधान संघ अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी प्रधान संघ अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि लडकी को लेने जाते समय रास्ते में मेरी गाडी स्कार्पियो को रोक कर कुछ लुट छिनैती करने वाले गैंग के लोगों द्वारा जास्ती किया गया मना करने पर मारपीट किया जिसकी शिकायत सम्बंधित चौकी व कोतवाली में किया परन्तु वहाँ कोई सुनवाई नहीं की गयी बल्कि उल्टा मुझे ही फसाने की साजिश की जा रही थी जिससे आहत हो कर घर पहुचने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने दिए गए शिकायत पत्र में कहा है कि हमारी 11 वर्षीय विटिया जौनपुर स्पोर्ट एकाडमी मोहम्द हसन में खेलती है 29 मई को वहाँ से घर ला रहा था कि जौनपुर पाल्टिकनिक के आगे कुछ लोग लूट व छिनैती की नियत से स्कार्पियो गाडी रोक कर जानलेवा हमला करने लगे जिसका बीच बचाव करते हुए मैं चौकी पर पहुच कर शरीर में लगे घाव को दिखाते हुए मुकदमा दर्ज करने कि तहरीर दी। लेकिन चौकी इंचार्ज ने हमारी एक न सुनी संबंधित कोतवाली में भी नहीं सुना गया बल्कि उल्टा मुझे ही फसाने के चक्कर में पडने लगे यह देख मैं दूरभाष से मिर्जापुर जिलाधिकारी तहित अन्य अधिकारी को घटना की जानकारी देते हुए किसी तरह से वहाँ से घर आ गया पीडित ने शिकायत में करते हुए सम्बंधित चौकी इंचार्ज, कोतवाल पर गैंग से मिली भगत होने का आरोप लगाते हुए जांचोपरांत कठोर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### उत्तर रेलवे

#### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–उ0रे0/वाणिज्य–मण्डल |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 12:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14307-SLR-F2-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20402-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20401-SLR-F2-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 24204-SLR-F2-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-R1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 13:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 13:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20402-SLR-F1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 13:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 13:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 14:00 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1653/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
(4–ए. गोखले मार्ग, लखनऊ–226001)

#### सार्वजनिक सूचना

विद्युत अधिनियम–2003 की धारा 64 के अन्तर्गत, उ०प्र० सरकार के उपक्रम मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि० द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 का टू–अप, वित्तीय वर्ष 2024–25 का ए०पी०आर० एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 का सकल राजस्व आवश्यकता की याचिका दिनांक 29.11.2024 को माननीय उ०प्र० विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। मा० आयोग ने अपने आदेश दिनांक 09.05.2025 द्वारा उक्त याचिका स्वीकार कर ली गयी थी। तत्पश्चात लाईसेन्सी द्वारा मा० आयोग से पुनरीक्षित डाटा प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय प्रदान करने का अनुरोध किया गया तथा पुनरीक्षित विवरण दिनांक 19.05.2025 प्रस्तुत किया गया। मा० आयोग ने आदेश दिनांक 02.06.2025 द्वारा ट्रू–अप, ए०पी०आर० एवं ए०आर०आर० के पुनरीक्षित डाटा प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। मा० आयोग के उक्त आदेश के अनुपालन में याचिका के मुख्य अंश उपभोक्ताओं, स्टेकहोल्डर्स एवं आम जनता की जानकारी के लिए निम्नवत् सूचित किये जाते हैं:–

| क्र० सं० | विवरण | टू–अप वित्तीय वर्ष 2023–24 (रू० करोड़) | ए०पी०आर० वित्तीय वर्ष 2024–25 (रू० करोड़) | ए०आर०आर० वित्तीय वर्ष 2025–26 (रू० करोड़) |
|---|---|---|---|---|
| I. | ऊर्जा क्रय (वितरण निगम की परिधि पर) (मि०यू०) | 28313.14 | 31730.07 | 33575.34 |
| II. | ऊर्जा विक्रय (मि०यू०) | 24077.50 | 27417.96 | 29012.45 |
| III. | वास्तविक/प्रस्तावित वितरण लाईन हानियाँ (%) | **14.96%** | **13.59%** | **13.59%** |
| A. | प्राप्तियाँ | | | |
| a | वर्तमान दर पर टैरिफ व विविध शुल्क से आय | 14,580.48 | 13,965.09 | 16,999.46 |
| | कुल प्रतियाँ | **14,580.48** | **13,965.09** | **16,999.46** |
| B | व्यय (रू० करोड़) | | | |
| a | ऊर्जा क्रय मूल्य | **15,521.51** | **16,311.61** | **18,737.13** |
| b | ट्रांसमिशन चार्जेज | **739.27** | **738.04** | **780.96** |
| c | परिचालन एवं अनुरक्षण कॉस्ट | | | |
| i | अनुरक्षण कॉस्ट | 440.18 | 471.98 | 866.81 |
| ii | एंप्लॉय कॉस्ट | 1,183.82 | 1,241.31 | 691.86 |
| iii | प्रशासनिक एवं सामान्य कॉस्ट | 366.83 | 393.34 | 812.75 |
| | कुल व्यय ऊर्जा (i+ii+iii) | **1,990.83** | **2,106.63** | **2,371.43** |
| d | स्मार्ट मीटरिंग ओपेक्स कॉस्ट | 46.34 | 63.59 | 521.64 |
| e | मूल्यह्रास | 477.38 | 565.24 | 679.53 |
| f | ऋण पर ब्याज | 381.27 | 462.47 | 583.00 |
| g | उपभोक्ताओं प्रतिभूति पर ब्याज | 30.58 | 55.25 | 59.94 |
| h | वित्त/बैंक शुल्क | 13.04 | 13.04 | 13.04 |
| i | कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 184.23 | 190.65 | 198.08 |
| j | बैड एवं डाउटफुल डेब्ट्स | 291.61 | 279.30 | 339.99 |
| k | रिटर्न ऑन इक्यूटी | 555.25 | 619.42 | 730.45 |
| | कुल व्यय | **20,231.31** | **21,405.24** | **25,015.19** |
| C | कटौतियाँ | | | |
| a | अन्य आय | 446.64 | 460.35 | 474.49 |
| | कुल कटौतियाँ | **446.64** | **460.35** | **474.49** |
| D | वार्षिक राजस्व आवश्यकता | **19,784.67** | **20,944.89** | **24,540.70** |
| E | राजस्व (अन्तर)/अतिरिक्त | **(5,204.19)** | **(6,979.80)** | **(7,541.24)** |
| F | प्राप्त/घोषित सब्सिडी | 4,023.07 | 4,353.32 | 3,528.22 |
| G | कुल राजस्व (घाटा/अधिकता) | **(1,181.12)** | **(2,626.48)** | **(4,013.01)** |
| H | विद्युत खरीद लागत (एक्स–बस) (रू०/यूनिट) | | 5.12 | 5.28 |
| I | औसत बिजली खरीद दर (BST) (रू०/यूनिट) | | 5.24 | 5.52 |
| J | डीबीएसटी दर (रू०/यूनिट) | | 5.14 | 5.58 |
| K | औसत विक्रय दर (सब्सिडी को छोड़कर) (रू०/यूनिट) | | 4.44 | 4.82 |
| L | औसत आपूर्ति लागत (रू०/यूनिट) | | 7.19 | 7.66 |
| M | हीलिंग शुल्क (रू०/यूनिट) | | | 1.03 |

(क्रॉस सब्सिडी अधिभार वित्तीय वर्ष 2025–26)

| क्र0सं0 | उपभोक्ता श्रेणी | (रू0 प्रति यूनिट) |
|---|---|---|
| 1 | एच०वी०–1 (आपूर्ति 11 के०वी० पर) | 1.66 |
| 2 | एच०वी०–1 (आपूर्ति 11 के0वी0 से ऊपर) | 1.66 |
| 3 | एच०वी०–2 (आपूर्ति 11 के0वी0 तक) | 0.91 |
| 4 | एच०वी०–2 (आपूर्ति 11 के0वी0 से ऊपर एवं 66 के०वी० तक) | 1.04 |
| 5 | एच०वी०–2 (आपूर्ति 66 के0वी0 एवं 132 के0वी0 से ऊपर) | 0.54 |
| 6 | एच०वी०–3 (रेलवे ट्रेक्शन) | 1.66 |
| 7 | एच०वी०–3 (मेट्रो ट्रेक्शन) | 1.58 |
| 8 | एच०वी०–4 (आपूर्ति 11 के०वी० पर) | 1.66 |
| 9 | एच०वी०–4 (आपूर्ति 11 के0वी0 से ऊपर एवं 66 के0वी0 तक) | 1.66 |
| 10 | एच०वी०–4 (आपूर्ति 66 के0वी0 से ऊपर एवं 132 के0वी0 तक) | 1.66 |

टू–अप, ए०पी०आर० एवं ए०आर०आर० याचिका, पुनरीक्षित डाटा एवं आयोग द्वारा प्रेषित डिफिसियेन्सी नोट के उत्तर, निगम की वेबसाईट (www.mvvnl.in) पर उपलब्ध हैं। समस्त स्टेक होल्डर, आम जनता तथा सभी उपभोक्ता समय–समय पर लाइसेन्सी द्वारा प्रेषित अभिलेखों की अद्यतन जानकारी निगम की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। सभी सम्बन्धित उपभोक्ता, संस्था, अनुज्ञप्तिधारक और सरकार के विभाग अपने प्रतिवेदन नोटराइज्ड शपथपत्र के साथ छह प्रतियों में जिसमें चार प्रति सचिव, उ०प्र० विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, विभूती खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ को तथा दो प्रतियों प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम 4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ–226001 को इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों में प्रेषित कर सकते हैं।

**प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०**

पत्रांक: 471, दिनांक: 04.06.2025, राष्ट्रहित में बिजली बचायें

### कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राजगढ़, मीरजापुर।

#### सामग्री आपूर्ति हेतु- अल्पकालीन ई निविदा की सूचना

विधायक निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में क्षेत्र पंचायत के द्वारा निम्नलिखित परियोजना पर सामग्री आपूर्ति करने हेतु वाणिज्य कर कार्यालय में जी0एस0टी0 पंजीकृत फों से अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है फर्मे एक या एक से अधिक कार्यो पर सामग्री आपूर्ति के लिए निविदा डाल सकती है।

1- कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राजगढ़ में दिनांक 17-06-2025 तक दोपहर 12 बजे तक लिफाफा बन्द निविदायें डाली जायेंगी। (2) दिनांक-17-06-2025 को अपरान्ह / पुर्वाहन 2 बजे अधोहस्ताक्षरी/निविदा हेतु गठित समिति के द्वारा कार्य फर्मे (जो उपस्थित रहना चाहते हो) के समक्ष निविदाये खोली जायेगी। (3) जिस फर्म की दर सबसे कम होगी उसी को आपूर्ति करने हेतु स्वीकृत प्रदान की जायेगी। (4) निविदा दरों में सभी करो को सम्मिलित करके ही निविदा दर भरी जाय। (5) टेण्डर फार्म के साथ सामग्री अंश का 02 प्रतिशत अर्नेष्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0 आदि के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा एवं निविदा स्वीकृत होन के उपरान्त 8 प्रतिशत घरोहर धनराशि के रूप एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्यहोगा। (6) निविदा फार्म की फीस रू0 1000 मात्र कार्यालय कार्य दिवस में जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। (7) अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय में किसी मी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। (8) अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त की जा सकती है। (9) सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। (10) परियोजनाओ पर आपूर्ति लिये जाने वाली सामग्री का विस्तृत विवरण निविदा फार्म के साथ उपलब्ध कराया जायेगा। (11) कतिपय कारणों से कार्य प्रारम्भ न होने पर सामग्री की आपूर्ति लिया जाना सम्भव न होगा, तदनुसार टेण्डर निरस्त माना जायेगा। (12) जो भी फर्मे टेण्डर डालेगे उनका विकास खण्ड के किसी अधिकारी एवं कर्मचारी से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध न हो।

| क्र. स. | कार्य का नाम | प्राक्कलित ला0/ अनु0ला0 (लाख में) | सामाग्री अंश की प्राकलित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम नदिहार में श्री राजकुमार धोबी के घर से श्री मोहन सोहन के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0 व ह्यूम पाईप नाली निर्माण कार्य। | 8.99 | 7.54 |
| 2 | ग्राम पंचायत मटिहानी में अटारी माईनर से श्री संतोष पटेल के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0 एवं माइनर में पुल निर्माण कार्य। | 11.08 | 9.38 |
| 3 | जमुहार में श्री धीरज सिंह के फार्म हाउस से श्री मंगला प्रसाद साहनी के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0 निर्माण कार्य। | 10.22 | 8.37 |
| 4 | लूसा करौदा रोड से श्री रामकेश मौर्य के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0 निर्माण कार्य। | 3.55 | 3.25 |
| | योग- | 33.84 | 28.54 |

**अवर अभियन्ता (RED)**
**राजगढ़, मीरजापुर।**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**राजगढ़, मीरजापुर।**

पत्रांक 319/अल्पकालीन निविदा/विधायक निधि/2025-26 / दिनांक 30.05.2025

### कार्यालय नगर पंचायत रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात

पत्र संख्या– 641/एन0पी0आर0/निविदा सूचना प्रकाशन/2025–2026 दिनांक–03.06.2025

#### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है वित्तीय वर्ष 2025–2026 में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 1.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय क्षेत्रान्तर्गत जनहित में विभिन्न कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांक 04.06.2025 प्रातः 11.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 11.06.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक निविदाये ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www-etender.up.nic.in पर आमंत्रित करती है जो उसी दिन कार्यालय नगर पंचायत रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात में उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष शायं 03.00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ का निर्धारित शुल्क कार्यालय नगर पंचायत रसूलाबाद के निकाय निधि के खाता संख्या 740902010006202 IFSC Code UBIN0574091 यूनियन बैंक आफ इण्डिया में जमा कराकर जमा रसीद संलग्नको सहित अपलोड करना अनिवार्य है, 10 प्रतिशत अर्नेष्टमनी नगद जमाकर रसीद अपलोड करना अनिवार्य है किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त / स्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी को होगा।

नोटः ई निविदा प्रक्रिया में यदि कोई ऐसा ठेकेदार भाग लेता है जो निकाय में पंजीकृत नही है, तो निविदा खुलने के पश्चात यदि उसकी निविदा न्यूनतम दर की है तो निविदादाता को मु. 50000.00 (पचास हजार मात्र) की नगद जमानत धनराशि व ठेकेदार पंजीयन फीस मु0 5000.00 (पाँच हजार मात्र) तत्काल जमा कर रसीद प्राप्त करनी होगी तथा पंजीकरण के उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

**(कुल कमल सिंह)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रसूलाबाद
कानपुर देहात

**(देवशरण सिंह)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत रसूलाबाद
कानपुर देहात

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# मदद : रूस के मुकाबले ताकतवर हो रहा यूक्रेन

**लंदन।** रूस से बीते ढाई सालों से जंग लड़ रहे यूक्रेन की ताकत में अब इजाफा होता दिख रहा है। बीते सप्ताह ही यूक्रेन ने रूस की सीमा में 5000 किलोमीटर अंदर तक घुसकर मार की थी। यूक्रेन ने ड्रोन को अप्रैल 2026



### ब्रिटेन देगा 1 लाख ड्रोन
### जर्मनी मिसाइलों के लिए देगा पांच अरब पाउंड

तक 1 लाख ड्रोन देने का ऐलान किया है। रूस से जंग के बीच यूक्रेन को इतनी बड़ी मदद करके ब्रिटेन ने साफ कर दिया है कि उसका रुख क्या है। ब्रिटेन का कहना है कि ड्रोन्स ने जंग का रुख ही बदल दिया है और इनके जरिए यूक्रेन को बड़ी मदद मिल सकती है। इसलिए हमने ड्रोन्स की सप्लाई में 10 गुना तक इजाफा करने का फैसला लिया है।

ब्रिटेन की इस मदद से पहले जर्मनी ऐलान कर चुका है कि वह बड़ी संख्या में यूक्रेन को लॉन्ग रेंज की मिसाइलें देगा। ब्रिटेन उन पश्चिमी देशों में शामिल है, जिसने यूक्रेन को खुलकर मदद की है। अब तक की जंग में तोप, बंदूकों और गोलाबारी की जंग में यूक्रेन को पराजय ही मिली है, लेकिन ड्रोन वारफेयर की मदद से उसने रूस को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। ऐसे में ब्रिटेन की मदद ने साफ कर दिया है कि वह यूक्रेन को खुलकर मदद देना जारी रखेगा। ऐतिहासिक रूप से ब्रिटेन का रुख रूस के विपरीत ही रहा है। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि हम 4.5 अरब पाउंड की सैन्य सहायता यूक्रेन को देने वाले हैं। इसी के तहत हमने यह पैकेज जारी किया है और इसमें मुख्य मदद ड्रोन्स को लेकर होगी। ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हेली इसका ऐलान करेंगे। ब्रिटेन का कहना है कि इस साल के अंत तक ही हजारों ड्रोन्स की सप्लाई यूक्रेन को हो जाएगी। इसके बाद अप्रैल तक एक लाख ड्रोन्स का टारगेट रखा गया है। ड्रोन्स के अलावा बड़े पैमाने पर गोला-बारूद भी देने की तैयारी है। वहीं जर्मनी का कहना है कि वह यूक्रेन को 5 अरब पाउंड की मदद करेगा ताकि वह लॉन्ग रेंज की मिसाइलें बना सके। जर्मनी ने साफ कहा कि रूस के मुकाबले में यूक्रेन को लॉन्ग रेंज मिसाइलों की जरूरत है और हम उसके लिए फंडिंग करेंगे। जर्मनी की ओर से दी जाने वाली मदद को साफ तौर पर सैन्य मदद कहा गया है। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने पहले ही इस बारे में यूक्रेन से वादा किया था। जर्मनी के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हमारी यह मदद एक युद्ध ग्रस्त देश के लिए है, जिसे बड़े पैमाने पर हथियारों की जरूरत है। इस मदद से उसे उत्पादन बढ़ाने में सफलता मिलेगी।

## ट्रंप ने फिर की बातचीत की अपील

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव में शांति की दिशा में कुछ प्रगति हुई है। यह जानकारी व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के नेताओं से सीधे बातचीत की अपील की थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच बातचीत हुई और कुछ समझौते भी हुए। लेविट ने कहा कि रूस ने यूक्रेन को शांति प्रस्ताव सौंपा और दोनों देशों ने एक-दूसरे के सैनिकों और कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई। हालांकि, अभी युद्ध रोकने या सीजफायर पर कोई ठोस समझौता नहीं हुआ है।

# सीरिया से इजरायल पर दागे गए रॉकेट

**तेल अवीव।** अब सीरिया की तरफ से इजरायल पर रॉकेट दागे गए हैं। सीरिया में बशर अल असद सरकार के पतन के बाद पहली बार हुआ, जब सीरिया से इस्राइली सीमा में हमला किया गया। इजरायल ने भी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। साथ ही इजरायल ने धमकी दी है कि सीरिया से होने वाले किसी भी हमले के लिए अब सीरियाई राष्ट्रपति को ही जिम्मेदार माना जाएगा। हालांकि सीरियाई सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि वे शांति के पक्ष में हैं। सीरिया के पश्चिमी इलाके में स्थित दारा प्रांत की तरफ से इजरायल के गोलन हाइट्स वाले इलाके में रॉकेट हमला किया गया था। ये रॉकेट खुले मैदान में गिरे और इनसे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। सीरियाई मीडिया के अनुसार, रॉकेट हमले के जवाब में इजरायल ने भी दारा में बमबारी की। इस दौरान दारा में धमाके की आवाजें सुनी गईं। मोहम्मद दइफ ब्रिगेड्स नामक संगठन ने रॉकेट हमले की जिम्मेदारी ली है। यह संगठन हमास के सैन्य कमांडर रहे मोहम्मद दइफ के नाम पर बना है। मोहम्मद दइफ को इजरायली सेना ने बीते साल एक हवाई हमले में ढेर कर दिया था। यह संगठन कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर दिखाई दिया था और इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था।

# भारत से बातचीत चाहता है पाकिस्तान : बिलावल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने कहा है कि पाकिस्तान और भारत की खुफिया एजेंसियों

### रॉ-आईएसआई के बीच तालमेल की मांग

के बीच सहयोग से दक्षिण एशिया में आतंकवाद में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। पीपीपी अध्यक्ष भारत के साथ पाकिस्तान के हालिया संघर्ष के बाद समर्थन प्राप्त करने के लिए वैश्विक कूटनीतिक प्रयास के तहत अमेरिका यात्रा पर एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार उन्होंने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि अगर आईएसआई और रॉ इन ताकतों से लड़ने के लिए एक साथ बैठकर काम करने के लिए तैयार हो, तो हम भारत और पाकिस्तान दोनों में आतंकवाद में उल्लेखनीय कमी देखेंगे।' उन्होंने चेतावनी दी कि



हाल में हुए युद्धविराम के बाद परमाणु शस्त्र संपन्न पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष का जोखिम कम नहीं हुआ है, बल्कि बढ़ गया है। बिलावल ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हस्तक्षेप से - और मैं विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के नेतृत्व वाली उनकी टीम द्वारा निभाई गई भूमिका का उल्लेख करना चाहूंगा - हम भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम हासिल करने में सफल रहे। यह एक स्वागत योग्य पहला कदम है, लेकिन यह केवल पहला कदम है।'

# अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर बांग्लादेश का वार्ता का प्रस्ताव

**ढाका।** इन दिनों दर्जनों आंतरिक मसलों से जूझ रहे बांग्लादेश ने कहा है कि वह अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर जल्द ही भारत से बातचीत करने की उम्मीद कर रहा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने यह भी कहा है कि इस दिशा में वह नई दिल्ली को एक राजनयिक नोट भेजने की योजना बना रहा है। यूनुस सरकार ने कहा है कि बांग्लादेश घुसपैठियों के मुद्दे को लेकर चिंतित है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन तेज कर दिया है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा है कि सरकार एक-दो दिनों में भारत को एक नया राजनयिक नोट भेजेगी।

# एडीबी से पाक को 800 मिलियन डॉलर का कर्ज मंजूर

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर में आतंकवाद फैलाने के लिए कुख्यात पाकिस्तान अब पैसों के लिए दर-दर भटक रहे हैं। आईएमएफ से

### भारत ने जताया कड़ा विरोध

पिछले दिनों कर्ज लेने के बाद अब पाकिस्तान को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से बड़ी रकम मिल गई है। एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है। भारत ने इस कदम का कड़ा विरोध भी जताया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। एडीबी ने भी एक बयान में पाकिस्तान को वित्तीय सहायता दिए जाने की पुष्टि की है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

## एक नज़र

### अमेरिका में आपात गर्भपात की अनुमति वापस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था, जिनमें महिलाओं को चिकित्सकीय आपात स्थिति से बचाने के लिए यह आवश्यक होता है। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि वह अब उस नीति को लागू नहीं करेगा। कुछ चिकित्सकों और गर्भपात अधिकार समर्थकों ने इस घोषणा के बाद चिंता व्यक्त की कि महिलाएं उन राज्यों में आपात स्थिति में गर्भपात नहीं करा सकेंगी जहां यह प्रतिबंध सख्ती के साथ लागू होगा। 'सेंटर फॉर रिप्रोडक्टिव राइट्स' की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नैन्सी नॉर्थअप ने एक बयान में कहा, 'ट्रंप प्रशासन चाहता है कि महिलाएं जीवनरक्षक गर्भपात कराने के बजाय आपातकालीन कक्षों में मर जाएं।'

### वियतनाम में भी तेजी से बूढ़ी हो रही आबादी

**हनोई।** चीन, जापान, रूस और दक्षिण कोरिया के कई देश इस समय एक साझा समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या है तेजी से बूढ़ी होती आबादी और देश में कम होता जन्म दर। इस सूची में वियतनाम का नाम भी शामिल हो गया है। वियतनाम में जन्म दर लगातार कम होने के बाद अब यहां के दंपतियों को 2 से ज्यादा बच्चे पैदा करने की छूट दे दी गई है। वियतनामी नेशनल असेंबली ने जनसंख्या अध्यादेश में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसमें तहत परिवारों को एक या दो बच्चों तक सीमित करने वाले नियम को हटा दिया गया। इस महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव का उद्देश्य देश की जनसंख्या संरचना को संतुलित करना और विकास को बढ़ावा देना है। वियतनाम समाचार एजेंसी ने एक रिपोर्ट में बताया कि संशोधित कानून दंपतियों को अपने परिवार के आकार और बच्चों के बीच के अंतर को तय करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। यह बदलाव वियतनाम की जनसंख्या प्रबंधन नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। वियतनाम की स्वास्थ्य मंत्री डॉ. दाओ होंग लान ने कहा है कि यह बदलाव जन्म दर में बढ़ती विषमताओं को दूर करने और जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए किया गया है। नीति परिवर्तन का उद्देश्य रिप्लेसमेंट रेट को बनाए रखना और देश भर में जन्म दर में आ रही गिरावट को दूर करना है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार वियतनाम की कुल प्रजनन दर 2024 में प्रति महिला 1.91 बच्चों के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गई, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से काफी नीचे है।

### किंग चार्ल्स का गुस्सा या राजा की सनक!

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स हाल ही में अपने सेवकों पर नाराज हो गए। वजह आपको हैरत में डाल देगी। दरअसल 76 किंग चार्ल्स इस बात पर भड़क गए कि उनके शिकार के लिए तीतरों की कमी हो गई है। द सन की एक रिपोर्ट के मुताबिक शाही परिवार के नॉरफ़ॉक एस्टेट में शिकार के लिए पक्षियों की संख्या कम होती जा रही है और ब्रिटिश किंग इससे खुश नहीं हैं। इससे नाराज होकर किंग चार्ल्स ने सैंड्रिंघम में लंबे समय से काम कर रहे गेमकीपर को नौकरी से निकाल दिया गया है। सैंड्रिंघम इंग्लैंड के नॉरफ़ॉक में स्थित एक शाही प्रॉपर्टी है। यह ब्रिटिश शाही परिवार के निजी आवासों में से एक है। यह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से भी जुड़ा हुआ है और शाही परिवार पारंपरिक रूप से क्रिसमस और नया साल यहीं मनाता है। शिकार को भले ही आज के दौर में एक विवादास्पद खेल माना जाता है लेकिन सैंड्रिंघम में शाही परिवार अक्सर इसका आनंद लेता है। खास तौर ब्रिटेन के रईस इस खास इसे एक पारंपरिक खेल की तरह देखते हैं। ब्रिटेन के इस इलाके में तीतर की कई प्रजातियां आज विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं और यहां तीतरों को सिर्फ शिकार के उद्देश्य से ही पाला जाता है। हर साल ब्रिटिश शाही परिवार सैंड्रिंघम में पारंपरिक बॉक्सिंग डे शूटिंग में भाग लेता है। हालांकि तीतरों की कमी की वजह से किंग चार्ल्स ने इस साल शूटिंग पार्टी को रद्द करने की धमकी दी है। कथित तौर पर एस्टेट के गेमकीपर को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि किंग को यह बात बिल्कुल पसंद नहीं आई थी कि वह तीतर की व्यवस्था नहीं कर पा रहे।

# जासूसी के आरोप में पंजाब का यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को 1.1 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले यूट्यूबर जसबीर सिंह को पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी उस व्यापक जांच का हिस्सा है जिसमें पहले हरियाणा की प्रभावशाली महिला ज्योति मल्होत्रा को भी इसी तरह के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का कहना है कि जसबीर से जुड़े एक जासूसी नेटवर्क का पता चला है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। उन्होंने बताया कि सिंह मल्होत्रा के भी निकट संपर्क में था, जिसे पहले हरियाणा पुलिस ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था। डीजीपी ने बताया कि उसका दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के उस अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से भी संपर्क था, जिसे भारत ने निष्कासित कर दिया गया था। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि दानिश के निमंत्रण पर जसबीर दिल्ली में 'पाकिस्तान राष्ट्रीय दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुआ था, जहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और व्लॉगर्स से हुई थी।

# परमाणु समझौता : अमेरिकी प्रस्ताव पर बरसे खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को परमाणु समझौते पर अमेरिका के प्रस्ताव की आलोचना की और कहा

### यूरेनियम संवर्धन क्षमता बनाए रखने पर दिया जोर

कि यह ईरान के विचार के पूरी तरह से खिलाफ है। खामेनेई ने हालांकि अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते की संभावना से इनकार भी नहीं किया। खामेनेई ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान को यूरेनियम संवर्धन की क्षमता बनाए रखने पर फोकस करना चाहिए। खामेनेई ने कहा कि अगर हमारे पास 100 परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं और हमारे पास संवर्धन की क्षमता नहीं है, तो वे सारे परमाणु ऊर्जा संयंत्र हमारे लिए बेकार हैं। अगर हमारे पास संवर्धन नहीं है, तो हमें अमेरिका के सामने हाथ फैलाना होगा। गौरतलब है कि कई परमाणु शक्ति संपन्न देश अभी भी बाहरी देशों से संवर्धित यूरेनियम लेते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बात हो रही है और अभी तक दोनों देशों के बीच पांच दौर की बातचीत हो चुकी है। अमेरिका द्वारा ईरान को क्या प्रस्ताव दिया गया है, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है। ईरान के साथ परमाणु समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं में से एक है। समझौते के तहत अमेरिका, ईरान को कठोर आर्थिक प्रतिबंधों से राहत दे सकता है, जिसके बदले में ईरान को अपने यूरेनियम संवर्धन को समाप्त करना होगा। हालांकि समझौता न होने और दूसरी तरफ इजरायल-हमास युद्ध के चलते पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। वहीं प्रतिबंधों से दबाव में चल रही ईरान की अर्थव्यवस्था में और गिरावट आ सकती है और इसके चलते घरेलू स्तर पर चुनौतियां बढ़ सकती हैं।



# ईरान में अगवा तीन भारतीय छूटे

**तेहरान।** ईरान पुलिस ने भारतीय मूल के तीन लापता नागरिकों को ढूंढ निकाला है। मेहर न्यूज एजेंसी ने बताया कि तीनों भारतीय नागरिक पंजाब प्रांत के रहने वाले हैं, जिनके अपहरण की सूचना तेहरान पुलिस को एक मई को दी गई थी। तीनों भारतीय नागरिक ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए ईरान में रुके। इन भारतीय नागरिकों को एक स्थानीय ट्रैवल कंपनी ने कंगारू लैंड में आकर्षक नौकरियों का वादा करके अपने जाल में फंसाया था। तीनों लोगों को दक्षिण तेहरान के वरामिन में बंधक बनाया हुआ था। बंधक बनाने वालों के खिलाफ पुलिस अभियान चलाकर पीड़ितों को मुक्त कराया गया।

# सरकार से हटते ही बदले एलन मस्क के तेवर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मशहूर कारोबारी एलन मस्क के बीच अब पहले जैसी दोस्ती नहीं रही। कभी ट्रंप के करीबी



### ट्रंप के फैसले को बताया 'घिनौना और शर्मनाक'

माने जाने वाले मस्क अब उनकी नीतियों की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। मस्क ने एक प्रमुख टैक्स और खर्च बिल को लेकर ट्रंप पर निशाना साधा है। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने इस बिल को 'घिनौना और शर्मनाक' करार दिया, जबकि यह बिल ट्रंप का समर्थन प्राप्त है। मस्क की यह टिप्पणी तब आई जब ट्रंप ने सीनेट में रिपब्लिकन नेताओं से इस बिल को पास करने की अपील की, जिसे उन्होंने 'शानदार' बताया। यह बिल पहले ही प्रतिनिधि सभा से पास हो चुका है। मंगलवार (3 जून, 2025) को मस्क ने एक्स पर लिखा, माफी मांगता हूं, लेकिन यह अब बर्दाश्त नहीं होता। यह बिल अपमानजनक है। इसके समर्थन में वोट देने वालों को शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए। आप जानते हैं कि आपने गलत किया और यह बात आप अच्छी तरह समझते हैं। सरकार से अलग होने के बाद यह ट्रंप के साथ उनकी पहली सार्वजनिक असहमति है। इससे पहले मस्क ने एक योजना को निराशाजनक बताया था। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने मस्क की आलोचना को राजनीति से प्रेरित और आधारहीन बताया।

# 'आईएसआई चीफ के पद से हटाया तो पत्नी बुशरा के खिलाफ हो गए थे मुनीर'

**लाहौर।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर

### पूर्व पाक प्रधानमंत्री इमरान खान का दावा

पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि आईएसआई महानिदेशक पद से हटाए जाने के बाद फील्ड मार्शल ने उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सख्त रुख अपनाया था। इमरान खान ने कहा कि जब वह प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने जनरल असीम मुनीर को आईएसआई महानिदेशक पद से हटा दिया था। इसके बाद उन्होंने मामले पर चर्चा करने के लिए बिचौलियों के माध्यम से उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन बुशरा बीबी ने मिलने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद से ही जनरल मुनीर ने बुशरा बीबी के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई शुरू कर दी। खान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बुशरा बीबी को 14 महीने तक जेल में रखने और जेल में उनके साथ निंदनीय अमानवीय व्यवहार के पीछे जनरल असीम मुनीर का प्रतिशोधी स्वभाव है। मुनीर पर हमला करते हुए खान ने कहा कि मेरी पत्नी को जिस तरह से निजी प्रतिशोध के लिए निशाना बनाया गया, वह अभूतपूर्व है। पाकिस्तान के तानाशाही के सबसे काले दौर में भी ऐसा कभी नहीं हुआ। इमरान खान ने कहा कि बुशरा बीबी को झूठे मामलों में फंसाया गया है, जबकि उनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। वह एक गृहिणी हैं। खान ने कहा कि मुझे पिछले चार हफ्तों में पत्नी से मिलने की भी अनुमति नहीं दी गई है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान ने कहा, जेल नियमों के अनुसार, मुझे 1 जून को उनसे मिलना था, लेकिन अदालत के आदेशों का पूरी तरह उल्लंघन करते हुए उस मुलाकात से भी इनकार कर दिया गया।

# टीवी शो में नए मजेदार ट्विस्ट!

हंस-हंस कर लोट-पोट होने और इमोशन्स से भरपूर सफर पर जाने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' लेकर आ रहे हैं नए मजेदार ट्विस्ट! जहां एक ओर हप्पू के बॉलीवुड स्टार बनने के सपने सब कुछ उल्टा-पुल्टा कर देंगे, वहीं दूसरी ओर तिवारी जी और अंगूरी भाबी का सिर्फ डांस पर टिका एक अनोखा रिवाज़ आपको खूब हंसाएगा। आने वाले एपिसोड्स में मिलेगा कॉमेडी, ड्रामा और कन्फ्यूजन का ऐसा जबरदस्त तड़का, कि आप पल भर के लिए भी टीवी से नजरें नहीं हटा पायेंगे। हप्पू की उलटन पलटन: एक दिन अचानक हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) को राजेश (गीतांजलि मिश्रा) की अलमारी में एक फिल्म एक्टर की फोटो मिलती है। यह देखकर हप्पू हैरान रह जाता है और थोड़ा दुखी भी होता है। जब वो राजेश से इस बारे में पूछता है, तो वह आराम से कह देती है कि वह उनका पसंदीदा हीरो है। ये सुनकर हप्पू को लगता है कि उसे कोई अहमियत नहीं देता। हप्पू अकेले बैठकर सोचने लगता है, लेकिन दुख की बात ये है कि घर के बाकी लोग भी उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते।

भाबीजी घर पर हैं: मॉडर्न कॉलोनी में एक बार फिर धमाल मचा हुआ है! अंगूरी भाबी (शुभांगी अत्रे) एक खूबसूरत और महंगी साड़ी खरीदती है और बहुत खुश है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर टिक नहीं पाती और घर पर डांस करते हुए साड़ी फट जाती है, जिससे अंगूरी उदास हो जाती हैं। इधर, अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) के कमरे में बेड का एक हिस्सा टूट जाता है, लेकिन विभूति (आसिफ शेख) तुरंत ही उसे ठीक कर देता है। उनकी यह छुपी हुई 'हैंडीमैन' वाली कला देखकर अनीता काफी इम्प्रेस हो जाती हैं।

# नमिक पॉल ने सेट पर बनाया वर्कआउट ज़ोन

लोकप्रिय शो 'कुमकुम भाग्य' अपनी दिलचस्प कहानी, रोमांचक मोड़ और परिपक्व होते किरदारों के चलते दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही के एक्शन से भरपूर दृश्यों में नमिक पॉल द्वारा निभाया गया शिवांश का किरदार अपनी पत्नी प्रार्थना (प्रणाली राठौड़) को बचाने के लिए हर संभव कोशिश करता है, यहाँ तक कि गुंडों से भिड़ता भी है। उनके ऑनस्क्रीन प्रदर्शन से दर्शक बेहद प्रभावित हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि नमिक ऑफस्क्रीन भी अपनी फिटनेस को लेकर कितनी मेहनत और अनुशासन बनाए रखते हैं। लंबे काम के घंटे और शूटिंग की मांगों के बावजूद, नमिक ने 'कुमकुम भाग्य' के सेट पर ही फिटनेस को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बना लिया है। अपने काम के प्रति समर्पण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता के चलते, वे दो दृश्यों के बीच एक्टिव रहने के लिए स्ट्रेचिंग से लेकर बॉडीवेट वर्कआउट्स तक के क्रिएटिव तरीके अपनाते हैं। वे अपने खानपान में संतुलन बनाए रखते हैं, ज़्यादातर घर का बना खाना खाते हैं और शरीर को नियमित रूप से हाइड्रेट करते हैं, जिससे उन्हें ऊर्जा और फोकस बनाए रखने में मदद मिलती है।




## बाजार दर्पण










